प्रयागराज, शनिवार, 10 दिसम्बर, 2022
पौष मास, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 231, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित
नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर- गुजरात चुनाव के केन्द्र में नरेन्द्र मोदी

अंदर- बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए कुलदीप यादव भारतीय टीम में शामिल



# समान नागरिक संहिता बिल राज्यसभा में पेश

## 23 के मुकाबले 63 मतों से निजी विधेयक पेश करने की इजाजत

**भारी हंगामा**

**पिछले कई महीनों से लगातार देश में समान नागरिक संहिता की उठ रही मांग**

**एमडीएमके के वाइको सहित विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान विरुद्ध बताया**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को समान नागरिक संहिता के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य द्वारा लाये गये निजी विधेयक को विपक्ष के भारी विरोध के बीच पेश किया गया। उच्च सदन ने 23 के मुकाबले 63 मतों से निजी विधेयक को पेश करने की अनुमति दी।

शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद उच्च सदन में गैर सरकारी कामकाज शुरू होने पर सबसे पहले भाजपा के किरोड़ीमल मीणा ने भारत में एक समान नागरिक संहिता विधेयक, 2020 पेश किया। एमडीएमके के वाइको सहित विभिन्न विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान विरूद्ध करार देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से इसे सदन में पेश करने की अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया। सभापति ने मीणा को इस विधेयक के बारे में बोलने का अवसर दिया। किंतु भाजपा सदस्य ने कहा कि जब इस विधेयक को सदन में चर्चा के लिए लिया जाएगा, तब वह अपनी बात रखेंगे। इसके बाद सभापति ने विपक्षी सदस्यों को एक-एक कर अपनी बात रखने का मौका दिया। वाइको, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, आईयूएमएल के अब्दुल वहाब, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के इलामरम करीम, वी शिवदासन, डॉ जान ब्रिटास, ए ए रहीम, विकास रंजन भट्टाचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संतोष कुमार पी, द्रमुक के तिरुचि शिवा, कांग्रेस के एल हनुमंथैया, जे बी हीशम एवं इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल के जवाहर सरकार, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने इस विधेयक का विरोध किया।

विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान के विरूद्ध बताते हुए कहा कि इससे देश की विविधता की संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इससे देश के सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचने की आशंका है। उन्होंने भाजपा सदस्य मीणा से यह विधेयक वापस लेने का अनुरोध किया। कुछ विपक्षी सदस्यों का कहना था कि इस प्रकार के कानून को देश की न्यायपालिका द्वारा खारिज कर दिया जाएगा।

सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर सहित संविधान निमार्ताओं ने समान नागरिक संहिता के विषय को नीति निर्देशक सिद्धान्तों में रखा था। उन्होंने कहा कि सदन के हर सदस्य को संविधान से जुड़े विषय पर विधेयक लाने का अधिकार है और उसके इस अधिकार पर प्रश्न नहीं खड़ा किया जा सकता। बाद में इस विधेयक पर विपक्षी सदस्यों की मांग पर मत विभाजन करवाया गया। मत विभाजन में सदन ने 23 के मुकाबले 63 मतों से इस विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान कर दी। मीणा द्वारा पेश निजी विधेयक में संपूर्ण भारत के लिए एकसमान नागरिक संहिता तैयार करने और इसके क्रियान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय निरीक्षण और जांच समिति गठित करने का प्रावधान है।

### दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**मथुरा।** मथुरा में दुष्कर्म के बाद नाबालिग लड़की की हत्या करने वाले युवक को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। इस जघन्य मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट विपिन कुमार की अदालत ने आरोप पत्र दाखिल होने के 26 दिन के अंदर आरोपी युवक को दोषी मानते हुए शुक्रवार को फैसला सुनाया। दोषी पर 45 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु ने बताया कि मृतका की मां ने थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक 13 अक्तूबर 2022 की शाम जैंत निवासी युवक सतीश उनकी 10 वर्षीय बेटी को घुमाने के बहाने ले गया। उसने दुष्कर्म के बाद बेटी की हत्या कर शव को पीएमबी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास जंगल में फेंक दिया, जिसे पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था।




### बेहतरीन मंच होगा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस के शानदार माहौल से प्रभावित ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान औद्योगिक दल ने उत्तर प्रदेश में विविध सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की, साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में सहभागिता के लिए उत्साह भी जताया। उत्तर प्रदेश आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत सुखद है कि आज जबकि उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल जर्मनी में औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है, वहीं ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में एक औद्योगिक निवेशकों का समूह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने प्रदेश की राजधानी में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके।

# हर त्योहार में दंगे नहीं होते, सकारात्मक सोचें

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

**धार्मिक जुलूसों पर सख्ती वाली याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तीस्ता सीतलवाड़ की अगुवाई वाले एनजीओ द्वारा दायर उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें धार्मिक जुलूसों, तलवारबाजी और आग्नेयास्त्रों को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश बनाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया कि देशभर में किसी न किसी त्योहार पर अलग-अलग धर्मों की होने वाली शोभायात्रा के दौरान कई घटनाएं घटित होती हैं जिनपर रोक लगाए जाने की जरूरत है। याचिकाकर्ता की ओर से सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा कि जुलूस के लिए इन अनुमतियों से संबंधित दिशा-निर्देश हैं। उनपर कोई लागू नहीं होती। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह अपनी अर्जी वापस लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करना चाहते हैं। लेकिन चीफ जस्टिस ने इससे इनकार कर दिया और कहा कि नहीं हम इस याचिका को यहीं खारिज करेंगे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि हम हमेशा यह क्यों दिखाना चाहते हैं कि हर धार्मिक उत्सव में दंगे होते हैं। सकारात्मक देखने की कोशिश करें। देखिए, महाराष्ट्र में 'गणेश पूजा' के दौरान लाखों लोग इकट्ठा होते हैं, लेकिन कोई दंगा नहीं होता है। मुख्य न्यायाधीन ने कहा कि देश में विविधता है जहां हर तरह के धर्म के लोग अपने-अपने तरह से त्योहार मनाते हैं। एक भाग की परिस्थितियां भारत के अन्य भागों से भिन्न हैं। आप चाहते हैं कि हम एक एसओपी लेकर आएं।

# भ्रष्टाचार के आरोप में फंसी मालीवाल

**आरोप**

**कोर्ट ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष पर दिए आरोप तय करने के आदेश**



डीसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल के साथ कोर्ट ने डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन सदस्य प्रोमिला गुप्ता, सारिका चौधरी और फरहीन मलिक पर भी मुकदमा चलाने का आदेश दिया है।

**नई दिल्ली।** दिल्ली एक विशेष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और 3 अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय करने का आदेश दिया। आयोग में विभिन्न पदों पर आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकताओं को कथित रूप से नियुक्त करने में अनिमितता पाए जाने पर यह कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

अदालत ने पाया कि सभी चार आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मजबूत सबूत हैं और तथ्यों से प्रथम दृष्टया आईपीसी आर/डब्ल्यू धारा की धारा 120बी के तहत सभी चार आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री का खुलासा होता है। ढडउ अधिनियम के 13(1)(डी)/13(2), साथ ही धारा 13(2) 1/6 धारा के तहत मूल अपराध के लिए। पीओसी अधिनियम के 13(1)(2)। विशेष न्यायाधीश डीजी विनय सिंह ने कहा, तदनुसार आरोप तय किए जाएं।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, साजिश के सभी चार आरोपी एक साथ अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करने में शामिल थे और उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और स्वाति मालीवाल के परिचितों के साथ-साथ सत्तारूढ़ पार्टी यानी अअढ के लिए आर्थिक लाभ प्राप्त किया। आरोप लगाया गया है कि ऐसे कार्यकताओं और परिचितों को डीसीडब्ल्यू के विभिन्न पदों पर बिना तय प्रक्रिया का पालन किए नियुक्त किया गया। इसके बजाय, नियुक्तियां प्रक्रियाओं, नियमों, विनियमों के उल्लंघन में, यहां तक कि पदों के लिए विज्ञापन के बिना, सामान्य वित्त नियमों (जीएफआर) और अन्य दिशानिदेर्शों के उल्लंघन में की गईं और ऐसे विभिन्न व्यक्तियों को पारिश्रमिक /वेतन /मानदेय के रूप में धन वितरित किया गया।

आदेश पारित करते हुए अदालत ने कहा कि ऊ्रछह द्वारा विभिन्न तिथियों पर आयोजित बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन, जिसमें सभी चार अभियुक्त हस्ताक्षरकर्ता थे, प्रथम दृष्टया एक मजबूत संदेह की ओर इशारा करने के लिए पर्याप्त था कि विचाराधीन नियुक्तियों द्वारा की गई थी।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी शिवम को मृत्युदंड

## तीन लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद

जनसंदेश न्यूज



**कठोर सजा**

**दो वर्ष पूर्व सात वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का मामला**

**सोनभद्र।** दो वर्ष पूर्व सात वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शिवम को मृत्युदंड एवं 3 लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। कोर्ट ने दिए आदेश में जघन्यतम अपराध मानते हुए कहा है कि दोष सिद्ध शिवम को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाय, जब तक कि उसकी मृत्यु न हो जाए। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 3 लाख 25 हजार रुपये मृतका के पिता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक बीजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 7 नवंबर 2020 को बीजपुर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी सात वर्षीय नाबालिग लड़की शाम 4 बजे से घर के पास से गायब है। उसकी अपने स्तर से हर सम्भावित जगहों पर तलाश की गई किंतु उसका कहीं पता नहीं चला।

बीजपुर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी शिवम पुत्र लालमनी के साथ खेलते हुए देखा गया था। तहरीर पर पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ किया और उसकी निशानदेही पर लड़की के शव को नाले के पास से बरामद कर लिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया और रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या व पॉक्सो एक्ट के धारा की बढ़ोतरी हुई। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में शिवम के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शिवम को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### सोनभद्र में सुनाई गई चौथी फांसी की सजा

**सोनभद्र।** जघन्यतम अपराध के मामले में सोनभद्र जिले में यह चौथी फांसी की सजा सुनाई गई है। सबसे पहले एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट अवनीश कुमार द्विवेदी की अदालत ने जिले में फांसी की सजा सुनाई थी। उसके बाद एडीजे द्वितीय राहुल मिश्र की अदालत द्वारा दूसरी फांसी की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद लगातार दो फांसी की सजा क्रमशः एडीजे पॉक्सो कोर्ट पंकज श्रीवास्तव व चौथी सजा एडीजे पाक्सो कोर्ट निहारिका चौहान की अदालत से सुनाई गई है। कोर्ट में आए मृतका के माता-पिता ने कहा कि उनकी बेटी को अब न्याय मिला है। उन्होंने कोर्ट का धन्यवाद किया है।

# हिमाचल में सरकार बनाने का दावा पेश

## विधायक दल की बैठक से पहले प्रतिभा समर्थकों का हंगामा

**नारेबाजी**

**समर्थकों को काबू करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा**

**सुखविंदर सिंह सुक्खू के समर्थकों ने किया शक्ति प्रदर्शन**



**मंडी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने शुक्रवार दोपहर बाद चुनाव पर्यवेक्षकों भूपेश बघेल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राजीव शुक्ला के सामने खूब हंगामा किया। राजभवन जाने के लिए जैसे ही पार्टी हाईकमान की ओर से भेजे गए नेता चौड़ा मैदान स्थित होटल से बाहर निकले तो प्रतिभा समर्थकों ने उनकी गाड़ी के आगे खड़े होकर मुख्यमंत्री बनाने की मांग करते हुए नारे लगाए।

समर्थकों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, वीरभद्र सिंह का नाम रहेगा और हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो, प्रतिभा सिंह जैसा हो के नारे लगाए। समर्थकों को काबू करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। कुछ समय के लिए चौड़ा मैदान में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। वहीं, दूसरी तरफ शिमला के होटल हिमलैंड में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन किया। सूत्रों के अनुसार होटल में सुक्खू गुट के तीन विधायकों ने गुप्त बैठक की।

हिमाचल प्रदेश में नई सरकार का गठन करने के लिए कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे राजभवन पहुंचकर दावा पेश किया। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर चुनाव पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने सरकार बनाने का दावा पेश करते हुए पत्र सौंपा। विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने पर कांग्रेस हाईकमान की ओर से प्रदेश में मुख्यमंत्री का चयन करने और सरकार गठन के लिए इन तीनों नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# भाजपा ने दिल्ली के मेयर की रेस से खुद को किया बाहर

**'आप' की टेंशन खत्म**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता बोले-हम विपक्ष की मजबूत भूमिका निभायेंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की 250 सीटों में 104 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर आई भाजपा ने अपने आप को महापौर की दौड़ से बाहर कर लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि जनता ने उन्हें मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का जो दायित्व दिया है उसे पूरा करेगी। भाजपा को निगम चुनाव में करीब 40 प्रतिशत मत देने के लिए दिल्ली वासियों का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने वादा किया है कि निगम में भी वह दिल्ली की जनता से जुड़े सवालों और समस्याओं को मजबूती से उठाएगी। इन्हें पूरा करने की भी पूरी कोशिश करेगी। शांतिपूर्वक मतदान के लिए आदेश गुप्ता ने दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग का आभार प्रकट किया है।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और आदेश गुप्ता ने कहा कि 2017 के निगम चुनावों में भाजपा को 36.08 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि 2022 के निगम चुनाव में यह बढ़कर 39.09 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के चलते आम आदमी पार्टी (आप) का चेहरा बेनकाब हुआ इसकी वजह से दिल्ली सरकार के उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों की विधानसभा में जनता ने आप के उम्मीदवारों को नकार दिया। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव की तुलना करें तो आप को करीब 10 प्रतिशत कम वोट शेयर मिला है।

# बदमाश इस चौराहे पर अपराध करेगा अगले चौराहे पर हो जाएगा ढेर: योगी

**प्रबुद्धजन सम्मेलन**

**कानपुर सहित 18 शहर बन रहे हैं सेफ सिटी**



**कानपुर।** वीएसएसडी कॉलेज ग्राउंड में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 388 करोड़ रुपए की 272 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कानपुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार कानपुर समेत प्रदेश के विकास की प्रतिबद्धता के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी उत्तर भारत के मैनचेस्टर के रूप में विख्यात था। अपने उद्योगों के बदौलत अलग पहचान रखता था, जो देशभर के नौजवानों के लिए रोजगार मुहैया कराता था। लेकिन 70-80 के दशक में कुछ लोगों की बदौलत देश के पांच बड़े महानगरों में गिना जाने वाला कानपुर अराजकता और अव्यवस्था का शिकार हो गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम कानपुर का छवि बदलने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। नमामि गंगे, मेट्रो रेल, डिफेंस कॉरीडोर, स्मार्ट सिटी आदि से कानपुर को बदला जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के जरिए स्मार्ट मिशन में कोविड-19 की बेहतर व्यवस्था की गई। वही कूड़ा प्रबंधन और शहर को सुरक्षित रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। कानपुर सहित प्रदेश में बेहतर सुरक्षा और कानून व्यवस्था स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि आईसीसीसी के तहत कानपुर सहित 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका परिवर्तन व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। अब कोई भी समाज विरोध तत्व अपराध करने की हिम्मत नहीं कर रही है। यदि किसी ने किसी चौराहे पर शरारत की, तो अगले चौराहे पर भागने से पहले ही पुलिस उसको ढेर कर चुकी होगी। क्योंकि उसकी तस्वीरें चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी होगी। यही नहीं, आम जनमानस की सुविधाओं को देखते हुए शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। निवेशकों के परिश्रम और पुरुषार्थ से शहर स्मार्ट हो रहे हैं। समारोह में सबसे पहले सीएम ने मंच पर छात्र अभिनव और आर्य को सम्मानित किया। इसके बाद प्रबुद्ध वर्ग से डॉक्टर, उद्यमी, शिक्षक समेत 51 लोगों को सम्मानित किया। समारोह में कानपुर मेयर प्रमिला पांडेय ने कहा कि प्रदेश में पहले भी कई सीएम आए हैं,लेकिन जो भय रहित माहौल प्रदेश में है। वो सिर्फ योगी जी की वजह से है। वहीं, सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में कानपुर सहित पूरा प्रदेश बदल रहा है।

# 'मुस्लिम लड़कियों के लिए भी शादी की उम्र 18 हो'

**याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए शादी की एक समान उम्र की मांग वाली राष्ट्रीय महिला आयोग की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी कि कम उम्र के मुस्लिम लड़कियों की शादी को वैध ठहराया जाता है, जिससे पाक्सो एक्ट का उल्लघंन होता है। बता दें कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने धर्म के आधार पर हाई कोर्ट द्वारा मुस्लिम लड़कियों की कम उम्र में शादी को वैध ठहराए जाने के आदेश को चुनौती दी थी। इस याचिका पर पीठ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। पीठ ने इस मामले में केंद्र को 4 सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

# गुजरात के चुनाव नतीजे निराशाजनक

**दावा**

**पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा-कठोर निर्णय लेने का वक्त**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव में अपनी हार के बाद शुक्रवार को कहा कि उसका प्रदर्शन अत्यंत निराशाजनक रहा है और स्थानीय नेतृत्व को लेकर अब कठोर निर्णय लेने का समय है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि गुजरात में कांग्रेस का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के साथ ही उसके गठबंधन के अनौपचारिक घटक दलों एआईएमआईएम और आम आदमी पार्टी के साथ था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि गुजरात के चुनाव नतीजे अत्यंत निराशाजनक हैं। हम इसकी उम्मीद नहीं कर रहे थे। गुजरात में कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला नहीं था। वहां एक तरफ भाजपा और एआईएमआईएम एवं आप का गठबंधन था, तो दूसरी तरफ कांग्रेस थी। रमेश ने दावा किया कि केंद्र और राज्य सरकार की संस्थाएं भाजपा की मदद करने में लगी हुई थीं । हमने शिकायत की, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। जी 2 ाानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह लगे हुए थे। आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। उन्होंने कहा, हमारा वोट प्रतिशत 27 है। यह 40 प्रतिशत से घटकर हुआ है। 27 प्रतिशत वोट कम नहीं होता और यह एक चुनाव में 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। रमेश ने कहा कि हम कोई बहाना नहीं बना रहे। यह आत्मचिंतन का समय है, एकजुट होने का समय है। नया नेतृत्व लाने का समय है। गुजरात में मुद्दे हैं।

उनका यह भी कहना था कि अब स्थानीय नेतृत्व को लेकर कठोर निर्णय लेने का वक्त है। उन्होंने कहा कि प्रचार अभियान प्रदेश नेतृत्व ने चलाया था। भाजपा को गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा में 52.5 प्रतिशत मत के साथ 156 सीट मिली है। मुख्य विपक्षी कांग्रेस 27 प्रतिशत मतों के साथ 17 सीट पर सिमट गई, तो आप को करीब 13 प्रतिशत मतों के साथ पांच सीट हासिल हुई। रमेश ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर कहा कि जनता ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और अब सरकार को पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने समेत विभिन्न वादों को पूरा करना है। उन्होंने यह दावा भी किया, ह्यह्यएक तरह से देखा जाए तो हिमाचल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार नाकाम रहा। गुजरात को छोड़कर अन्य सभी जगह भाजपा के खिलाफ नतीजे आए हैं।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत हुई बैठक



मऊआइमा विकास खंडन परिसर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते अधिकारी

**मऊआइमा।** जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री के निर्देश में प्रत्येक ग्राम पंचायतों को सहभागी सत्यापन कराकर उत्कृष्ट पंचायतों का दर्जा दिलाने हेतु एक बैठक विकास खंड परिसर में हुई।

शुक्रवार को विकास खंड मऊआइमा में ओडीएफ प्लस मॉडल के तहत जिले से आए बलवीर यादव, अबुल हसन नकवी की टीम की मौजूदगी में ब्लाक कर्मचारी, ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायक की बैठक की गई। जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत ओडीएफ प्लस की शुरूआत को लेकर जनता के आधार पर स्वच्छता के लिए कचरा गड्ढा का प्रबंधन कराए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया और ग्रामीणों को सफाई ऐतु जागरूक किया जाए। ताकि कचरों को ग्रामीण एक स्थान पर फेंकें। तथा ऐसे गड्ढों का निर्माण हो वह सोखता हो तथा खाद के काम भी आए। यही नहीं गोबर गैस प्लांट भी लगाएं। सर्वेक्षण का प्रथम स्व मूल्यांकन ग्रामीण जनता द्वारा 31 दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाए। इसकी सूचना (ईग्राम) स्वराज पोर्टल पर सचिव और पंचायत सहायक के के द्वारा फीड किया जाएगा।

इसी प्रकार द्वितीय स्व मूल्यांकन अप्रैल माह में किया जाएगा। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी एसएन चतुर्वेदी, एडीओ पंचायत विजय बहादुर यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रशेखर, अभिषेक दिक्षित ,रमेश कुमार, संजीव कुमार, कृष्ण मोहन आदि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शांतिभंग में छः अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को छः नफर अभियुक्तों जिसमें बच्चू लाल पुत्र प्यारे लाल, लल्लन पुत्र वंशीलाल, रामसूरत पुत्र मेवा लाल, राजकुमार पुत्र भगेलू, कुलदीप भारतीया पुत्र नन्हे, ऋषभ पुत्र दीपचंद्र निवासीगण कोड़सर थाना थरवई पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज को शांतिभंग करने पर अंतर्गत धारा 151 / 107 / 116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोहराब अहमद व अमित कुमार थाना थरवई पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## बस को ओवरटेक करते समय हाइवा की चपेट में आया बाइक सवार, गंभीर

**बारा।** चित्रकूट से प्रयागराज की तरफ आ रहा बाइक सवार हाइवा की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह हादसा यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ। घायल को एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली हाइवा को कस्टडी में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक यमुनापार के कौंधियारा थाना क्षेत्र के आंबा के रहने वाले नागेंद्र ओझा (30) पुत्र गंगा प्रसाद ओझा किसी कार्य से चित्रकूट की तरफ गए थे। वापसी में वह बाइक से लौट रहे थे।जैसे ही वह शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के गाढ़ा कटरा के समीप पहुंचे, एक बस को ओवरटेक करने लगे, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा ने नागेंद्र ओझा को टक्कर मार दी, इस हादसे में नागेंद्र ओझा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल को एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया। घायल नागेंद्र ओझा का पैर फ्रैक्चर हुआ है। हादसे की जानकारी पर नागेंद्र के घरवाले भी मौके पर पहुंच गए थे।

# योगीराज में धान क्रय केंद्रों पर धांधली व खाद की हो रही कालाबाजारी : केके मिश्र

**धांधली**

**किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा आज होगी किसान पंचायत**

**बारा।** किसानों द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर दस दिसंबर को किसान पंचायत का आयोजन अतरसुइया, बारा सोसायटी पर किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के मंडल महासचिव केके मिश्र ने कहा, धान क्रय केंद्रों की धांधली चरम पर है। बुवाई के सीजन में खाद की कालाबाजारी की जा रही है। नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है। उक्त सभी समस्याओं को लेकर दस दिसंबर को किसान पंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे जनपद से किसान भाग लेंगे और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

केके मिश्र ने कहा, अतरसुइया क्रय केंद्र और अन्य क्रय केंद्रों पर किसानों से कमीशन लिया जा रहा है और सुविधाशुल्क नहीं देने वाले किसानों को दौड़ाया जा रहा है। क्रय केंद्रों पर महज 200 कुंतल भी धान नहीं तौल हो रही है और क्रय केंद्रों पर बिचौलियों के माध्यम से 600 कुंतल खरीद की फीडिंग करवाई जारही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्राइवेट केंद्रों को बंद किया था, लेकिन बिचौलियों के साथ सांठगांठ कर क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा किसानों को परेशान कर औने-पौने दाम पर व्यापारियों के हाथ धान बेचने को मजबूर किया जा रहा है। केके मिश्र ने कहा, क्रय केंद्र जारी संघ और बारा को जारी और बारा में न खोलकर बिचौलियों के साथ साजिश के तहत क्रमशः चामू और भेलांव में खोला गया है, ताकि खरीद में मनमानी की जा सके। डीएपी खाद की कालाबाजारी सोसायटी द्वारा की गई। यहां तक कि अतरसुइया सोसायटी पर किसानों से मनमानी पैसे लिए गए।किसान नेता ने कहा कि किसानो के शोषण और अत्याचार करने वाले अधिकारियों एवं बिचौलियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। जसरा मार्केटिंग शाखा क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा पिछले वर्ष भी अभद्र व्यवहार किसानों के साथ किया गया था, और इस वर्ष भी एक किसान को? मारा गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

जिले में किसानों के साथ अक्सर क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा अभद्रता की घटना की जाती है। किसानों का शोषण किया जाता है और जो विरोध करते हैं उन पर सरकारी कर्मचारी होने का मुकदमा लिखाते हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मामलों को कल होने वाली किसान पंचायत में उठाया जाएगा। केके मिश्र ने जनपदभर के किसानों से पंचायत में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## संक्षेप

### पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मु अ सं 283 / 2022 धारा 323 / 504 / 506 / 452 / 354 ख भारतीय दंड संहिता व 7 / 8 पास्को एक्ट से संबंधित अभियुक्त रोहित भारतीया उर्फ ननखट्टे पुत्र गुलाब चंद्र भारतीया निवासी टिकरी इस्माइलगंज थाना थरवई पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश व अमित कुमार थाना थरवई पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में कला प्रदर्शनी का आयोजन



**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी द्वारा कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्या भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री राम मनोहर एवं सचान क्लासेस के डायरेक्टर दीपंकर सचान ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया ककला के माध्यम से छात्रों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को आगे लाना इस प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य है, इस प्रदर्शनी में विद्यालय की छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया क नंदनी निषाद, पायल सिंह, उत्कर्ष उपाध्याय, अनमोल प्रजापति, स्वाति, शिवानी ,प्राची, अंशिका, रश्मि, आराध्या, दीपांशु, आयुष, श्रुति प्रज्ञा, सिमरन, अनन्या, प्रिया, प्रखर एवं ऋषि ने चंद्र शेखर आजाद, लता मंगेशकर, भगत सिंह, अब्दुल कलाम, अपने पसंदीदा हीरो, खिलाड़ी, भारत के सपूतों, सरस्वती माता का चित्र, प्राकृतिक दृश्य को स्केच, आयल पेंटिंग, पेंसिल कलर, वाटर पेंटिंग के रूप में उतारा। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, श्रीमती वंदना सिन्हा, संजय कुमार मिश्रा अमित कुमार नायक, विभूति नारायण सिंह, बनवारी लाल चौरसिया, रामकरण सिंह, राधेश्याम तिवारी सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे।

### कांग्रेस की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**करछना।** हिमाचल कांग्रेस की प्रचण्ड जीत व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पर्व अध्यक्ष माननीया सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज अरुण तिवारी जी के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण कर एक दुसरे का मुंह मिठा करवाया अपनी नेता संघर्ष की मिसाल सोनिया गांधी के लम्बी उम्र की ईश्वर से कामना किया कांग्रेस कार्यकताओं ने हिमाचल प्रदेश में सही समय पर सही फैसला लेने पर वहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भूरि भूरि पऱसंसा किया जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की जीत जनता की जीत है भाजपा की तिकड़ी को पूरी दुनिया जान चुकी है इनके झूठ का पदार्फाश होगा हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की प्रचण्ड जीत व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष माननीया सोनिया गांधी जी को जन्म दिवस की बधाई देने वालों में सर्व अरुण तिवारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष यमुनापार रंग राज सिंह उपाध्याय जिला कांग्रेस डा दिनेश कुमार सोनी महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार विवेक पाण्डेय उपाध्यक्ष संगठन पऱभारी पक श चन्द पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष पऩय रंजन भट्टाचार्य एडो रविराज सिंह एंडो कौशलेंद्र गौण रशीद हैदर विनय कृष्ण पांडेय एडो आशीष कुमार मिश्र एंडो सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी नागेश पांडेय जी अमर नाथ यादव राज कुमार पटेल दरोगा जी रोशन लाल पटेल रोशन लाल ओझा विद्याधर मिश्र एडो रमेश तिवारी एडवोकेट शामिल रहे।

### उज्जवल एवं मॉडल ग्राम बनाए जाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बहरिया।** विकासखंड बहरिया के सभागार में दिन शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस 2 के अंतर्गत उदीयमान उज्जवल एवं मॉडल ग्राम बनाए जाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के साथ सभी ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायक को इसके विषय में खंड प्रेरक द्वारा एक प्रशिक्षण दिया गया जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान एवं सचिव तथा पंचायत सहायक अपने अपने गांवों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत साफ सुथरा बनाए। जिसमें ग्राम सभा में जगह-जगह कूड़े के ढेर को एक प्रक्रिया के तहत निस्तारण कराने की व्यवस्था का प्रबंध एवं शौचालय का शोक पीठ की साफ सफाई एवं तरल अपशिष्ट का प्रबंध अच्छे ढंग से करें। जिससे गांव में गंदगी न फैलने पाए। इन्हीं सब कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। या प्रशिक्षण 3 दिनों तक अनवरत चलता रहेगा। इस प्रशिक्षण में डीसी बलवीर यादव, डीसी अबुल हसन नकवी, सचिव सौरभ सिंह, सुशील तिवारी, अरुण त्रिपाठी, खंड प्रेरक मिथुन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।


दीपक कुमार भारतीया का प्रत्याशी घोषित करते हुए

# जन अधिकार पार्टी ने निकाय चुनाव में घोषित किया प्रत्याशी

**खीरी।** आगामी होने वाले नगर निकायों की आरक्षण सूची जारी होने के बाद राजनीतिक दलों ने सभा शुरू कर दी है। जिसमें गुरुवार को नगर निकाय चुनाव को लेकर करछना विधानसभा के चाका वार्ड नंबर 17 से नगर पंचायत में जन अधिकार पार्टी के मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक आहुत की गई। जिसमें पार्टी द्वारा नामित किए गए प्रत्याशी दीपक कुमार भारतीया को चुनाव में प्रत्याशी घोषित करने की रणनीतियों पर चर्चा किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा ने कहा कि अभी से ही समस्त कार्यकताओं को एकजुट होकर अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा ।जिससे हम सब का जनाधार बढ़ सके। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सुभाष कुमार मौर्य जिला उपाध्यक्ष, सुधाकर सिंह, डॉक्टर विशाल, राजेश भारतीय, रामनारायण, दिलीप भारतीया, पहलवान, गज्जू भारतीया, कल्लू, शैलू भारतीया, गुंजन, सुनीता देवी, राजरानी, रामादेवी ,सोना देवी, राजकुमारी, सोन कली, कुशुम, बिटोला, शिव कुमार भारतीया आदि लोग मौजूद रहे। बैठक के उपरांत कार्यकताओं ने जन अधिकार पार्टी जिंदाबाद, माननीय बाबू सिंह कुशवाहा जिंदाबाद, जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के नारे लगाकर नगर वासियों को एक संदेश दिया।

## अवैध खनन में मांडा पुलिस ने किया पांच ट्रैक्टरों को सीज

**माण्डा।** सैण्ड स्टोन बोल्डर के साथ पांच ट्रैक्टरों को टाली सहित सीज किया है।यह कार्रवाई अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त यमुनापार व मेजा उपजिलाधिकारी विनोद पांडेय के द्वारा की गई।जिसमें मांडा थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने अपने चालाकी से पुलिस टीम के साथ खनिज प्रवर्तन दल प्रयागराज व भारतगंज चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह टीम के साथ चेकिंग के दौरान 5 अदद ट्रैक्टर में ट्राली जिस पर सैण्ड स्टोन बोल्डर परिवहन किया जा रहा था जिसको परिवहन का कागजात व लाइसेंस मांगा गया तो कोई भी नहीं दिखा पाए जिसमें ट्रैक्टर और ट्राली छोड़कर उपयुक्त वाहन के चालक मौके से भाग गए। पांचों ट्रैक्टरों में लदे बोल्डर के साथ जिला खनन निरीक्षक व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सीज कर थाना परिसर में सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया गया है उक्त अवैध परिवहन के संबंध में संभागीय परिवहन अधिकारी जिला खनिज अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचित कर दिया गया है विधिक कार्रवाई जारी है।

# यातायात नियम का पालन करें दुर्घटना से बचें : शशांक मिश्रा


बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा

**सिकन्दरा ।** यातायात नियम का पालन करके दुर्घटना से बहुत हद तक बचा जा सकता है। आज के समय में ज्यादातर लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो रही है। सड़क दुर्घटना में होने वाले ज्यादातर घटना यातायात नियम का पालन न करने वाले लोग के साथ होता है। जिससे उनको जान गंवानी पड़ती है। यह बातें सिकंदरा तुलापुर स्थित राधारमण पीजी कॉलेज में यातायात नियम व शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित बहरिया ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्रा नें कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर निकलने से पहले यातायात नियम का पालन करते रहें। चार पहिया वाहन चलाने वाले सीट बेल्ट का प्रयोग करें व दो पहिया वाहन चलाने वाले हेलमेट का जरूर प्रयोग करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे खंड विकास अधिकारी बहरिया श्रीश गुप्ता नें भी लोगों से यातायात नियम का पालन करने की नसीहत दी। अंत में सभी लोगों ने हाथ उठाकर यह शपथ लिया। कि हम सड़क पर निकलने से पहले यातायात नियम का पालन करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक व सपा नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, थाना अध्यक्ष बहरिया और महाविद्याल के प्राचार्य राकेश मिश्र, ला प्राचार्य डॉ आदित्य यादव, डॉक्टर अरुण त्रिपाठी, डॉक्टर ऋषि शुक्ला, डॉक्टर वैशाली सक्सेना के अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राएं स्टाफ मौजूद रहे।

# टोंस नदी बहते पानी का केवल एक मार्ग नहीं बल्कि एक जीवन्त इकाई है : योगेश शुक्ल

**परिक्रमा**

**भाजपा नेता योगेश शुक्ल टोंस नदी की 11 दिसम्बर से चौकी गांव से शुरू करेंगे परिक्रमा**

**156 किलोमीटर की होगी परिक्रमा, 11 दिनों में होगी पूरी होगी**


वार्ता के दौरान मौजूद योगेश शुक्ल व जयशंकर पाण्डेय

**मेजा ।** प्रयाग , ब्रम्हा जी के प्रथम यज्ञ का भू-क्षेत्र, सोम, वरुण और प्रजापति का जन्म स्थान, महर्षि भरद्वाज और वाल्मीकि कि कर्मभूमि रही है। इसी प्रयाग में बहती है एक नदी टौंस उक्त बातें भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने एक खास वार्ता के दौरान कहा उन्होंने कहा कि टोंस गंगा की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है जो प्रयागराज जनपद के यमुनापार क्षेत्र में सिरसा के पास चौकी और पनासा गांव के तटों पर गंगा से मिलती है।

मध्य प्रदेश के कैमूर पर्वत से निकली यह टोंस नदी गंगा की तरफ बढ़ते हुये जिस स्थान पर प्रयागराज जनपद और उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करती है वहां प्रयागराज के दक्षिणी छोर से बहने वाली नदी बेलन का संगम होता है। इसी बेलन नदी की घाटी में पुरा-पाषाण काल से पनपी सभ्यता को इतिहासकार विश्व प्रसिद्ध बेलन घाटी सभ्यता के रूप में परिभाषित करते हैं।

बेलन घाटी में अब तक हुयी खुदाइयों और खोजों से प्रमाणित हो चुका है कि यहां पर 17000 वर्ष पूर्व मानव सभ्यता विकसित हो चुकी थी। यहां हुयी खुदाइयों में मिले अनाज के अवशेषों ने अपने कार्बन डेटिंग के तथ्यों से सिद्ध किया है कि प्रयागराज के इस क्षेत्र में 10000 वर्ष पूर्व रहने वाले लोग खेती करना जानते थे और ग्राम सभ्यता विकसित हो चुकी थी।

मानव सभ्यता के सभी अध्यायों को समेटे हुये और इतिहास की प्राचीनतम सभ्यताओं से इस क्षेत्र का नाता जोड़ने वाली ये नदियां बेहद खूबसूरत और प्राकृतिक सौन्दर्य से सुशोभित हैं।

मध्य-काल के मुगल शासन काल में बुन्देलखण्ड के महान योद्धा और महाराजा वीर क्षत्रशाल ने जब औरंगजेब और मोहम्मद खान बंगश को पराजित करके बुन्देलखण्ड में अपना स्वतन्त्र हिन्दू राज्य स्थापित किया था तब उनके सम्मान में उनके साम्राज्य की सीमा को परिभाषित करने वाली पंक्तियाँ आज भी हमें गर्व और रोमांच से भर देती हैं: 'इत यमुना, उत नर्मदा, इत चम्बल, उत टोंस। क्षत्रशाल सो लरन की, रही न काहूँ होस।'

यह वही टोंस नदी है जो वीर क्षत्रशाल के साम्राज्य की पूर्वी सीमा को पहचान देती थी। इस टोंस नदी के तट पर रहने वाले लोग सनातनी परम्परा के पोषक हैं भारतीय संस्कृति एवं विरासत के वाहक भी । हमारे जीवन दृष्टि में टोंस नदी बहते पानी का केवल एक मार्ग नहीं बल्कि एक जीवन्त इकाई है। विगत देवोत्थान एकादशी को टोंस तट के एक गांव कोना पर हुये दीप-दान कार्यक्रम के समय ही टोंस परिक्रमा करने की प्रेरणा जगी थी।

मुझे भरोसा है कि इस यात्रा से मुझे और मेरे साथी सह-यात्रियों को टोंस की वर्तमान स्थिति तथा उसके तट पर बसे गांवों की संस्कृति, विरासत, परम्पराओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा। हम इन गांव की विशिष्टताओं और समस्याओं को समझने का प्रयास करेंगे, इस यात्रा से हम इस क्षेत्र की कृषि, पर्यटन सहित सामाजिक एवं आर्थिक विकास की संभावनाओं का आकलन भी कर पाएंगे।

मैंने चौकी और पनासा के तटों पर खड़े होकर इस टोंस नदी की जल-धारा को गंगा जी मे मिलते हुये और गंगाजल बन जाते हुये देखा है, इसलिये मै इसे गंगा स्वरूपा मानता हूँ। इसी दैवी भाव के कारण मैंने अपनी इस पैदल यात्रा को टोंस परिक्रमा नाम दिया है। हमारी यह परिक्रमा यात्रा दिनांक ११ दिसम्बर को प्रातः १० बजे गंगा टोंस संगम के पास के चौकी गांव से प्रारम्भ होकर टोंस के दक्षिणी तट के गांवों से होते हुये बेलन संगम तक जायेगी और फिर वहां से उत्तरी तट से होते हुये गंगा के पनासा घाट पर समाप्त होगी। इस यात्रा से मिलने वाले अनुभव को हम समाज, अपनी पार्टी और सरकार से साझा करेंगे। मेरी और मेरे साथी यात्रियों की यह परिक्रमा यात्रा सकुशल सम्पन्न हो, समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो तथा टोंस के तटों की स्वच्छता एवं उसकी धारा की निर्मलता और अविरलता के प्रति लोग सचेत बने रहें , इसके लिए मुझे और मेरे साथी सह-यात्रियों को आप प्रयागवासियों के आशीर्वाद की आवश्यकता है। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय, वीरेंद्र मिश्र, सुभाष पयासी, पप्पू उपाध्याय अध्यक्ष व्यापार मंडल अध्यक्ष, विनय शुक्ल, हरिमोहन पाण्डेय, रमाशंकर निषाद सहित दर्जनों लोग रहे।

## विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों की चोरी दस्तावेज क्षतिग्रस्त

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सकरामऊ के अमानगंज में स्थित प्राथमिक विद्यालय का बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर विद्यालय में रखा गैस सिलेंडर ,कुर्सियां , मिड डे मिल का सामानों की चोरी कर तमाम अभिलेखों को नष्ट कर दिए और सामान अस्त व्यस्त करके भाग गए। शुक्रवार को सुबह विद्यालय पहुंचने पर चोरी की जानकारी होने पर प्राधानाध्यापक रेखा वर्मा ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# दहेज की मांग न पूरी होने पर पत्नी के साथ करता रहा अप्राकृतिक दुराचार

**मऊआइमा।** दहेज में पांच लाख और सफारी गाडी की मांग न पूरी होने पर पति पत्नी से करता रहा अप्राकृतिक मैथुन। तथा मार पीट कर भगा दिया। विवाहिता ने पति सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पीडिता को पुलिस मेडिकल के लिए भेज दी है।

जनपद चित्रकूट के घरवारा थाना रामनगर रैपुरा निवासनीय एक विवाहिता का आरोप है कि उसकी शादी 2021 को मऊआइमा के ग्राम मदारी निवासी धन्यजय तिवारी पुत्र विमल चन्द्र उर्फ लल्लू तिवारी के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से उससे पांच लाख रुपये और टाटा सफरी गाडी की मांग करते चले आ रहे हैं। तथा थोडी थोडी बात पर ससुरालियों द्वारा उत्पीड़न किया जाने लगा। यह बातें वह अपने मयके बराबर बताती रही। बहुत समझाने और बुझाने के बाद भी ससुरालियों के हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। विवाहिता का आरोप है कि हद तब हो गई जब उसके लाख विरोध के बावजूद पति उसके साथ अप्राकृतिक मैथून करने लगा। तथा कहने लगा जब तक दहेज की मांग नहीं पूरी होती तब तक वह यह कार्य करता रहेगा। विवाहिता ने गुरुवार की रात विरोध किया तो उसे मार पीट कर घर भगा दिया गया और कहीं शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता ने सारी आप बीती अपने मयके को बताई। विवाहिता अपने पिता को लेकर थाने आयी और तहरीर दी। पुलिस ने विवाहिता के पति धन्यजय तिवारी, ससुर विमल चन्द्र उर्फ लल्लू तिवारी, चचिया ससुर मूल चन्द्र तिवारी, चचिया सास नाम अज्ञात, ननद गुडिया, जेठ मृत्युंजय तिवारी ,जेठानी आरती, देवर अनुज तिवारी सभी निवासी गण मदारी थाना मऊआइमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीडिता को महिला कांस्टेबल के साथ मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया गया है।

# असहायों की मदद सबसे पुनीत कार्य : बलवीर गिरी

**कंबल वितरण**

**पथरताल के हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में असहायों को कंबल वितरण**


कार्यक्रम को संबोधित करते बलवीर गिरी

**कोरांव।** असहायों की मदद करने से बड़ा कोई भी पुनीत कार्य नही है ।समाज के सछम लोगो को इस कार्य मे अपनी सहभागिता करनी चाहिए। उक्त बातें पथरताल गांव के सिद्धपीठ हनुमान मंदिर पर शुक्रवार को आयोजित विद्वत संगोष्ठी एवम कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बाघम्बरी मठ के महन्थ बलबीर गिरी जी ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कही । मुख्य अतिथि द्वारा मन्दिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया । गोपाल विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी को लापर रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा हनुमतज्योति पत्रिका के 14वे अंक का लोकार्पण भी किया गया। प्रयागराज से आए कलाकार जितेंद्र बजरंगी ने हनुमान नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला जज विजय शंकर शुक्ला एवं संचालन लवकुश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से पूर्व अपर जिलाधिकारी जेएस मिश्रा डॉक्टर हीरामणि त्रिपाठी अरविंद श्रीवास्तव मिश्रा बंधु समाजसेवी मिथिलेश शुक्ला पूर्व प्रधान राजू चौबे जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे भाजपा नेता शशी द्विवेदी बबुआन द्विवेदी संतोष मिश्रा बृजेश तिवारी मयंक तिवारी बबलू सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक त्रिलोकी नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया।


## कालिदास टी-20 क्रिकेट में नौ टीमों को प्रवेश

**प्रयागराज।** द्वितीय कालिदास मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में नौ टीमों को प्रवेश मिला है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाने वाली यह प्रतियोगिता 11 दिसंबर से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू हो रही है। प्रतियोगिता के संरक्षक आशीष एवं महासचिव मनीष यादव ने बताया कि इसमें चंद्रकला क्रिकेट क्लब, सेंट जोसेफ कॉलेज, दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब, प्रयाग जिमखाना, फोर्ड क्रिकेट क्लब, जयसेल्स वारियर्स, शिवपुर क्रिकेट क्लब, केसीसी और कालिदास क्रिकेट क्लब शामिल है। प्रत्येक ग्रुप में तीन-तीन टीमें होंगी। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट दौर में पहुंचेंगी। विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद एवं उपविजेता टीम को 35 हजार रुपये की नगद धनराशि मिलेगी।



सूबेदारगंज स्टेशन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ले उमरे महाप्रबंधक

# प्रयागराज



## मौसम

अधिकतम : 29.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.19
सूर्यास्त : 05.15

### जीएसटी की छापेमारी को लेकर सहसों सहित आसपास के प्रतिष्ठान बंद व्यापारियों में हड़कंप

**सहसों।** क्षेत्र के सहसों बाजार सहित आसपास के बाजारों में बड़े प्रतिष्ठान से लेकर छोटे प्रतिष्ठान जीएसटी की छापेमारी को लेकर 2 दिनों से दुकानें बंद कर रखी है छापेमारी के भय से दुकानदार बाजारों में दो दिनों से अपनी दुकानों के ताले नही खोला । विभिन्न प्रकार के सामानों की दुकानें न खुलने से उपभोक्ताओं को सामान लेने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं पर जीएसटी की छापेमारी को लेकर व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

## महाप्रबंधक उमरे ने सूबेदारगंज स्टेशन का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** शुक्रवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने सूबेदारगंज स्टेशन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने सूबेदारगंज स्टेशन के विकास के कार्यो, एवं स्टेशन की प्रस्तावित डिजाईन व यार्ड आदि का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण में यात्री सुविधाओं एवं परिचालन व्यवस्थाओं को गहनता से देखा गया।

इस अवसर पर स्टेशन पर प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय आदि का निरीक्षण करते हुए साफ- सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने अपने निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म 1 से प्रारंभ कर प्लेटफॉर्म सं 4 की स्थिति, अनुरक्षण व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्लीपर श्रेणी के प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं को देख कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । श्री कुमार ने स्टेशन परिसर में बने पार्क को और सुंदर बनाने तथा सुधार करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।



सूबेदारगंज स्टेशन का निरीक्षण करते उमरे महाप्रबंधक

सफाई व्यवस्था को उच्चतम स्तर का बनाए रखने की बात कही और गुणवत्ता मानदंडों के सही प्रकार से पालन की बात कही। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारियों से अनुरक्षण प्रक्रिया की जानकारी ली और भविष्य में भी यात्री सुविधा और संरक्षा के उत्कृष्ट स्तर को बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा सहित मंडल के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जीएसटी के बहाने व्यापारियों का हो रहा उत्पीड़न : जूही जायसवाल

**प्रयागराज।** महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा ने योगी सरकार से मांग किया है कि असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर प्रदेश व्यापी जीएसटी सर्वे छापे को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। प्रदेश व्यापी जीएसटी सर्वे छापे के कारण तमाम व्यापारियों में जबरदस्त दहशत और भय व्याप्त है पूर्व की भांति इंस्पेक्टर राज और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की मंशा शासन द्वारा हो रहा है महिला जिला अध्यक्ष जूही जयसवाल ने कहा व्यापारी समाज का उत्पीड़न हो रहा है इमानदार व्यापारी परेशान और हतोत्साहित होंगे पिछले कई वर्षों से यह सर्वे छापे बंद थे, लेकिन विशेष अनुसंधान शाखा द्वारा शिकायत के आधार पर सर्वे का कानून जीएसटी में है,लेकिन वर्तमान में प्रदेश के सभी बाजारों में चल रहे बेतहाशा जनरल सर्वे से व्यापारियों में दहशत व्याप्त है प्रयागराज जिला महानगर उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी आपसे विनम्र निवेदन करते है कि सर्वे को तत्काल बंद करा कर व्यापारी वर्ग को राहत प्रदान करने की कृपा करें व्यापारी ऑनलाइन व्यापार एवं के कारोना काल की चली आ रही मंदी से अभी उभर नहीं पाया है इस विषम परिस्थिति में व्यापारी समाज के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा।

## प्रयागराज व्यापार मंडल ने किया टास्क फोर्स गठित

### विभाग के दावे पर व्यापारियों को विश्वास नहीं

**प्रयागराज।** प्रयागराज व्यापार मंडल की बैठक सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष सुशांत केसरवानी ने उपस्थित व्यापारियों को बताया की कल दिए गए ज्ञापन के बाद उच्च अधिकारियों से हुई वार्ता के अनुसार किसी भी प्रकार का जनरल छापे की कार्यवाही नही हों रही है सिर्फ कुछ व्यापारियों के वित्तीय लेनदेन में खामी पाई गई है उन्ही फर्म की जांच किया जा रहा है लेकिन व्यापार मंडल विभाग की इन बातो से संतुष्ट नहीं है जिला प्रभारी राजकुमार केसरवानी और वरिष्ठ सलाहकार आनंद जी टंडन पप्पन भईया ने व्यापार मंडल की टास्क फोर्स गठित करने की बात कही जिसका सभी ने स्वागत किया जिलाध्यक्ष सुशांत कुमार केसरवानी और चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता ने शहर दक्षिणी में जिला प्रभारी राजकुमार केसरवानी, अन्नु केसरवानी,



बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन मनीष कुमार गुप्ता

उत्तरी में अमन केसरवानी सुशील जयसवाल, पश्चिमी में मुसाब खान, आबिद प्रधान, जमुनापार से वरिष्ठ महामंत्री अखिलेश मिश्रा, बबलु जारी गंगापार से उपाध्यक्ष सुरेश चौरसिया, संजय अग्रहरी के नेतृत्व में व्यापारियों की टास्क फोर्स बनाया गया किसी भी व्यापारी का जीएसटी विभाग के द्वारा शोषण करने की इस्थीति में यह पदाधिकारी अपनी टीम के साथ तुरंत इस्थल पर पहुंचेंगे और साथ में संगठन के सभी साथी इनके सहयोग ने रहेंगे सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा की किसी भी प्रकार का व्यापारियों का शोषण नही होने दिया जाएगा । बैठक में प्रमुख रूप से मनीष कुमार गुप्ता, आनद जी टंडन पप्पन भईया, सुशांत कुमार केसरवानी, सुशील शुक्ला, सुशील जयसवाल, मुसाब खान, सुशील जयसवाल, प्रशांत पांडे, अमित केसरवानी, रोशनी अग्रवाल, जूही श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, बबलु जारी सुरेश चौरसिया, संजय अग्रहरी आदि व्यापारीगण शामिल रहे।

## संक्षेप

### मातृ स्नेह फाउंडेशन ने किया दिव्यांगों का सम्मान



**प्रयागराज।** वेद भवन, विश्व हिंदू परिषद कार्यालय प्रयागराज में सक्षम '1 जिला स्तरीय अधिवेशन में काशी प्रांत से प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. कुलदीप, प्रांत सचिव यशोवर्धन, राष्ट्रीय महासचिव कमलाकांत, प्रांत सह सचिव श्री प्रयाग दत्त, प्रयागराज अध्यक्ष योगेंद्र जी,सचिव राजेश जी,कोषाध्यक्ष राजीव जी, प्राणदा प्रकोष्ठ प्रमुख मुकेश इत्यादि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे ' समाज में दिव्यांग बच्चों एवं बच्चियों के शिक्षा एवं समूल विकास के लिए कार्य कर रही मातृ स्नेह फाउंडेशन ने इन बच्चों के उत्थान एवं संसाधनों के लिए आर्थिक रुप से सहयोग की घोषणा की ' अपने उद्बोधन में फाउंडेशन के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने समाज के उन सभी समर्थ लोगों से भी सहयोग के लिए आह्वान किया जो समर्थ हैं ' इस कार्यक्रम में ऐसे 70 दिव्यांग जनों को सम्मानित किया। सक्षम महिला प्रमुख अंजली के साथ-साथ अंकित मेहता , शिवनंदन गुप्ता , कुलदीप मिश्रा, खड़क सिंह आदि का बहुत योगदान रहा '

### अनाथ बच्चों के साथ मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**प्रयागराज।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का 76 वां जन्मदिवस अनाथालय के बच्चों के साथ बड़ी ही सादगी से मनाया गया। शुक्रवार को स्वराज भवन स्थित अनाथ आश्रम में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की सुपुत्री डा० विजयश्री तिवारी ने छात्राओं को फल समग्री के साथ खाने पीने समान वितरित कर सोनिया गांधी के दीघार्यु होने की कामना करते हुए उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा की भारत के प्रति सोनिया गांधी के समर्पण को देश की जनता याद रखेगी। इस दौरान हसीब अहमद, शुभम शुक्ला, तान्या मिश्रा, मोहित यादव, सौरभ चौधरी, सुष्मिता यादव, तलत अजीम, गौरव पाण्डेय, मो०हसीन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### शहर कांग्रेस कमेटी ने धूमधाम से मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित पत्थर गिरजाघर के सामने धरना स्थल पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और श्रीमती सोनिया गांधी के स्वस्थ एवं दीघार्यु शतायु होने की कामना किया। शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए श्रीमती सोनिया गांधी के त्याग और बलिदान को बताया और सभी को उनके आदर्शों पर अमल करने की बात कही इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, मोहम्मद असलम, अनूप त्रिपाठी, राम मनोरथ सरोज, अजेंद्र गौड़, विनय पांडे इरशाद उल्लाह, राजकुमार रज्जू, अब्दुल कलाम, रचना पांडे, दरक्षा कुरैशी, सुष्मिता यादव, माधवी राय, अभिनव पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

### निकाय चुनावों में चलेगी झाड़ू : अल्ताफ अहमद



**प्रयागराज।** शुक्रवार आम आदमी पार्टी प्रयागराज के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव (उत्तर) प्रयागराज एवं जिलाध्यक्ष एव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अल्ताफ अहमद (दक्षिण)और जिला उपाध्यक्ष अबू तालिब प्रयागराज के नेतृत्व में सुभाष चौराहे पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने पर गाजे बाजे साथ आतिशबाजी के और मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। जिलाध्यक्ष दक्षिण डा. अल्ताफ अहमद जी ने कहा कि दिल्ली एमसीडी जीतने के बाद आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी ही नहीं राष्ट्रीय विकल्प के रूप में गुजरात की इक्क्तालीस लाख जनता ने हमें आशीर्वाद दिया है। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आप कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जश्न के दौरान जिला महासचिव (दक्षिण) नितिन सिंह पटेल, जिला महासचिव (उत्तर) निखिल भारतीय, मो. कादिर, संजीव मिश्रा, रावेंद्र पाण्डेय, पल्लवी मालवीय, पूनम सिंह, स्वाती चौरसिया, अभिलाषा गौतम आदि साथी उपस्थित रहे।

## ग्रामसभा की जमीन पर अवैध प्लाटिंग करने वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कार्यवाही**


**पुलिस का कहना है कि ऐसे लोगो के खिलाफ जांच के बाद भूमाफिया की भी कार्यवाही की जायेगी**

**झूंसी।** ग्रामसभा की जमीन कब्जा कर अवैध प्लाटिंग करने वालो के खिलाफ जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेश पर झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इनके कब्जे से करोणों की जमीन को मुक्त कराई गई है। पुलिस का कहना है कि ऐसे लोगो के खिलाफ जांच के बाद भूमाफिया की भी कार्यवाही की जायेगी। शिकायत मिली थी कि उस्तापुर गांव निवासी राम लखन यादव उर्फ पटेला पुत्र सैलानी यादव व उस्तापुर महमूदाबाद निवासी गुलाब गिरी व उसके भाई बृजभूषण गिरी तीनो लोग उस्तापुर महमूदाबाद उपरहार, छतनाग, छतनाग उपरहार में ग्राम सभा की जमीन कब्जा कर प्लाटिंग कर भेच रहे है। मंडलायुक्त के निर्देश हंडिया, सोरांव के नायाब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल की 6 सदस्य कमेटी गठित कर मामले की जांच कराई जिसके बाद इनके कब्जे से करोड़ों की जमीन मुक्त कराई गई। शुक्रवार को नीबी के लेखपाल वीरेंद्र कुमार व छतनाग के लेखपाल राधेश्याम पटेल ने राम लखन यादव उर्फ पटेला पर दो अलग अलग एफआईआर दर्ज कराई है। वही राधेश्याम लेखपाल ने गुलाब गिरी, बृजभूषण गिरी पर भी सरकारी जमीन कब्जा कर प्लाटिंग करने का मामला दर्ज कराया है। मामले की जानकारी के लिए एसडीएम फूलपुर से संपर्क किया गया और उनका फोन नहीं उठा।

## कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**समीक्षा बैठक**

**जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की प्रगति खराब पाये जाने पर वाणिज्यकर विभाग के दो डिप्टी कमिशनर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं उप निबंधक सदर द्वितीय का वेतन रोकने के दिए निर्देश**



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की प्रगति खराब पाये जाने पर वाणिज्यकर विभाग के दो डिप्टी कमिशनर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं उप निबंधक सदर द्वितीय का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प को स्टाम्प चोरी रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए है। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर विभाग, आबकारी, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये जाने के साथ-साथ आरसी वसूली में भी प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत विद्युत बकाये की वसूली सुनिश्चित करने के लिए कहा है। नगर पंचायत की समीक्षा करते हुए सभी अधिशाषी अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर वसूली का निर्देश दिया है। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों को बकायेदारों से वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिए है। मण्डी समितियों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मण्डी सचिवों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को दाखिल-खारिज की कार्रवाई निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, सभी उपजिलाधिकारी एवं सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वैवाहिक समारोह में शिरकत करने प्रयागराज पहुंची अनुप्रिया पटेल

**प्रयागराज।** अपना दल एस की राष्ट्रीय महासचिव अनुप्रिया पटेल शादी समारोह में शामिल होने प्रयागराज पहुंची सबसे पहले वह पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप सिंह की बेटी की शादी समारोह में प्रतिभाग किया उसके बाद प्रतापपुर के विधानसभा महासचिव विजय पटेल की बहन की शादी के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुईं। प्रतिभाग करने पहुंची श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने लोगों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यदि संभव हुआ तो हमारी पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए निकाय चुनाव लड़ेंगी, अन्यथा हम अकेले ही निकाय चुनाव लड़ेंगे। लोगों से बात करते हुए श्रीमती पटेल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया तथा सभी कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव की तैयारी करने के लिए दिशा निर्देश दिया। 6 दिसंबर को कैंप कार्यालय लखनऊ में आयोजित



पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप सिंह की बेटी के शादी समारोह में शामिल अनुप्रिया पटेल

पार्टी की मासिक बैठक में भारत रत्न से विभूषित देश के प्रथम कानून मंत्री एवं संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जी ने कहा कि - निकाय चुनाव सिर्फ हमारी पार्टी का कार्यकर्ता एवं पार्टी का सक्रिय सदस्य ही लड़ेगा। बाहरी व्यक्तियों को पार्टी से निकाय चुनाव का टिकट नहीं दिया जाएगा ।

## गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आज

**प्रयागराज।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज की मासिक बैठक 10 दिसंबर शनिवार सायं 3:00 बजे से सरस सभागार विकास भवन प्रयागराज में होगी जिसमें इस बार प्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉक्टर ईशन्या राज मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय,प्रयागराज द्वारा पॉवर प्वाइंट पर वृद्धावस्था और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर लेक्चर होगा और सदस्यों की जिज्ञासा,यदि कोई होगी तो उसका उत्तर भी मिलेगा जिसका लाभ उठाने हेतु सभी पेंशनर्स/वरिष्ठ नागरिक सादर आमंत्रित हैं कृपया समय से पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं यह सूचना अध्यक्ष जी के निर्देशन पर मीडिया प्रभारी श्याम सुंदर सिंह पटेल ने दिया है।

## थानाध्यक्ष ने यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ



यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाते थानाध्यक्ष माण्डा अरविंद कुमार गौतम

**माण्डा।** मांडा थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने थाना परिसर में सभी पुलिसकर्मियों को यातायात के प्रति शपथ दिलाई।जिसमें बाइक को चलाते समय हेलमेट लगाना चाहिए, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगा करके चलना चाहिए, किसी भी दुर्घटना में कोई घायल हो तो उसकी मदद करना चाहिए,वाहन चलाते वक्त इंडिकेटर का इस्तेमाल करना चाहिए जिससे दुर्घटना से बचा जा सके, किसी भी प्रकार से यातायात नियमों को न तोड़ा जाए इन सब की शपथ दिलाई गई।

## देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा



पद यात्रा में शामिल जिलाध्यक्ष योगेश चंद यादव व नितेश तिवारी

**माण्डा।** समाजवादी पग यात्रा गाजीपुर से चलकर के शुक्रवार को दोपहर पंप अक्की मांडा रोड चौराहे पर पहुंची। जहां पर जिला पंचायत प्रमिल यादव व यूथ ब्रिगेड प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव ने अपनी समाजवादी टीम के साथ मिलकर के भव्य स्वागत करके उनके साथ पग यात्रा में हिस्सा लिया। यह पगयात्रा गरीबों दलितों किसान मजदूर शोषित वंचित व्यापारियों को इस यात्रा के माध्यम से लोगों को जगाने का काम कर रहे हैं। मुख्य रूप से उपस्थित समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश चंद्र यादव मेजा विधानसभा, पूर्व ब्लाक प्रमुख पप्पू यादव, सपा नेता नितेश तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष दल्लू बिंद, जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव एवं तमाम समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

### चार वर्ष से एक चौकी पर पदस्थ है सिपाही नही हो रहा फेरबदल

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के यमुनापार में कई थानों एव चौकी में लगभग चार वर्ष से सिपाही एक ही चौकी व थानों मे पदस्थ है पुलिस विभाग द्वारा कई बार प्रभारियों एवं सिपाहियों के फेरबदल किया गया लेकिन कुछ सिपाही अंगद की तरह पाँव जमाकर डटे खडे है फेर बदल सूची में नाम आने के बाद जुगत जुगाड़ से चौकी से थानों में कुछ दिन के लिए पदस्थ हो जाते ही फिर कुछ दिन का समय बीत जाने के बाद पुलिस विभाग के उच्चधिकारियों के खास होने पर फिर से उसी चौकी पर पदस्थ हो जाते स्थानीय चौकी पर रहकर क्षेत्र के सभी वैध ,अवैध पहलुओं की जानकरी प्राप्त हो कर लेते है और मोटा रकम कमाने लगते है ।जानकरी के मुताबिक अवैध ढंग से वसूली एवं अनैतिक जैसे कई मामलों में इनका हस्तक्षेप रहता हैं इनके कार्यशैली से लोग नाखुश रहते हैं थाना चौकी में आए नए प्रभारियों के खास बने रहते है जो कि विभाग द्वारा फेरबदल सूची मात्र कंही ना कंही कुछ सिपाहियों के लिए कागज तक सीमित है पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के आदेश का असर उन पर नहीं दिख रहा है कई बार फेरबदल होने के बाद भी सिपाही उसी चौकी में पदस्थ है।

## होटल में पुलिस ने मारा छापा, मचा हड़कम्प



छापेमारी के दौरान पूंछताछ करती पुलिस

**हनुमानगंज।** सीओ फूलपुर ने सरायइनायत पुलिस के साथ होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में छापा मारा। अचानक हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। रेस्टोरेंट में आये नाबालिल छात्र छत्राओं से पूछताछ की गई।दो दिन पहले अंदावा के एक होटल में हुए रेप के मामले की जांच करने पहुचे सीओ फूलपुर मनोज कुमार सिंह होटल के पास स्थित रेस्टोरेंट में फोर्स के साथ पहुच गए। अचानक रेस्टोरेंट में पहुची पुलिस को देख वहा मौजूद लोगो में खलबली मच गई। रेस्टोरेंट में कई नाबालिक लड़के लड़कियों का जोड़ा मौजूद था। पुलिस ने सभी से पूछताछ कर हिदायद दी। इस दौरान सीओ फूलपुर ने सरायइनायत पुलिस को निर्देश दिया की क्षेत्र में संचालित होने वाले ढाबो, रेस्टोरेंटों, होटलों में अचानक छापेमारी की जाय।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**थरवई।** शुक्रवार की शाम थरवई बाजार मे ट्रक की टक्कर लग जाने से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई बताया जा रहा है कि जीतू 40 वर्ष निवासी टैगोर टाउन जनपद प्रयागराज बाइक से सहसों की ओर जा रहा था सामने से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मौके पर बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना देकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**माण्डा।** न्यायालय के आदेश पर कपूरचंद जायसवाल पुत्र स्व० विजय लाल जायसवाल निवासी टिकरी थाना मांडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार किया।माण्डा थाना को वारंट प्राप्त हुआ था जिसमें न्यायालय ने बाईस दिसम्बर को नियत तारीख थी जिसमें पुलिस ने अभियुक्त को घर के बाहर से उपनिरीक्षक आशीष सिंह यादव, उपनिरीक्षक गुरु प्रसाद प्रजापति ने गिरफ्तार कर लिया और आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : दाम्पत्य सूत्र के बंधन में बंधे 548 जोड़े

**सामूहिक विवाह**

**सांसद ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद, परिवार रहे खुशहाल**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम शुक्रवार को ओसा नवीन मंडी स्थल में आयोजित हुआ। इस दौरान जिले के 548 जोड़े एक दूजे के हुए। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सांसद विनोद कुमार सोनकर ने सभी दाम्पत्ति सूत्र में बंधे जोड़ों को आशीर्वाद दिया वहीं ईश्वर से परिवार को खुशहाल रखने की कामना किया।

सांसद विनोद सोनकर, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने नव जोड़ों को आशीर्वाद दिया एवं ईश्वर से सफल, सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। सांसद ने दैनिक जागरण के सुरक्षित यातायात इन दौड़ती.भागती सड़कों पर महाभियान के तहत सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए नवविवाहित जोड़ों को शपथ दिलाई। सांसद विनोद सोनकर ने आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतने लम्बे सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन में शादी का यह महाकुम्भ उन्हें कभी देखने को नहीं मिला, जिसे आज देखने का अवसर मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को इतने भव्य तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि विवाह के बन्धन में बंधने वाले जिन परिवारों के घरों में शौचालय की सुविधा नहीं है, उन सभी की जाँच कराकर, उन्हें शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी जाय। इसके साथ ही साथ ऐसे परिवार, जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है या कच्चा मकान है, उनको मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन कराकर, उन्हें आवास उपलब्ध करायी जाय। सांसद ने कहा कि देश व प्रदेश में ऐसी सरकार है जो बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा एंव विवाह तक चिन्ता कर अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओं.बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था, जिसका परिणाम है कि लिंगानुपात में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि गरीब माँ को अब अपनी बेटी के विवाह की चिंता करने की जरूरत नहीं है, प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह करा रही हैं। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप में 35000 रुपए कन्या के खाते में अंतरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री (कपड़े, बिछिया, पायल वर्तन, के लिए 10000 दस हजार रुपए) दिया जाता है। प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था के लिए रुपए 06 हजार खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूसरे के गले में वरमाला डालते वर-वधू

### पीपे का पुल श्रद्धालुओं को देगा बेहतर सुविधा

**दारानगर, कौशाम्बी।** प्रान्तीय लोक निर्माण खंड विभाग द्वारा कडाधाम से प्रतापगढ़ जनपद को जोड़ने वाले अस्थायी पीपे का पुल इस बार भी कुबरी गंगा घाट पर बना रहा है। पीपे के पुल निर्मित होने से व्यापारियों व दर्शन पूजन के लिए धाम आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिल सकेगी। धार्मिक नगरी कड़ा धाम 51 शक्ति पीठ मां शीतला का दरबार है, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग 1982 से पीपे के अस्थाई पुल का निर्माण कराता चला आ रहा है। हालांकि विभाग ने पुल निर्माण कार्य शुरु करा दिया है।

## संक्षेप

### महिला को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली के जहांगीराबाद गांव निवासी बजरंगी ने बताया कि पड़ोसी राजू से के परिवार से विवाद हो गया। तीखी झड़प के बाद मोहल्ले के लोगों ने मामला शांत करा दिया। शाम बहू को घर में अकेली देख पड़ोसन अनुसूइया ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित बजरंगी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित महिला समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घुसकर की मारपीट, चार पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के जरहुआ मुजाहिदपुर गांव की उर्मिला देवी पत्नी राम सुमेर का पड़ोसन रेखा देवी व सूरज आदि से विवाद चल रहा है। इसी अदावत में गुरुवार की शाम आरोपितों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए महिला को बेरहमी से पीट दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानलेवा हमले के बाद से पीड़ित परिवार डरा.सहमा हुआ है।

### बिजली ट्रिपिंग से आजिज नगरवासी

**कौशाम्बी।** विद्युत ट्रिपिंग से ग्रामीण क्षेत्र के अलावा नगरवासी भी हलाकान हैं। मुख्यालय मंझनपुर में इन दिनों बिजली की आंख मिचौनी लोगों को परेशान कर रखी है। यदि यह कह लिया जाए कि एक घंटे में तीन बार से ज्यादा बिजली कटती है तो यह गलत नहीं होगा। बिजली की ट्रिपिंग को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### पत्नी के मायके से नहीं आने पर युवक ने लगाई फांसी

**कनैली, कौशाम्बी।** कराारी थाना क्षेत्र के मंगौरा गांव निवासी एक युवक ने शुक्रवार दोपहर फांसी लगाकर जान दे दी। वह पत्नी के मायके से नहीं आने को लेकर क्षुब्ध था। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। मंगौरा निवासी रामचरन 30 पुत्र मंहगू किसानी करता था। शुक्रवार को उसके घर पर सिर्फ पिता और भाभी थे जो मवेशियों को चारा देने गोशाला गए थे। परिवार के बाकी सदस्य वैवाहिक समारोह में शामिल होने खोजवापुर गए थे।

# गरीबी का दंश और ठंड का कहर, कैसे हो जीवन यापन

**गुहार**

**झोपड़ी में परिवार पाल रहे गरीब ने लगाई गुहार**

**दारानगर, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के वार्ड नंबर 6 के सरीफा बाद नगर निवासी अशोक कुमार के मुताबिक वह एक बेहद गरीब है। गांव में गिरे पड़े अशियाने में पन्नी आदि डालकर किसी तरह परिवार सहित जीवन यापन कर रहा है। उसके मुताबिक इन दिनों ठंड का कहर शुरू हो गए है, ऐसे में तीन बच्चे के साथ वह जीवन यापन करने में परेशान हो रहा है। हालांकि इसके पहले भी उसने गांव व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित सरकारी अफसरों से एक अदद कालोनी आदि के लिए आवेदन किया था, लेकिन चूंकि उसके पास धन खर्च करने की क्षमता न होने के कारण उसे सरकारी की आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। ठंड के मौसम मे रात गुजारनी पड़ती है वहीं अशोक ने बताया कि जो राशन सरकार की तरफ से मिल रहा था, राशन कार्ड से नाम भी कट गया है जिसके कारण राशन भी नहीं मिल रहा है। बहरहाल कुछ भी हो गरीब ने अपनी दास्तां सुनाई, उसने जिम्मेदारों से मदद की गुहार लगाई है।

### रोही.मूरतगंज मार्ग बंद आवागमन में दिक्कत

**कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग ने पुलिया की मरम्मत कराने के लिए रोही.मूरतगंज मार्ग ब्लॉक कर दिया है। इसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों की ओर से इस बात की जानकारी नहीं दी जा रही है कि आवागमन कब बहाल किया जाएगा।

# ...तो मुर्दों तक पहुंच रहा अत्योदय का खाद्यान्न

**कौशाम्बी।** ब्लॉक कौशाम्बी क्षेत्र के मढ़ी गांव की सरकारी दुकान से मुर्दे अंत्योदय का राशन खा रहे हैं। यह सिलसिला दो साल से चल रहा है। पूर्ति विभाग के अफसर भी सब कुछ जानते हुए अनजान बने हुए हैं। गांव के लोगों का आरोप है कि गांव की वाहिदुन निशा व इखामुन की दो साल पहले मौत हो चुकी है। दोनों का अत्योदय कार्ड एक यूनिट का बना था। महिलाओं की मौत के बाद भी उनके नाम से हर महीने राशन का वितरण किया जा रहा है। मुर्दे के नाम के आगे कौन अंगूठा लगाकर राशन ले रहा है इसे लेकर गांव में तमाम तरह की चर्चाएं हैं।

# दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा विषयक कार्यशाला का आयोजन

**कौशाम्बी।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर कलक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में शुक्रवार को एक दिवसीय दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा विषयक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने दिव्यांग बच्चों को बहु प्रतिभा का धनी बताया। कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने की जरूरत है, साथ ही बेसिक शिक्षाधिकारी ने स्पेशल एजुकेटर द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि.भूरि प्रशंसा की। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। डायट प्राचार्य अनिल कुमार ने दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की। प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पांडे ने कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए समस्त आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया एवं समेकित शिक्षा में होने वाली कार्यक्रमों एवं नोडल टीचर के कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हिंद मणि, सूचना अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, दिव्यांग कल्याण अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी एसआरजी डॉ दिलीप दिलीप ने दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के बारे में सम्बोधन किया। कार्यक्रम में विनय प्रजापति वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी जवाहर लाल यादव समस्त खंड शिक्षाधिकारी एवं विकास पांडे प्रभारी जिला समन्वय समेकित शिक्षा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मारुति नंदन सहायक अध्यापक द्वारा किया गया।



कार्यशाला में मौजूद अधिकारीगण

### दुराचार में नाकाम दरिंदे ने विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता बुधवार की शाम खेत की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का युवक अकेली देख पकड़ लिया और दुराचार का प्रयास करने लगा। विवाहिता के शोर मचाने पर आरोपित युवक पिटाई करने के बाद कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों में हुई यातायात शपथ

**बारा, कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को विकास खंड कौशाम्बी के म्योहर क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में शिक्षकगणों द्वारा छात्रों को यातायात नियम पालन व अन्य को प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई गई।

बताना जरूरी होगा कि सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों की याद में म्योहर के क्षेत्र में शिक्षा विभाग व अन्य सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा शुक्रवार को विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और कराने की शपथ दिलाई गई। विद्यालयों के छात्र.छात्राओं ने शपथ लेने के दौरान संकल्प लिया कि वह खुद भी यातायात नियमों का पालन करेंगे। साथ ही परिवार के व आस पड़ोस के अन्य लोगों को भी नियमों का पालन करने के लिए जागरूक और प्रेरित करेंगे। सविलियन विद्यालय रक्सवारा में प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा के नेतृत्व में बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान राम प्रकाश स्वर्णकार अजय सिंह, यौगेंद्र सिंह व खंड शिक्षाधिकारी बृजेश सिंह मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय बजहा खुर्रम पुर में यातायात नियम पालन करने को लेकर प्रधानाध्यापक प्रवीण सिंह व अनुपम सिंह ने बच्चों को शपथ दिलाई। कंजा पर विद्यालय में प्रधानाध्यापक अभयराज सिंह ने शिक्षकों वो ग्रामीणों को शपथ दिलाई। म्योहर उच्च प्राथमिक विद्यालय में अर्का चौकी इंचार्ज अजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व मे स्कूल के बच्चों शिक्षकों को शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान नीतू सिंह, बिजलेश केसरवानी, बाबिता आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को शपथ दिलाते हुए

### भूमिधरी पर कब्जा करते हुए फसल किया नष्ट

**कौशाम्बी।** कोतवाली के बहादुरपुर निवासी बीरेन्द्र कुमार का गांव के ही मुलायम सिंह से जमीन का विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम आरोपित ने परिजनों के साथ मिल बोई गई फसल को नष्ट कराते हुए कब्जा कर लिया। जमीन पर कब्जे की जानकारी पीड़ित को हुई तो उसने कब्जे का विरोध किया। इस पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित मुलायम सिंहए सुधर सिंह व श्रवण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### छिकतपुर गांव में धधकती है अवैध शराब की भटि्ठयां

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली पुलिस की खाऊ कमाऊ नीति के चलते क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री चरम पर पहुंच गई है। जहां मंझनपुर व समदा में खुलेआम बगैर किसी दहशत के गांजा की बिक्री की जा रही है तो वहीं छिकतपुर गांव में दिन हो या फिर रात कच्ची शराब की भटठी धधकती देखी जा सकती है। इसके पीछे इलाकाई पुलिस की बंधी माहवारी चर्चा का विषय है। हालांकि बुद्धिजीवियों ने इस ओर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े चार शातिर बदमाश

**कौशाम्बी।** कोखराज पुलिस 24 घण्टे के अंदर लूट का खुलासा करते हुए चार बदमाशों को धर दबोचा है। कहा जा रहा है कि बिसारा पेट्रोल पंप के सामने चार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में जायलो कार लूटी थी।

बता दें कि सिराथू सीओ डॉ केजी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बदमाशों को दुर्गा भाभी सेतु सहजादपुर से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो अवैध तमंचा,कारतूस,दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल व लूट की गई जायलो कार बरामद किया है। वहीं पकडे गए शातिर लुटेरे पुलिस टीम को देख भाग रहे थे। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद शातिरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। वहीं एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पत्रप्रतिनिधियों के सामने लूट का खुलासा किया। वहीं पुलिस टीम की सराहना करते हुए सभी पकड़े गए शातिरों की लिखा पढ़ी कराने के बाद चालान कर दिया गया।

### दहशत बिल्कुल नहीं खुलेआम पकड़ाई जा रही गांजा की पुड़िया

**कौशाम्बी।** वैसे तो भांग की दुकानों से गांजा की बिक्री आम सी हो गई है। लेकिन सवाल तब उठता है जब सेल्समैन बगैर किसी दहशत के डंके की चोट से गांजा की पुडिया नसेड़ियों को देता है। यह खेल मंझनपुर, समदा में बाखूबी देखा जा सकता है। अब सवाल इस बात का उठता है कि आखिर इस खेल में सेल्समैन को दहशत पुलिस की क्यों नहीं रहती है षायद इसे बताने की जरूरत नहीं है। हालांकि कहा जा रहा है कि पुलिस मोटी रकम लेने के बाद चुप्पी साधे रहती है।

# एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी, किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में सत्पाहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की। परेड में शामिल पुलिसकर्मियों को साफ.सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार कार्य करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गई। सभी जवानों से शास्त्राभ्यास कराया गया। इसके बाद पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डायल.112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बीएसए से किया मुलाकात

**मुलाकात**

**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत**

**कौशाम्बी।** नव निर्वाचित उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ, कौशाम्बी का शिष्ट मण्डल ने शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से मुलाकात किया। हाल ही में सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का चुनाव के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शिष्ट मण्डल शिक्षक समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, व वित्त एवं लेखाधिकारी से औपचारिक मुलाकात में जूनियर शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जुलाई अगस्त सितंबर 2022 में अनुपस्थित किए गए शिक्षकों को सवेतन बहाल करने, आकस्मिक अवकाश के स्थान पर उपार्जित चिकित्सा अवकाश देने पर बात किया। कहा कि आकस्मिक अवकाश पोर्टल से कम नहीं हो पाता जिसके कारण शिक्षक बहाली उपरांत भी परेशान रहते है। वित्त एवं लेखाधिकारी से जूनियर संघ के मंत्री गुणेश तिवारी ने कहा कि शिक्षकों पर दवे फॉर्म भरने के लिए अनावश्यक दबाव न डाला जाय मुलाकात मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नेश यादव, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कांत, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह, संघठन मंत्री संपूर्णा नन्द, संतोष शर्मा,उपाध्यक्ष राजकुमार, मनोज आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। बेसिक शिक्षाधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी कौशाम्बी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर किया गया स्वागत

# कौशाम्बी में भी खोला जाए पशु अस्पताल

**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी विकास खंड क्षेत्र के बेरौचा ग्राम सभा में पशु अस्पताल न होने से किसानों को अपने जानवरों का इलाज कराने के लिए लगभग 15 किमी दूर जाना पड़ता है। इससे लोग काफी परेशान हो रहे हैं। तराई क्षेत्र के दाईं का पूरा, बरम्बारी, बस्ती तालाब, गुरौली, चांदकन, बेरौचा, तारा का पूरा, सोनवारा, कैलाशपुर, अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। लोगों ने जिला प्रशासन से पशु अस्पताल खोले जाने की मांग की है। आरोप है कि मवेशियों का इलाज कराने के लिए पशु पालकों को काफी दूर जाना पड़ता है। यदि इस क्षेत्र में अस्पताल का संचालन हो जाए तो लोगो को राहत मिलेगी। लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# कलश यात्रा के साथ शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारम्भ



कलश यात्रा में शामिल लोग

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के मोहोदीनपुर कोरांव गांव के मां कालका धाम मंदिर से शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान मुस्तफापुर कोरांव, कायमपुर,गोपाल मिश्र का पूरा गांव से सैकड़ों पुरुष एवं महिलाएं शामिल रहीं, साथ ही शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ भी कराया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक दिन दोपहर दो बजे रामकथा होगी। उक्त आशय की जानकारी संजोयक ब्रम्हर्षि धीरेंद्र देते हुए बताया कि मंगल कलश यात्रा के बाद वरुण देव का आवाहन पूजन तथा मण्डप प्रवेश होगा। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, आचार्य शयमसुन्दर शुक्ल, शिवबाबू, भोला नाथ पांडेय, सूर्यदिन, साहबलाल, कालका प्रसाद आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# खुले खाद्य तेलों व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर होगी कड़ी कार्यवाही : डीपी सिंह


खाद्य पदार्थो की जांच करते सहायक खाद्य आयुक्त धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**प्रतापगढ़।** सहायक खाद्य आयुक्त धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मिलावटखोरों को चेतावनी देते हुए कहा कि खुले खाद्य तेलों व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करते पकड़े जाने पर कड़ी कायार्वाही की जायेगी। उन्होंने विभाग की टीम बनाकर गुरूवार के जिले के कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कराई। जिसमें नगर क्षेत्र के सगरा चैराहा स्थित बृजेश कुमार गुप्ता पुत्र सन्तलाल के तेल पेराई केन्द्र व बस स्टैण्ड रोड स्थित विनीत तिवारी पुत्र विनोद के तेल पेराई केन्द्र पर तेल के नमूने संगहीत कर जॉच के लिए भेजा गया। आयुक्त धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा है कि जॉच रिपोर्ट आने पर यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट की मात्रा पाई गई तो ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि खुले में खाद्य तेलों की बिक्र प्रतिबन्धित है। सचल दल की टीम ने कारोबारियों को सचेत किया कि खुले में खाद्य पदार्थों को बेंचते पकड़े जाने पर कार्यवाही की जायेगी। विभाग की तरफ से गठित सचल दल की टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार राय, संयज कुमार तिवारी व ऋचा पाण्डेय शामिल रहीं।

### मिलावटखोरों पर एडीएम ने लगाया अर्थदण्ड

सहायक खाद्य आयुक्त डीपी सिंह ने बताया कि पिछले माह खाद्य पदार्थों में मिलावट कर बिक्री करते पकड़े गये तीन लोगों पर एडीएम की कोर्ट ने अर्थ दण्ड से दण्डित किया है। दण्डित किये गये सभी कारोबारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम के छापे में जॉच के बाद मिलावट की बात सामने आई थी। जिसमें लालगंज के रायबरेली रोड स्थित तारा स्वीट्स के दुकानदार नीतेश सिंह पर मिलावटी पनीर बेंचने पर पॉच हजार का जुमार्ना लगाया गया। कटरा मेदनीगंज के पराग दुग्ध सहाकारी संघ लिमिटेड पर भी मिलावटी दूध बेंचने पर पॉच हजार का जुमार्ना लगा। इसके अलावा एडीएम की कोर्ट ने नगर के पल्टन बाजार स्थित अजय कुमार मौर्य की दुकान पर मिलावटी पाश्च्यूराइज्ड सम्पूर्ण मलाई युक्त दूध श्याम ब्राण्ड का बेंचते हुए पकड़े जाने पर पच्चीस हजार का अर्थदण्ड लगाया गया है। एक माह की भीतर जुमार्ने की राशि न जमा करने पर आरोपियों के खिलाफ तहसील से आरसी जारी की जायेगी।

## बाजार में आयकर विभाग की धमक, हड़कंप

**लालगंज।** नगर की बाजार मे शुक्रवार को आयकर विभाग की आकस्मिक छापेमारी की खबर लगते ही हडकम्प मच गया। लालगंज बाजार मे दोपहर के करीब आयकर विभाग की टीम आ धमकी। टीम की भनक लगते ही बड़े बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानो के शटर गिरने लगे। देखते ही देखते लखनऊ वाराणसी के लालगंज प्रतापगढ़ तथा घुइसरनाथ रोड पर इलेक्ट्रिक, लोहे, सीमेण्ट व सरिया आदि के साथ कपड़ो के भी बड़े शोरूम का शटर डाउन हो गया। व्यापारी दुकानों को बंद कर इधर उधर आयकर विभाग की गतिविधियो पर नजर भी रखते देखे गये। हालांकि आयकर विभाग के अफसरो ने अपना नाम बताने से तो परहेज किया ही कुछ लोगों के द्वारा फोटोग्राफी देख भड़क भी गये। अफसरो ने फोटोग्राफी पर मनाही कर दी। विभाग की यहां आहट को लेकर लालगंज के अलावा सांगीपुर तथा जलेशरगंज व रानीगंज कैथौला व सगरा सुंदरपुर बाजारो मे भी दोपहर बाद से हडकंप का माहौल दिखा। सूत्रो के मुताबिक जीएसटी आदि की बिलिंग को ऑनलाइन दुरूस्त न देख आयकर विभाग की टीम चुपचाप यहां बाजार मे आ धमकी। व्यापारियो मे इस बात की भी गुफ्तगू दिखी कि टीम यहां से जाएगी अथवा दोबारा अचानक दस्तक दे सकेगी। बाजार मे टीम की मौजूदगी को लेकर सहालग मे कपडे आदि की खरीददारी करने आये लोगों को भी मायूस देखा गया। लोगों के बीच यह चर्चा रही कि आखिर ऐसा क्या है कि एकाएक यहां बड़े शोरूम पर ताला लटक रहा है।

# आरक्षण फार्म पर नाम बढ़ाकर दलाली का नया फंडा पड़ा भारी

**दलाली**

**टिकट बनवाने आए यात्री पर तीसरी आंख रखती है नजर**

**रिजर्वेशन के अलावा दूसरे विभाग के कर्मचारी भी करते हैं दलाली**




**प्रतापगढ़।** रेल प्रशासन चाहकर भी आरक्षण दफ्तर में दलाल और कर्मचारियों के बीच के सिंडीकेट का तोड़ नहीं निकाल पा रहा है। इस चक्कर में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। अब देखिए दोनों के गठबंधन ने आरक्षण फार्म पर नाम बढ़ाकर दलाली करने का नया फंडा अख्तियार किया है। जिसमें आरक्षण के साथ साथ दूसरे विभाग के कर्मचारी भी रडार पर लिए गए हैं। निष्पक्ष जांच हुई तो कई कर्मचारी नप सकते हैं। आरपीएफ की कार्रवाई से तो फिलहाल ऐसा ही लगता है।

गुरुवार को मुंबई टिकट के साथ पकड़े गए कथित दलाल ने आरपीएफ के समक्ष पूछताछ में खुलासा किया है कि उसने सीआरएस के कहने पर यात्रियों के नाम फार्म पर बढ़ाए थे। उसने यह बात थाने पर बुलाए गए सीआरएस के मुंह पर कही थी। हालांकि सीआरएस इससे इंकार करते रहें। उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि पकड़ा गया युवक उनका नाम क्यों ले रहा हैं। यह बात समझ से परे है। लेकिन जिनको वह जानता तक नहीं उनका नाम अपने फार्म पर क्यों बढ़ाएगा। इसकी तस्दीक की गई तो कई और राज से पर्दा उठा। पता चला है कि लाइन में खड़ा कौन यात्री कहां का टिकट बनवाने आया हैं, उसके साथ और कितने सदस्य यात्रा करेंगे। इसकी जानकारी के लिए सिंडीकेट को पहले से हो जाती हैं। उसके द्वारा लगे बाहरी लोग तीसरी आंख का काम करते हैं। जैसे ही यात्री का नम्बर आने वाला होता है। सिंडीकेट सक्रिय हो जाता हैं और फार्म पर अपने लोगों का नाम बढ़वाने के लिए दबाव बनाता है। अगर यात्री मान गया तो ठीक है। नहीं तो अंदर से उसके टिकट के साथ दूसरे व्यक्ति का नाम जोड़ दिया जाता है। अगर यात्री विरोध करना चाहे भी तो नहीं कर सकता क्योंकि टिकट कैंसिल करने की धमकी मिलती हैं। लेकिन अब आरपीएफ ने इस खेल का भंडाफोड़ कर दिया है। साथ ही पुनरावृत्ति पर सीआरएस को जेल भेजने की वार्निंग भी दी गई है। आरपीएफ का कहना है कि टिकट दलाली नहीं होने पायेगी। कोई भी पकड़े जाने पर जेल जायेगा।

### सीडीओ स्टाफ को लाइन में लगने की तैयारी

पकड़े गए दलाल के बाद जो खुलासा हुआ है। उसमें रिटायर रेल कर्मी के पुत्र और सिग्नल विभाग में तैनात एक कर्मचारी को टिकट बनवाने के लिए लाइन में खड़ा करने की तैयारी थी। लेकिन पता नहीं क्या हुआ बात नहीं बनी।

### कामर्शियल पोर्टर का नाम आया

दलाली के सिंडीकेट में एक कामर्शियल पोर्टर के नाम का भी खुलासा हुआ है। उसने लाइन में खड़े एक रेल कर्मी से फार्म पर जबलपुर का टिकट लेने के लिए नाम बढ़ाने की जिम्मेदारी ली थी। लेकिन बात नहीं बनी।

### स्टाफ का टिकट नहीं बनता

कतिपय आरक्षण कर्मियों पर आरोप है कि वे रेल कर्मचारियों को ही टिकट बनाने में सहूलियत नहीं देते हैं। उनके साथ भी यात्री की ही तरह पेश आते हैं। न बनाने का कोई न कोई बहाना भी करते हैं। जबकि दलाल का टिकट पलक झपकते ही बन जाता है। आरपीएफ, जीआरपी पर परिचालन के स्टाफ का जल्दी टिकट नहीं बन पता है। पुलिस वाले इससे खार खाए रहते हैं।

**संक्षेप**

## नर्स पर प्रसूता की मौत को लेकर लापरवाही का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज।** प्रसव पीड़ा के चलते विवाहिता की मौत को लेकर पति ने नर्स की लापरवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे शोभा सिंह का पुरवा, आमीशंकरपुर निवासी बब्लू सरोज पुत्र सदाशिव सरोज ने सांगीपुर थाने मे शुक्रवार को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि गुरुवार की रात सांगीपुर अस्पताल मे नर्स की लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत हो गयी। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गुरूवार की रात करीब दस बजे उसकी पत्नी सरिता सरोज 30 को प्रसव पीड़ा हुई। वह पत्नी को लेकर सांगीपुर सीएचसी ले गया। जहां चिकित्सको ने बताया कि प्रसूता के पेट मे बच्चा उलट गया है। इस पर सरिता को जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीडित का कहना है कि वह पत्नी को लेकर प्रतापगढ़ जाने की तैयारी कर रहा था कि वहां एक सेवानिवृत्त असांव निवासिनी नर्स विमला तिवारी पैसे के लालच मे पत्नी को रोक लिया। दस हजार की मांग करते हुए नर्स ने सुरक्षित प्रसव कराए जाने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि नर्स के द्वारा चार सुई लगायी गयी तभी उसकी पत्नी की हालत बिगड़ गयी। इस पर नर्स ने पीड़ित को प्रसव पीड़ा से कराह रही पत्नी को जिला अस्पताल ले जाने को कहा। जिला अस्पताल ले जाते समय लालगंज में पत्नी की मौत हो गयी। मृतका का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतका का मायका पडोसी जिले के सरैंया महमदपुर अमेठी है। मृतका अपने पीछे तीन साल की मासूम बेटी निराश्रित छोड गयी है। परिजनों ने मृतका का शव शुक्रवार को गांव मे ही कर दिया। इधर पति ने नर्स के खिलाफ सांगीपुर थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

# फलदार पौधों के रोपण करने पर दिया जायेगा अनुदान : डा0 सीमा सिंह राणा

**प्रशिक्षण**

**कुण्डा के समसपुर गांव में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजित**


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने बताया कि नमामि गंगे याजना के तहत फलदार पौधे लगाने पर किसानों को तीन हजार रूपया प्रति माह के हिसाब से अनुदान दिया जायेगा। शुक्रवार को कुण्डा के समसपुर गांव में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आम के पुराने बागों को नया जीवन प्रदान करने के लिए खुशरो बाग प्रयागराज के मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डा0 कृष्ण मोहर चैधरी ने किसानों को तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह आम के जीर्णोद्धार का सही समय होता है। सीएसआईआर लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डा0 राम सेवक चैरसिया ने बताया कि बागों के कटे हुए हिस्से पर कॉपर ऑक्सिक्लोराइड का लेप लगाकर पेड़ों को नया जीवन दिया जा सकता है। इसके अलावां तनों पर रोग से बचाव के लिए ढाई फिट ऊँचाई तक उसी दवा का लेप लगाने की किसानों को सलाह दी। औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरोबाग के प्रशिक्षण प्रभारी बीके सिंह ने किसानों को कलमी पौधे लगाने व कनोपी प्रबंधन की जानकारी दी। उप निदेशक उद्यान ने आम के फसलों पर किसानों को बीमा कराय जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने भी किसानों को सरकार द्वारा दिये जा रहे योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विभाग की पोर्टल से लिंक होकर योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह भी दी।

# एएसपी की फटकार पर आरोपितों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**लालगंज।** एएसपी की फटकार पर दहेज उत्पीडन को लेकर पुलिस ने ससुरालीजनो के खिलाफ गुरूवार की शाम केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाईं निवासी रामलगन यादव ने स्थानीय पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी पुत्री आकांक्षा की शादी नबाबगंज थाना के मदूपुर गांव मे हुई है। शादी के बाद से दहेज मे दो लाख रुपए नकद दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसकी बेटी के साथ मारपीट तथा गालीगलौज करने लगे। आये दिन ससुरालीजनो द्वारा बेटी को प्रताडित करने से परेशान पिता ने पुलिस को तहरीर दी। मुकदमा लिखने मे हीलाहवाली करने पर पीडित ने जिले के एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र से मिलकर शिकायत की। एएसपी की फटकार के बाद तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति राहुल यादव पुत्र रामअभिलाष तथा ससुर राम अभिलाष, जेठ चंदन यादव, सास शिवकुमारी व देवर अमित यादव के खिलाफ दहेज उत्पीडन तथा मारपीट व गालीगलौज का केस दर्ज किया है।

# व्यापारियों ने नगरपालिका अध्यक्ष की सीट पिछड़े वर्ग कोटे में देने की रखी मांग

## चौबीस साल से काबिज हैं चेयरमैन सीट पर पति-पत्नी


नगरपालिका अध्यक्ष से बातचीत करते व्यापारी

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों की शुक्रवार को मंडल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केशरवानी के नगर स्थित प्रतिष्ठान पर बैठक हुई। जिसमें नगरपालिका की चेयरमैन सीट को पिछड़े वर्ग कोटे में रखे जाने की मांग की। व्यापारियों ने वर्तमान अध्यक्ष प्रेमलता सिंह व उनके पति हरि प्रताप सिंह पर व्यापारियों के हितों को अनदेखा करने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह व प्रेमलता सिंह बारी-बारी चैबीस साल से अध्यक्ष के पद पर काबिज हैं। इसलिए इस सीट को पीछड़े वर्ग कोटे में डाला जाना चाहिए ताकि औरों को मौका मिल सके। कहा कि आजादी के बाद से एक बार व्यापारी लखनलाल चैरसिया को अध्यक्ष बनने का मौका मिला था। तब से आज तक एक भी व्यापारी नगर पालिका का अध्यक्ष नहीं बन सका। व्यापारियों ने पार्टियों से मांग की इस बार अध्यक्ष पद पर ईमानदार, सम्मानित, सरल व प्रतिष्ठित व्यापारी को ही टिकट दें। व्यापारियों ने कहा कि यह सरकार भी बनियों की नहीं बल्कि बाहुबलियों की सरकार है। नगर युवा अध्यक्ष अख्तर राइन ने कहा कि नगरपालिका अध्यक्षता एक ही व्यक्ति की बपौती बन गई है। वर्तमान अध्यक्ष दोनों पति-पत्नी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह व्यक्ति चाहे जितना भी गोलमाल करे जनता के बदलाव चाहने के बाद भी पैसों व वर्चस्व के बल पर बदलाव नहीं हो रहा है। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने कहा कि शहर व्यापारी वर्ग बाहुल्य क्षेत्र है। परन्तु सदियों से एक ही परिवार में चेयरमैन की कुर्सी है। शहरवासी नगरपालिका में फैले भ्रष्टाचार से प्रताड़ित होने को मजबूर हैं। बैठक में लखन बाबा, संजय सोनी, रमा शंकर जायसवाल, मुरलीधर केसरवानी, कृष्ण मोहन केसरवानी, सुरेश चंद्र केसरवानी, राहुल केसरवानी, सतीश सोनी, सकील अख्तर, आशीष सिंह, सरदार महेन्द्र सिंह समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# शिक्षा से ही महिला सशक्तीकरण संभव : बीडीओ

**कार्यक्रम**

**तरुण चेतना द्वारा इंटरफेस कार्यक्रम का हुआ आयोजन**


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते उप जिलाधिकारी

**पट्टी।** तरुण चेतना द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश मे महिला सशक्तिकरण को बढावा देने की दिशा व नागरिक समाज संगठनो का मजबूतीकरण परियोजना के अंतर्गत आमना सामना शिविर का आयोजन तहसील सभागार पट्टी मे किया गया। जिसमे उप जिलाधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह ने कहा कि महिला जब सशक्त होगी तभी उसका उत्थान होगा।. इस तरह के कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है। जिसके लिए संस्था का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेको प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि आप सब चुप न रहे अपनी समस्याओ को अधिकारियो तक पहुचाने का हर संभव प्रयाश करे तभी उसका निराकरण किया जा सकता है। इसी क्रम में खन्ड विकास अधिकारी राम प्रसाद ने कहा कि विकास की राह में महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा से ही महिला सशक्तीकरण संभव है। ऐसे प्रोगाम होने से उर्जा का संचार होता है। खंड विकास अधिकारी ने सावित्री बाई फुले व फातिमा बी के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि उनके द्वारा महिलाओं को शिक्षित करने का संकल्प लिया गया था जिससे भारत की प्रथम शिक्षिका में उनका नाम आता है। महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है जबकि पुरुष के शिक्षित होने से एक व्यक्ति शिक्षित होता है। नायब तहसीलदार रामेश्वर तिवारी ने कहा कि अगर आप शिक्षित है तो आप ब्लाक जा सकती है, तहसील जा सकती है जिले पर जा सकती हैं और अपनी समस्या का समाधान कर सकती हैं। जिला विधिक प्राधिकरण के अधिवक्ता इन्द्र प्रसाद तिवारी ने महिलाओं को दुर्घटना बीमा सहित कई योजनाओं की न्यायिक जानकारी दी। कार्यक्रम के शुरू में संस्था के निदेशक नसीम अंसारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अंत में संतोष कुमार चतुर्वेदी सभी उपस्थित अधिकारियो एवं महिलायों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पैरा विधिक वालंटियर मुहम्मद शमीम, राकेश गिरी, बृजलाल, शकुंतला देवी, कलावती वर्मा, मोहम्मद सहीद, भीष्म प्रताप सिंह, रीता, विमला, चमेला, उषा देवी, अमरावती आदि किसान समूह एवं यफपीसी की सैकड़ों महिलाये उपस्थित रही।

# दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**लालगंज।** सांगीपुर मे ब्लाक प्रमुख के भाई पर कातिलाने हमले को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व गालीगलौज तथा धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं गोली लगने से घायल प्रमुख के छोटे भाई संतोष सिंह पप्पू की स्थिति दूसरे दिन भी प्रयागराज के एसआरएन मे नाजुक बतायी गयी। घटना को लेकर पप्पू के बड़े भाई अशोक सिंह ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौपी है। तहरीर मे अशोक कुमार सिंह उर्फ बब्लू ने कहा है कि आठ दिसंबर को दिन मे एक बजे विपक्षी उनके मौसेरे भाई शिवेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र शिव सहाय सिंह सामूहिक सम्पत्ति पर नाजायज कब्जा करने की नीयत से जबरिया निर्माण कार्य कराने लगे। इसको लेकर उनके छोटे भाई संतोष कुमार सिंह उर्फ पप्पू वहां गये तो आरोपी शिवेन्द्र बहादुर सिंह मुन्ना व मुन्ना की पत्नी कुसुम सिंह गालीगलौज करने लगे। इतने मे कुसुम सिंह घर से पिस्टल लाकर मुन्ना को दे दिया और बोली कि रोज रोज का झगडा खत्म करने के लिए इसे मार डालो। कुसुम के ललकारने पर मुन्ना ने पिस्टल से पप्पू पर जान से मारने की नीयत से सीधे फायर कर दिया। पहला फायर संयोग से पप्पू को नही लगा तो मुन्ना ने दूसरा फायर भी कर दिया। पिस्टल की छीनाझपटी मे गोली पप्पू सिंह को पैर मे लग गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवेन्द्र बहादुर मुन्ना व कुसुम सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। घटना के बाद पप्पू को प्रयागराज के एसआरएन ले जाया गया है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक दूसरे दिन भी वहां घायल पप्पू की हालत नाजुक बनी हुई है। इधर प्रमुख के छोटे भाई पर कातिलाने हमले को लेकर दूसरे दिन भी सांगीपुर बाजार व सुजाखर समेत कई गांवो मे लोगों मे आक्रोश देखा गया। घटना के बाबत एसओ जितेन्द्र सिंह का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी की तलाश पुलिस टीम कर रही है। शीघ्र ही उसे हिरासत मे लेकर जेल भेजा जाएगा।

# धूमधाम से मनाई गई पंडित रामराज शुक्ल की जयंती

**जयंती**

**रामराज इंटर कालेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने मोहा मन**




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे व उपस्थित भीड़

**पट्टी।** नगर स्थित रामराज इंटर कालेज में स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामराज शुक्ल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कालेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति करते हुए सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में स्थापित पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय और रामराज शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कीर्ति तिवारी व मनीषा ने सरस्वती वंदना तथा वर्षा, प्रियंका ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्नेहा व सोनी ने देश रंगीला गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अंशु चैहान ने पावन अति मनभावन गीत से मौजूद लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। 12वीं के छात्रों द्वारा अब के बरस तुझे धरती की रानी गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर आयुक्त वाराणसी मंडल प्रदीप सिंह ने रामराज इंटर कॉलेज में अध्ययन के दौरान अपनी स्मृतियों को साझा किया। ग्रामीण इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्याम किशोर शुक्ला ने स्वतंत्रता सेनानी रामराज शुक्ल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें मजदूर किसानों का सच्चा हितैषी बताया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रशांत देव शुक्ल ने शिक्षा के क्षेत्र में उनका अतुलनीय योगदान बताते हुए व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। टीवी चैनल की लोकप्रिय गायिका सेजल ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत सजा दो घर को गुलशन से तथा सोहर गीत चंदा मामा रे आवा परे आवा गीत प्रस्तुत किया तो लोग ताली बजाने पर मजबूर हो गए। स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी के महाकाव्य पर लिखी गई रामराज शुक्ल के व्यक्तित्व को प्रकाशित करने वाली पंक्तियों को पढ़ा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम शंकर मिश्र प्रशांत देव शुक्ला, ईओ मनोज प्रियदर्शी, इम्तियाज अहमद, सीताराम इंटर कालेज के प्रबंधक श्याम शंकर मिश्रा , पवन सिंह, सहेली संगिनी सहेली की फाउंडर महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही प्रियल भरद्वाज, राजकुमार वर्मा, रामगुलाब सिंह, पूर्व प्राचार्य राजदेव मिश्र, संगमलाल शुक्ला, रामाशंकर मिश्र, राम लवट यादव, अवधेश प्रसाद त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम ने किया।

# चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज।** ट्रक की चपेट मे आने से महिला की मौत पर पुलिस ने गुरूवार की रात अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने तथा गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। नबाबगंज थाना के किशुनदासपुर निवासी रामप्रताप विश्वकर्मा के पुत्र सतीश कुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीन दिसंबर को उसका पिता बाइक से किशुनदासपुर से डेरवा जा रहा था। लालगंज के ढिगवस के समीप बिहारीगंज बाजार के पास ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे बाइक पर सवार उसके पिता तथा मां आशा देवी को चोटे आ गयी। ट्रक की चपेट मे आने से पीडित की मां आशा की मौके पर ही मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।


## जनसंपादकीय

# चीन ने बताई भारत को धता

विश्व के एक अत्यंत महत्वपूर्ण महासागर का नामकरण भारत के नाम पर होना भारत की प्राचीनता और महत्ता को इंगित करता है। भारत की अनुपस्थिति में हिन्द महासागर की बात हो तो इसे क्या कहेंगे, मगर ऐसा हुआ और उसका सूत्रधार बना चीन, जो इन दिनों बहुत तेजी से नव-विस्तारवादी रणनीति पर चल रहा है।

चीन में गत सप्ताह चाइना इंटरनेशनल डेवलपमेंट कोअपरेशन एजेंसी (सिडका) ने प्रथम चाइना-इंडियन ओशन रीजन फओरम का आयोजन किया। इसमें भारत के सभी पड़ोसियों और क्षेत्रीय देशों को आमंत्रित किया गया। फोरम में इंडोनेशिया, म्यांमार, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, माल्दीव, नेपाल, अफगानिस्तान, मैडागास्कर, सेशेल्स, मारीशस, जिबूटी और आस्ट्रेलिया ने भाग लिया। यही नहीं, चीन के न्यौते पर इसमें ईरान, ओमान, साउथ अफ्रीका, केन्या, मोजांबिक, तंजानिया ने भी शिरकत की। मेजबान चीन और उन्नीस मेहमानों को मिलाकर बीस देशों की यह बैठक 21 नवंबर को चीन के दक्षिण-पश्चिमी युन्नान प्रांत में कुनमिंग में संपन्न हुई। फोरम में 19 देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण और गौरतलब भी भारत की अनुपस्थिति। मेहमान राष्ट्रों की फेहरिस्त पर नजर डालें तो फोरम के बहाने भारत को धता बताने की बीजिंग की मंशा बेहद साफ थी। इसके पीछे भआरत को अलग-थलग करने और अपने आर्थिक-सामरिक मतलब गांठने की चीन की नीयत नजर आती है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि क्षेत्रीय वर्चस्व स्थापित करने के लिए वह अपनी सुविचारित रणनीति पर किस तरह कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहा है। बिला शक इसे चीन की ताजा सामरिक पहल के तौर पर देखा जाना चाहिए।

सिडका चीन की विकास में इमदाद की नयी एजेंसी है। उसके गठन के पीछे चीन का दूरगामी प्रयोजन है। इसकी बागडोर चीन के भूतपूर्व विदेश मंत्री लुओ झाओ हुई के हाथों में है। लुओ भारत और पाकिस्तान में चीन के राजनय रह चुके हैं। इस फोरम की अध्यक्षता भी लुओ ने की। इस फओरम का आयोजन हिन्द महासागरीय क्षेत्र में चीन की बढ़ती रुचि, दखल और पैठ का आभास देती है। हिन्द महासागरीय क्षेत्र में चीन के मंसूबे किसी से छिपे नहीं हैं। इसी साल चीन के विदेश मंत्री वांग यी जब कोलंबो गये तो उन्होंने श्रीलंका के समक्ष हिन्द महासागरीय प्रायद्वीप-राष्ट्रों के विकास पर एक पृथक फोरम के गठन का प्रस्ताव रखा, ताकि सवार्नुमति बने और साझा विकास को गति मिले। उन्होंने श्रीलंका से इसमें अहम भूमिका निभाने की अपील भी की। चीन के झांसे के दूरगामी दायरे का पता फोरम की विज्ञप्ति से बखूबी चलता है। फोरम में चीन ने चीन और अन्य प्रतिभागी देशों के मध्य हिन्द महासागरीय क्षेत्र में समुद्री आपदाओं की रोक थाम और शमन के लिए साझा मेकैनिज्म की वकालत की और कहा कि इसके लिए वह जरूरी वित्त, साजो-सामान और तकनीकी सहायता मुहैया करने को तैयार है। उसने सभी देशों के लिए एक साझा थिंकटैंक नेटवर्क की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। विज्ञप्ति पर यकीन करें तो प्रतिभागी देशों में नीतिगत समन्वय, विकासगत सहयोग, मत्स्यपालन, पुनर्नवीकृत ऊर्जा, पर्यटन और जहाजरानी के जरिये लाभार्जन पर भी बातें हुईं। चीन ने आमंत्रित देशों को गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों का मिलजुलकर सामने करने की पट्टी भी पढ़ाई। आश्चर्य नहीं कि 19 देशों के प्रतिनिधियों को विश्व की दूसरी आर्थिक और सामरिक महाशक्ति की ये बातें श्रुतिमधुर और भली लगी हों। भारत को चीन के 19 देशों की रकाबियों में परोसे गये इन कपट-प्रस्तावों के वास्तविक प्रयोजन के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। निश्चित ही यह फोरम भी बीजिंग के दूरगामी महत्व के एजेंडे का हिस्सा है और किसी भी तरह की गफलत भारत को भारी पड़ेगी।



**डा. सुधीर सक्सेना**
**लेखक कवि एवं संपादक हैं**


# केजरीवाल की रेवड़ियां काम नहीं आयीं

दो राज्यों- गुजरात और हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली नगरनिगम के चुनाव अप्रत्याशित नहीं हैं। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल या आप की तरह खुद अपनी और से कराए गए किसी पोल से रुझान का पता तो चल जाता है मगर कई बार वास्तविक परिणाम झटका भी दे देते हैं। इस बार तो हद तब हो गई जब केजरीवाल ने आईबी के हवाले से गुजरात में आप की सरकार बनने और बीजेपी के घर बैठने की घोषणा ही कर दी। इससे अपनी विश्वसनीयता पर उन्होंने एक और प्रश्नचिन्ह लगवा लिया।

बात करें दिल्ली एमसीडी के चुनाव की। यहाँ मुख्य मुद्दा दिल्ली के कूड़े के पहाड़ और मनीष सिसोदिया पर लगे शराब ठेके व सत्येंद्र जैन के जेल में फाइव स्टार सुविधा वाले वीडियो थे। आप के पास फ़्रीबिज यानी मुफ़्त दी जाने वाली तमाम सुविधाओं की घोषणाएँ थीं। दिल्ली में आप पर लगे आरोपों का प्रभाव सिर्फ इतना हुआ कि जिन पर आरोप थे उन नेताओं की सीटों पर आप थोड़ी कमजोर व बीजेपी मजबूती से उभरी है। मगर कुल मिलाकर दिल्ली में बीजेपी ने जितनी ताकत झोंकी थी, जितने बड़े बड़े नेता वहाँ प्रचार में लगे थे, वे वैसा प्रभाव नहीं छोड़ पाए जैसा कि बीजेपी समझ रही थी या उसके पक्ष में मीडिया जैसा बता रहा था। निश्चित ही इसके पीछे बीजेपी की पिछले पंद्रह वर्षों की एंटी-इंकमबेंसी तो है ही, केजरीवाल की मुफ़्त बिजली-पानी की रेवड़ीबाँट का भी बड़ा योगदान है। एक तरफ बीजेपी ने देश में कई लोगों से एलपीजी पर मिलने वाली सब्सिडी को छोड़ने वाला वर्ग तैयार किया है तो वहीं केजरीवाल की पार्टी ने रिज्के-हलाल (ईमानदारी की कमाई) जैसे उच्च आदर्श से लोगों को भटकाने की कोशिश की है। दिल्ली और पहले पंजाब के लोगों ने इस मुफ्तखोरी पर जैसे मुहर लगा दी है। हो सकता है कि अगली बार चुनाव में अन्य दलों द्वारा इस रेवड़ीबाँट में बढ़-चढ़कर बोली लगाने की प्रतिस्पर्धा मुफ्तखोरी की और बढ़-चढ़कर बोली लगाएँ, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

हिमाचलप्रदेश के परिणाम बहुत चौंकाने वाले नहीं हैं। राजस्थान व हिमाचलप्रदेश दो ऐसे राज्य हैं जहाँ जनता प्रायः हर पाँच साल में सत्तारूढ दल को चिंतन शिविर में भेज दिया करती है। वही इस बार भी हुआ है। यहाँ कांग्रेस को 40, बीजेपी को 25 व अन्य के खाते में 3 सीटें, यानी कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। देखते है कि वहाँ घोड़ों की मण्डी कब लगती है। लेकिन गुजरात अपने मोदी प्रेम पर कायम रहा है। कांग्रेस यहाँ पहले से भी कमजोर साबित हुई है और आप की रेवड़ियाँ यहाँ फीकी साबित हुई हैं। कांग्रेस ने तो जैसे गुजरात में बीजेपी को वाकओवर ही दे दिया है। शायद उनके मन में यह हो कि हम जोर न लगाएँ तो शायद आपह्लवाले बीजेपी को उखाड़ फेंके। मगर ऐसा न हो सका। गुजरात के लोगों ने स्वाभिमान दिखाया और ये फ़्रीबिज उन्हें आकर्षित नहीं कर सके। कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि गुजरात ही नहीं पूरे देश में अपना विजन लेकर उपस्थित हों, महँगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाएँ, बीजेपी शासित राज्यों में कोई भ्रष्टाचार पकड़ में आए तो उसे उजागर करें जो राफेल जैसा या चौकीदार चोर है, जैसा न हो, तब शायद कोई बात बन सके। समान नागरिक संहिता, सेक्शन 370, ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों को देश की जनता ने अपना लिया है। इनके नाम का ढोल पीटने से अब कुछ हासिल नहीं होगा। आरएसएस और सावरकर का विरोध आदि कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर जब भी कांग्रेस ने विरोध किया है, आम जनता, विशेषकर तटस्थ हिंदुओं ने इसे स्वीकार नहीं किया है और कांग्रेस को उसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। आज इनसे आगे बढ़ने की जरूरत है।

इन परिणामों के परिप्रेक्ष्य में कुछ राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों में व 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस को व्यक्तिगत हमलों से बचते हुए एक नई व दृढ़ रणनीति के साथ मैदान में उतरना होगा। देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाली व सर्वाधिक समय तक शासन करने वाली पार्टी से एक सशक्त प्रतिपक्ष की भूमिका अपेक्षित है।



**ओम वर्मा**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं,**
**संपर्क 09302379199**

# मानवाधिकारों की कसौटी मानवीय विवेक है

**प्रसंगवश**



**डॉ. चित्रा माली**

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस प्रति वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है लेकिन इस दिवस के मायने क्या आज भी सभ्य समाज के लोगों द्वारा समझे गए है या महज अन्य दिवसों की भांति ही आयोजन मात्र उद्देश्य है ? वर्तमान समय में कई दिवस सवालों के घेरे में है जिन्हें महज कागजी खाना पूर्ति के लिए आयोजित किए जाते हैं । इन दिवसों के आयोजनों में निष्ठा और प्रतिबद्धता उन लोगों के द्वारा भी प्रदर्शित की जाती हैं जो अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक हैं । बहरहाल जब हम अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की बात कर रहे हैं तो इस दिन का अपना एक लंबा इतिहास है और संघर्ष है जो हमारे अधिक मानवीय, सभ्य और विकसित होने की निशानी है । मानवाधिकारों का अभिप्राय ऐसे अधिकारों से है जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है और वे व्यक्ति के ऐसे अधिकार है,जिनसे उसे किसी भी स्थिति में वंचित नहीं किया जा सकता है स्वयं उसके चाहने पर भी नहीं । संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की प्रस्तावना के प्रारंभ में ही यह उल्लेखित किया गया है कि ₹विश्व में स्वतंत्रता,न्याय और शांति की नींव मानव परिवार के सभी सदस्यों की जन्मजात गरिमा और उनके अहस्तांतरणीय तथा समान अधिकारों की स्वीकृति है । मानवाधिकारों का दायरा इतना व्यापक है कि इसमें संपूर्ण मानवीय कार्य व्यापार इनके अंतर्गत समाहित हो जाते हैं । स्वतंत्रता इनके मूल में निहित है,स्वतंत्रता के बिना अधिकारों की कल्पना भी संभव नहीं है । जब हम स्वतंत्रता की बात कर रहे हैं तो यहां राष्ट्र की स्वतंत्रता के साथ -साथ व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की भी बात कर रहे है जो अत्यंत महत्वपूर्ण है । व्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करना उसके अधिकारों का हनन है । 1215 के मैगनाकार्टा के बाद 1679 में हैबियस कार्पस एक्ट (बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम) को पारित किया गया जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को स्वीकार किया गया था। अमरीकन बिल ऑफ राइट्स 1776 में अमरीकी जनता ने स्वतंत्रता की मांग की और एक घोषणा पत्र जारी किया,जिसमें यह कहा गया कि मनुष्य जन्म से स्वतंत्रता और समानता तथा सभी अधिकारों का सक्रिय भोक्ता है और इन्ही अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकारें बनाई जाती हैं। 1789 में अमरीकी संविधान में संशोधन किया गया और दो वर्ष बाद 1791 में बिल ऑफ राइट्स को अमरीकी संविधान में जोड़ दिया गया । बिल ऑफ राइट्स में धर्म की स्वतंत्रता,भाषण व प्रेस की स्वतंत्रता,अनुचित तलाशी के विरुद्ध अधिकार,निष्पक्ष न्याय व संपत्ति के अधिकार, सजा व जुमार्ने से सुरक्षा का अधिकार, दासता से मुक्ति व राज्यों के द्वारा रंगभेद व जातिभेद से मुक्ति का अधिकार,वयस्क मताधिकार के अधिकार को इसमें शामिल किया गया था जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक और अनिवार्य है । 1789 की फ्रांस की क्रांति से तीन बीज मंत्र निकले थे स्वतंत्रता,समानता और भाईचारा जिसने पूरे विश्व को प्रभावित किया । यह फ्रांसीसी जनता की मूलभूत स्वतंत्रताओं का घोषणा पत्र था जिसे 26 अगस्त 1789 में राष्ट्रीय असेंबली वाल्टेर ने नागरिकों के मानवाधिकारों के घोषणा पत्र के रूप में स्वीकृति प्रदान की थी । इस घोषणा पत्र में 17 धाराएं थी । स्वतंत्रता,समानता के अधिकार के साथ किसी भी व्यक्ति को मनमाने ढंग से बंदी नहीं बनाया जा सकता है अर्थात शासन की स्वेच्छाचारिता के विरुद्ध अधिकार प्रदान किया गया था । मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अतिरिक्त नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा और आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा में भी मनुष्य की स्वतंत्रता को केंद्र में रखा गया है । मानवाधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण बात है कि हमारे राजनीतिक और सामाजिक तंत्र में मानव अधिकारों के प्रति निष्ठा औपचारिक तौर पर सिर्फ कानूनों और घोषणाओं में ही व्यक्त की जाती है या व्यवहार में और राजनीतिक संस्कृति में भी वे अभिव्यक्ति पाती हैं ? इस संदर्भ में इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि अंतर्विरोधों से भरे इस समय में मानवाधिकारों के हनन की समस्या विश्वव्यापी है । भले ही वे विकसित राष्ट्र हो या विकासशील राष्ट्र सभी राष्ट्रों में मानवाधिकारों का हनन जारी है । ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस जैसे संभ्रांत लोकतांत्रिक देशों में आज भी गैर - यूरोपीय मूल के लोगों को प्रताड़ित किया जाता है । अमेरिका में पुलिस के द्वारा अल्पसंख्यकों और अश्वेतों को यातनाओं का शिकार बनाया जाता है । आस्ट्रेलिया की जेलों में सबसे अधिक मृत्यु वहां के मूल निवासियों की होती है । एमनेस्टी इंटरनेशनलकी रिपोर्ट के अनुसार कई देशों में बिना मुकदमें दायर किए वर्षों से लोगों को जेल में कैद रखा गया है । राजनीतिक प्रतिवादियों को भी सींखजो के पीछे ठूस दिया जाता है । सामाजिक कार्यकताओं की सुनियोजित तरीके से हत्याओं का होना सामान्य घटना है । कई देशों में कैदियों को प्रताड़ित करने के लिए उनके नाखूनों में सुई चुभोई जाती है,बिजली के झटके दिए जाते हैं, आंखे फोड़ दी जाती हैं, कोड़े लगाए जाते हैं,हाथ काट दिए जाते हैं और भी कई अमानवीय यातनाएं दंडस्वरूप दी जाती है । मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एमनेस्टी इंटरनेशनल, इंटरनेशनल लीग फॉर ह्यूमन राइट्स, इंटरनेशनल कमिशन ऑफ ज्यूरिस्ट, संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकार आयोग जैसे कई अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो मानवाधिकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मानवाधिकारों का हनन जारी है आज भी नस्ल के आधार पर,रंग के आधार पर,गैर मूल के लोगों को प्रताड़ित किया जाता है । फर्क महज इतना है कि इन देशों का नागरिक समाज मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए प्रतिरोध करता है और हम भारतवासी मानवाधिकारों के हनन और हिंसक घटनाओं को अपने -अपने (धर्म, जाति,वर्ग,लिंग) कंफर्ट जोन से देखने समझने की कोशिश करते हैं । भारत में मानवाधिकारों और अधिकारों के हनन का बहुत ही मार्मिक चित्रण माननीय महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी ने संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अपने वक्तव्य में व्यक्त किया है । माननीय महामहिम द्वारा सरल सहज शब्दों में कास्ट,क्लास और जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव को,समान न्याय और समय पर न्याय न मिल पाने के कारण उनसे उत्पन्न विसंगतियों की और भी ध्यान आकर्षित किया है । नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 की रिपोर्ट के आंकड़े भी माननीय महामहिम की चिंता को जायज ठहराते है। भारत की सभी जेलों में 76 प्रतिशत विचाराधीन कैदी है जो 10 से 15 वर्षों से फैसले का इंतजार कर रहे हैं । क्लास के आधार पर 73 प्रतिशत एस सी, एस टी,ओबीसी वर्ग से आते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत निम्न है तथा जिनके पास जमानत के पैसे भी नहीं है । इस स्थिति का वर्णन फिल्म जय भीम में भी किया गया है जिसमें न्यायिक प्रक्रिया और समान न्याय की अवधारणाओं के भेद को भी बखूबी से बयान किया गया है । आज कल हम डिनोटिफाइड ट्राइब्स पर काफी चर्चा कर रहे हैं जिन पर कभी अलग से विमर्श नहीं किया गया है । इन ट्राइब्स के लोगों को जन्मजात अपराधी माना जाता रहा है । दिल्ली क्राइम वेब सीरीज के दूसरे सीजन में डिनोटिफाइड ट्राइब्स को केंद्र में रखा है और उनके विरुद्ध बनी बनाई धारणाओं को तोड़ने का काम भी किया है । कई विद्वानों को भी इसी (वेब सीरीज) के संवादों को दोहराते हुए आपने भी सुना होगा । इस वेब सीरीज में खास बात यह है कि जिस डिनोटिफाइड ट्राइब्स के लोगों को पुलिस के द्वारा प्रताड़ित किया जाता है, हिरासत में लिया जाता है तो इन्ही के समुदाय का व्यक्ति जो पेशे से वकील है और कामयाब भी है जिसकी सामाजिक हैसियत इनसे अलग है लेकिन वो अपने समुदाय को और लोगों को नहीं भूलता है और उनके साथ होने वाले अन्यायों के खिलाफ और उनके अधिकारों के लिए वो लड़ाई लड़ता है । व्यक्ति की आर्थिक हैसियत उसकी सामाजिक हैसियत को भी निर्धारित करती है जिससे वह अपने कास्ट,क्लास के लोगों को उनके रोजमर्रा के संघर्षों को भूल जाता है । कुछ लोगों को अपवाद माना जा सकता है जो आज भी अपनी जड़ों से जुड़े है और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए कार्य कर रहे हैं ।

भारत में भी मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना की गई है । वर्तमान समय में जो घटनाएं घटित हो रही है वे मानवाधिकारों की अवधारणा के विरुद्ध है लेकिन इनके खिलाफ किसी प्रकार का वक्तव्य आयोग के द्वारा जारी नहीं किया गया और न ही मानवाधिकारों के हनन के प्रति चिंता जाहिर की है । मानवाधिकार आयोग के अतिरिक्त कुछ स्वयंसेवी संगठन और चंद मुठ्ठी भर सक्रिय लोग हैं जो मानवाधिकारों के उल्लंघन को प्रकाश में लाने का प्रयास करते हैं तथा आम आवाम को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम भी करते हैं साथ ही अन्य लोगों के अधिकारों के हनन के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिरोध करने का साहस भी प्रदान करते हैं । हम मानवाधिकारों को मानवाधिकार दिवस की प्रासंगिकता को किस रूप में देखते समझते हैं यह हमारे स्व-विवेक पर निर्भर करता है इसलिए विवेक को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकसित करते रहना हमारे मानवीय अस्तित्व को बनाए रखने की अनिवार्य शर्त है ।

**( लेखिका सामाजिक चिंतक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अतिरिक्त नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा और आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा में भी मनुष्य की स्वतंत्रता को केंद्र में रखा गया है । मानवाधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण बात है कि हमारे राजनीतिक और सामाजिक तंत्र में मानव अधिकारों के प्रति निष्ठा औपचारिक तौर पर सिर्फ कानूनों और घोषणाओं में ही व्यक्त की जाती है या व्यवहार में और राजनीतिक संस्कृति में भी वे अभिव्यक्ति पाती हैं ? इस संदर्भ में इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि अंतर्विरोधों से भरे इस समय में मानवाधिकारों के हनन की समस्या विश्वव्यापी है ।**

# गुजरात चुनाव के केन्द्र में नरेन्द्र मोदी

**सामयिकी**



**शाहिद नकवी**

गुजरात विधानसभा चुनाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। चाहे बात उनके समर्थन की हो या विरोध की। दरअसल बीते 27 साल से अपराजेय भाजपा में 21 साल नरेंद्र मोदी के रहे हैं। वही विरोध और समर्थन की राजनीति के केंद्र बिंदु भी रहे हैं। ऐसे में चुनाव लोकसभा का हो या विधानसभा का मोदी के इर्द-गिर्द सिमट जाता है। इस बार भी वही तस्वीर रही है। भाजपा ने गुजरात में अपनी जीत का नया बेंचमार्क तो बनाया है। नरेंद्र भाई ने गुजरात में माडल आप गुजरात कायम किया है।दरअसल भाजपा के लिए सहानुभूति वोट हासिल करने के लिए मोदी आक्रामक हो जाते हैं।पीएम मोदी पर व्यक्तिगत हमले को गुजरात के गौरव पर हमले के रूप में प्रचारित किया जाता है क्योंकि पीएम इस पीढ़ी के राज्य की सबसे बड़ी हस्ती हैं।इस चुनावों को भी ठीक यही हुआ। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस बार मोदी को उनकी औकात दिखायेंगे।बस यहीं से मोदी ने इसे गुजरातियों पर हमला बता कर इसे हर जन सभा में जम कर उछाला। नतीजे में कांग्रेस साल 2017 के चुनाव जैसा प्रदर्शन भी नहीं दोहरा सकी।इस चुनाव में विपक्ष की कोशिश के बाद भी बिल्किस बानों केस और मोरबी पुल हादसा भी गुजरात की जनता के लिए कोई मुद्दा नहीं बन सका। यहां तक की राज्य की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाली दस सीटों पर भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

गुजरात में भाजपा ने इतिहास लिखा है और परिणाम के बाद चाहे वो आम आदमी पार्टी हो या फिर कांग्रेस उन्हें चिंतन से ज्यादा अपना अवलोकन करने की जरूरत है।दिलचस्प बात यह है कि चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने कहा था- नरेंद्र का रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ेंगे।नतीजों में यही नजर आ रहा है। भाजपा गुजरात के राजनीतिक इतिहास में एक नई इबारत लिख चुकी है और इस इबारत के लेखक और कोई नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ही हैं।वह अपने गृह राज्य में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने के इच्छुक थे। क्यों कि यह 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए अपने समर्थन का आधार बढ़ाने और गति बनाए रखने की उनकी आगे की रणनीति का हिस्सा था। गुजरात में बम्बर जीत के बाद कोई शक नहीं कि मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए संसद में पार्टी का नेतृत्व करेंगे?गुजरात चुनाव 2024 के नतीजे राष्ट्रीय चुनावों में मोदी की लोकप्रियता को लेकर महत्वपूर्ण संकेत दे रहे हैं।वहीं अगले साल कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश सहित दूसरे राज्य विधानसभा चुनावों के लिए गुजरात पार्टी कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने सहित भाजपा की तैयारियों के लिए एक पाठ भी उपलब्ध करा रहा है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दो कार्यकाल से केंद्र में शासन कर रहे हैं और अगला लोकसभा चुनाव 2024 में है। गुजरात चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई रहा है।जिसे आसानी से जीत लिया है।दरअसल हमेशा यह दिखाने की कोशिश की जाती है कि भले ही पार्टी के खिलाफ नाराजगी है, नरेंद्र मोदी के खिलाफ कोई नाराजगी नहीं है, चाहे कोई भी मुख्यमंत्री हो, नरेंद्र मोदी को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से वोट दें। गुजरात की जनता ने यही किया और देश को संदेश भी दिया।ये सभी कारक हैं जिसके कारण नरेंद्र मोदी ने अधिक प्रचार किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे गुजरात में रैलियां कीं।उन्होंने सौराष्ट्र, उत्तर गुजरात, मध्य गुजरात और दक्षिण गुजरात में रैलियों को संबोधित करके पार्टी के लिए प्रचार किया।नरेंद्र मोदी ने 35 से अधिक रैलियों को संबोधित किया और गुजरात में तीन बड़े रोड शो का नेतृत्व किया।एक दिसंबर को उनका मेगा रोड शो हुआ जो गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के 16 विधानसभा सीटों पर अपना प्रभाव डालने के लिए किया गया। यह अभूतपूर्व 50 किलोमीटर लंबा रोड शो करीब तीन घंटे तक चला।हाल के सालों में किसी नेता ने एक दिन में इतना बड़ा रोड शो नहीं किया। वैसे ये भाजपा में बेचैनी को भी दिखाता है।इतना ही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के केंद्रीय नेता, मंत्री और मुख्यमंत्री भी गुजरात में चुनाव प्रचार में शामिल रहे।प्रचार में बीजेपी ने गुजरात की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने का वादा किया। सरकार के विकास कार्यों का ज़िक्र किया।यानी ज्यादातर प्रचार 'पार्टी की उपलब्धियों' के इर्द-गिर्द बुना गया था।पार्टी में भी असंतोष था, विरोध करने के लिए हजारों लोग गांधीनगर के बीजेपी मुख्यालय गए थे, उम्मीदवार बदले गए जहां उन्हें बदलना था, जिन बाहुबली नेताओं के खिलाफ मामले थे उन्हें टिकट देना पड़ा, आरएसएस के उम्मीदवारों को भी मैदान में उतारना पड़ा। ऐसे तमाम समझौते किए गए।इसलिए कि मोदी का किसी भी कीमत पर गुजरात में चुनाव जीतना जरूरी था।गुजरात के लोग मानते हैं कि 2001 में आए भयानक भूकं बाद राज्य को संभालने का जो काम तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ वह किसी और के नेतृत्व में शायद नहीं हो पाता। नर्मदा के पानी को लाने की आधी-अधूरी योजनाओं को तेजी से पूरा किया और नर्मदा कैनाल के जरिए सूखी और बंजर को हरा-भरा करने का बड़ा काम किया गया। सुरेंद्रनगर की नर्मदा कैनाल भी एक महत्वपूर्ण परियोजना जगह पर सोलर पैनल लगाए गए। इससे बिजली बढ़ा। सड़कों का जाल बिछाया गया, उद्योगों को नई गति दी गई।मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे काम हो रहे हैं जो सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण है। गिरनार रोप-वे, अंबाजी, पावागढ़ और डाकोर में तीर्थ स्थलों के विकास के लिए किए जा रहे काम काफी महत्वपूर्ण है। गिरनार में देश के कई प्रमुख जैन संत रहते हैं। और वहां तक रोप-वे के जरिए श्रद्धालु अब आसानी से पहुंच पाएंगे। महात्मा गांधी से जुड़े दांडी कुटीर व साबरमती आश्र को नये सिरे से सजाया संवारा जा रहा है।सरदार पटेल की केवड़िया में बनाई गई विशाल प्रतिमा गुज की भावनाओं का सम्मान करने और पटेल के भारतीय राजनीति में कद से लोगों को रूबरू कराने के साथ गुजरात की अर्थव्यवस्था का भी पहलू है। भावनगर से सूरत के बीच शुरू रो-रो सेवा परिवहन का बड़ा माध्यम बन गई है। कच्छ का रण उत्सव अंतरराष्ट्रीय ख्याति हासिल कर रहा है। बनासकांठा में भारत-पाकिस्तान सीमा पर वाघा सीमा की तरह बीटिंग रिट्रीट शुरू करने पर भी काम हो रहा है। जानकारी के मुताबिक गुजरात में कई तरह की यूनिवर्सिटी भी लाई जा रही हैं। इनमें फॉरेंसिक, रक्षा, चिल्ड्रन, ऊर्जा यूनिवर्सिटी जैसी बड़ी पहल शामिल है। कोशिश है कि गुजरात के लोग तो बाहर पढ़ने ही नहीं, बल्कि बाहर के लोग गुजरात में पढ़ने आए। सरदा बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स को ऐसे विकसित वि जा रहा है कि वह देश के बड़े खेल आयोजनों मसलन ओलंपिक और कॉमनवेल्थ खेलों के लिए तैयार हो सके।

??एक बात और भाजपा को सत्ता विरोधी लहर होने की आशंका भी सता रही थी। इसलिए पीएम मोदी ने इस चुनाव की कमान सीधे अपने हाथ में ले ली थी।इस जीत यह तय हो गया कि पीएम मोदी भले ही अब दिल्ली आ गए हैं, लेकिन राज्य के लोगों का स्नेह और सम्मान उनके प्रति कम नहीं हुआ है। साथ ही इस चुनाव में होने वाली हार या जीत से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भविष्य की राजनीति टिकी है । इसीलिए अबकी बार गुजरात के परिणाम पर पूरे देश की निगाहें हैं। इस बार का यह चुनाव सिर्फ भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच की लड़ाई नहीं था बल्कि यह पीएम मोदी के मान-सम्मान और गौरव का भी चुनाव रहा है। साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह के भी सम्मान से जुड़ा है। राज्य के विधानसभा चुनावों का परिणाम यह भी बता रहा है कि राज्य को आगे भी वही गुजरात मॉडल पसंद है, जिसे कभी पीएम मोदी ने दिया थायह चुनाव नतीजे में भी बता रहे हैं कि गुजरात में सीएम भले ही कोई हो, लेकिन पीएम मोदी ने जो गुजरात मॉडल दिया और जो विकास किया, उसे राज्यवासी कभी भुला नहीं सकते।2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव के विपरीत, जो काफी हद तक दो दलों की लड़ाई थी, आम आदमी पार्टी की गुजरात में एंट्री ने मौजूदा मुकाबले को त्रिकोणीय लड़ाई बनाया लेकिन जैसा कि नतीजे बता रहे हैं कि दाल किसी की नहीं गली और फिर मोदी लहर ऐसा चली की झाड़ू की तीलियां बिखर गयीं और लाख कोशिशों के बावजूद पंजा उन्हें अपने में समेट नहीं पाया।चाहे वो गोधरा हो या नरोदा पाट्या गुजरात विधानसभा चुनावों में इस बार भी ऐसी तमाम सीट्स थीं जिनको लेकर विपक्ष विशेष कर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाए लेकिन भाजपा और मोदी के पंच में आए शानदार नतीजों ने उन सब कुछ शीशे की तरह साफ कर दिया है। लगातार 27 साल की सत्ता के बाद भी इस नतीजों से ये कहने में कोई गुरेज या शक नहीं होना चाहिए कि 2002 के बाद से जो दाग बार बार विपक्ष भाजपा के दामन पर लगा रहा था उसे पीएम मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व के भरोसे सदा सदा के लिए धुल दिया है।ये चुनाव इस कदर मोदी के नाम पर लड़ा गया कि कई लोगों को तो गुजरात के मुख्यमंत्री का नाम तक याद नहीं।नरेंद्र मोदी ने 2002 में जब पहली बार गुजरात में बहुमत हासिल किया था तब से लेकर अब तक दो दशक के दौरान गुजरात में शायद ही ऐसा कोई चुनाव हुआ हो जिसने राष्ट्रीय राजनीति पर असर नहीं डाला। 2022 के मौजूदा चुनाव भी इसका अपवाद नहीं हैं।बीते दो दशकों के दौरान या मोदी युग के आरंभ के बाद से राज्य की राजनीति में दो कारक निरंतर देखने को मिले। पहला, भाजपा की जीत और उसका दबदबा। दूसरा कांग्रेस का 30 फीसदी से अधिक का मजबूत वोट बैंक जो 2017 में 41.4 फीसदी से अधिक हो गया था। इसका अर्थ यही है कि भाजपा जब अपनी लोकप्रियता के शिखर पर थी तब भी कांग्रेस के पास इतने प्रतिशत मत बरकरार थे। उसने कांग्रेस को इस सीमा के नीचे स्थायी रूप से बांधे रखा है। लेकिन इस चुनाव में कांग्रेस अपना आधार वोट भी नहीं बचा सकी है।आप ने भी कांग्रेस को गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में खासा नुकसान पहुंचाया है। यही वजह है कि गुजरात में आप पार्टी कांग्रेस के लिए भस्मासुर बन गई।बस यही भाजपा चाहती थी।कांग्रेस के बड़े नेता बार-बार गुजरात आए नहीं।न राहुल गांधी और न सोनिया गांधी। एक खडगे आए थे वे भी मोदी जिनकी गुजरात में ब्रांड वैल्यू हैं, उन्हें रावण कहकर चले गए। जहां तक अशोक गहलोत का सवाल है, वे अपने राजस्थान के झगड़ों में ही उलझे रहे।पिछली बार गहलोत ने कड़ी मेहनत कर गुजरात में कांग्रेस को 77 सीटें दिलाई थीं।अब कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने के बजाय अपने संगठन और जमीनी कार्यकताओं पर फोकस करना चाहिए।उसे ये स्वीकार करना होगा कि वह जनता में उसकी पैठ पहले वाली नहीं रही है।राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर भी खास ?नही हुआ है।उसे ईवीएम छोड़ कर मंहगाई और बेरोजगारी पर सवाल करना चाहिए।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**व्यंग्य**



## जीत की हार

**राजशेखर चौबे**

फेसबुकिए को अपनी पोस्ट पर ढेरों लाइक और कमेंट मिलते देख और साइबर ठग को अपने जाल में फंसते मूर्खों को देखकर जो खुशी होती है वही खुशी बाबा प्रणवानंद को अपने घोड़े ₹ रईस ₹ को देखकर होती थी । इसके जोड़ का घोड़ा पूरे इलाके में नहीं था । इस इलाके के दूसरे घोड़े केवल जुगाली करते थे । इन घोड़ों का मालिक शहरी डाकू जितेंद्र सिंह था । ये सभी घोड़े उसके गुलाम थे और उसके सभी आदेशों का पालन करते थे। घोड़े रईस की पूरे इलाके में धाक थी हालांकि जितेंद्र सिंह को पसंद करने वाले उसके घोड़ों की तारीफ करते थे और रईस की बुराई। रईस की ख्याति जितेन्द्र सिंह तक पहुंची और वे बाबा प्रणवानंद से मिलने पहुंचे और रईस को देखने की इच्छा जाहिर की । डरते डरते बाबा ने जितेंद्र सिंह को रईस के दर्शन कराए । रईस को देखकर जितेंद्र सिंह की छाती पर सांप लोट गया ।

उन्होंने कहा - तुम्हारे घोड़े के सामने मेरे सभी घोड़े नाकारा और निकम्मे हैं इसीलिए मेरी जगहंसाई होती है । मैं अपने एक शुभचिंतक से आपको इसकी मुंहमांगी कीमत दिलवाऊंगा ।

बाबा ( डरते डरते ) - रईस बिकाऊ नहीं है । रईस आपके महल ( शहरी डाकू महल में ही रहते हैं ) में घुट घुट कर मर जाएगा क्योंकि वहां सांस लेने पर भी पहरा है।

जितेंद्र - मेरे सभी घोड़ों को भरपूर दाना पानी मिलता है और वे सभी प्रसन्नचित हैं ।

बाबा - आपके सामने मेरी बिसात ही क्या है । आप जब चाहे उसे हासिल कर सकते हैं लेकिन मैं उसे बेचूंगा नहीं।

वापस आने के बाद डाकू जितेंद्र सिंह, दलबदल के बाद भी मंत्री पद न मिलने वाले नेता की तरह बेचैन रहने लगे । वे किसी तरह भी रईस को हासिल करना चाहते थे । पहले भी उन्होंने दूसरे घोड़ों को या तो खरीद लिया था या निर्वासित कर दिया था । जितेंद्र सिंह ने अपने खास शुभचिंतक को तलब किया जो पहले से ही उन्हें उपकृत करता रहा है। उसने अपने आदमी को भेजकर बाबा प्रणवानंद को ए सी, फ्रिज टी वी, कार आदि के लिए ऋण दिलवाकर ऋणी बनवा दिया । बाबा का ई एम आई रईस के दाना पानी के बराबर पहुंच गया । डाकू का वह शुभचिंतक बाबा के पास पहुंचा और बोला -

आप मुझे अपने आश्रम में 80% का हिस्सेदार बना लें । आगे की ई एम आई मैं ही भर दूंगा और आप रईस की सवारी का लुफ्त उठाते रहना । बाबा झांसे में आ गए ।

शुभचिंतक ने पूरे आश्रम को कब्जिया लिया । डाकू के मित्र रईस को लेकर उनके पास गए । डाकू का दिल बाग बाग हो गया। उन्होंने तुरंत रईस की सवारी करनी चाही ।उन्होंने समझाया कि यह बिगड़ैल घोड़ा है और काबिल सवार ही इसकी सवारी कर सकता है । डाकू जिद्दी था और उसने उनकी सलाह नहीं मानी । रईस को पुचकार कर उस पर सवार हो गए । रईस डाकू जितेंद्र सिंह को लेकर सरपट दौड़ पड़ा और मैदान का पूरा एक चक्कर लगाया । डाकू जितेन्द्र सिंह ने गर्व से अपनी गर्दन घुमाई तभी रईस ने छलांग मारकर डाकू को जमीन पर पटक दिया और जंगल की ओर भाग गया। उसकी काफी खोजबीन की गई पर उसे पकड़ा नहीं जा सका है । जितेंद्र सिंह अब भी अपनी टूटी टांग के साथ बिस्तर पर लेटे हैं । वे जंगल में बस गए रईस के सजीलेपन व बांकपन की चर्चा सुनते और परेशान होते रहते हैं । शायद वे जीत कर भी हार गए हैं ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गर्भवती प्रेमिका का काटा गला

## विवाह के लिए दबाव बनाने पर मिली मौत

**निर्मम**

**दो साल से चल रहा था प्रेम प्रपंच**



खुलासा करते एसपी

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव के गंगा नदी के किनारे हत्या कर फेंके गए छात्रा की हत्या का पुलिस ने 12 घंटे में ही खुलासा किया। एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में खुलासा किया। कक्षा 10 में पढ़ने वाली प्रेमिका के गर्भवती होने पर प्रेमी विकास ने ही उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद गला ब्लेड से काट दिया था। प्रेमी ने विवाह का दबाव बनाने पर प्रेमिका की गला दबाकर गर्भ में पल रहे शिशु को भी मार डाला। लिहाजा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घर से बिना कहे किशोरी बुधवार की सुबह से गायब थी। बालिका की खोज खबर लेने के लिए मां और भाई परेशान थे। तीन भाईयों में सबसे छोटी बहन का शव गुरुवार की शाम गंगा नदी के किनारे मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। तीन भाईयों में चौथे नंबर पर कविता थी। जिसका शव गुरुवार की शाम मिश्रपुर गांव के झाड़ी में मिला था। गांव की कुछ महिलाओं ने सिवान से लौटते समय शव को देखा था। एसपी ने बताया कि करीब 2 वर्षों से दोनों का प्रेम प्रपंच चल रहा था। परिवार के लोगों ने भी उन्हें घर में पकड़ा था। इसी दौरान किशोरी गर्भवती हो गई। प्रेमी ने गर्भपात की दवा दी। लेकिन उसने खाने से इंकार कर दिया। प्रेमी ने बुधवार को मिलने के लिए बुलाया था। उसी दौरान प्रेमिका के शादी का दबाव देने पर दोनों में कहासुनी हुई। प्रेमी ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद ब्लेड से उसका गला काट दिया था।

### निर्माणाधीन परियोजना का जायजा लेने धमकीं सीडीओ

**मड़िहान।** विकास खंड क्षेत्र में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत पटेहरा कला में स्वास्थ्य विभाग के निमार्णाधीन मीटिंग हाल व वार्ड, रैकरा में हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर, गोपलपुर में मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस का शुक्रवार दोपहर में सीडीओ श्री लक्ष्मी वीएस ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पटेहरा स्वास्थ्य विभाग के लिए बन रहे मीटिंग हाल व वार्ड की गुणवत्ता व कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए वहाँ मौजूद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई हरिशंकर सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए दिसम्बर महीने तक हर हाल में भवन को तैयार कर हैंडओवर कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सीडीओ ने जेई को कार्य मे विलम्ब होने पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्टेड करने की चेतावनी दिया है। जिसके बाद पटेहरा कला के जवाहर नवोदय विद्यालय की टूटी चहारदीवारी का निरीक्षण कर जल्द ही बनवाने का अश्वासन दिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से एचीओ राजेन्द्र जैसल व विद्यालय प्राचार्य डॉ एसपी त्रिपाठी, अग्निवेश यादव, वेद प्रकाश मिश्रा, बबिता, अनूप गुप्ता के साथ समस्त स्टाप मौजूद रहा।

# महिला व पुरुष के बीच लिंग भेद को करें दूरः सीडीओ

**सलाह**

**सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया कार्यशाला का आयोजन**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत लिंग आधारित भेदभाव दूर करने के संबंध में 25 नवम्बर से 23 दिसम्बर तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में अभियान चलाया जा रहा है। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हमारे समाज में बेटा एवं बेटियों, महिला एवं पुरूष के बीच लिंग आधारित भेदभाव को दूर करना है। जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय द्वारा लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने पर विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे समाज में बेटा एवं बेटियों, महिला एवं पुरूष को समान रूप से शिक्षा, स्वास्थ, पोषण, रोजगार एवं राजनैतिक क्षेत्र में सहभागीता का अधिकार मीले, किसी भी सरकारी, गैरसरकारी संस्थान, कार्यालयों में महिलाओं के साथ कार्य स्थल पर भेदभाव नही होना चाहिए। उपायुक्त श्रम रोजगार मो० नफीस द्वारा मनरेगा में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अधिक रोजगार से जोड़ने एवं महिला मेठ मे प्राथमिकता देने के संबंध में चर्चा किया गया। महिला एवं बालविकास विभाग के रिसोर्स पर्सन के द्वारा महिला हिंसा एवं कानूनी अधिकार के विषय पर जानकारी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग से उपकृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जनरल मैनेजर जिला उद्योग केन्द्र एवं पशु चिकित्साधिकारी द्वारा लिंग भेदभाव के विषय पर अपने विचार को साझा किया गया। कार्यशाला में रामचन्द्रर कन्नौजिया, सरोज कुमार पाण्डेय, सुरेन्द्र कुमार सोनी, रमेश कुमार एवं जनपद के समस्त विकास खण्डों से आये खण्ड मिशन प्रबंधक तथा समूह की दीदीयां उपस्थित रही।

# सीएम सामूहिक विवाह का किया गया आयोजन



नवदम्पति को प्रमाण पत्र देते विधायक



शादी के लिए उपस्थिज जोड़े

**नेक कार्य**

**जन प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर नव दम्पतियों को दिया अपना आशीर्वाद**

**मीरजापुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) सुरभी शोध संस्थान रामबाग, चुनार एवं नवोदय विद्यालय खेल का मैदान, पटेहरा कलॉ में आयोजित कराया गया। विकास खण्ड नरायनपुर के 33, विकास खण्ड जमालपुर के 56, विकास खण्ड पहाड़ी के 35, विकास खण्ड मझवॉ के 19, विकास खण्ड सीखड़ के 7, नगर पालिका अहरौरा के 4, नगर पालिका चुनार के 2, नगर पंचायत कछवॉ के 03, कुल 159 जोड़ों (अनु0जा0 के 58, अन्य पिछड़ा वर्ग के 97 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 04) का सामूहिक विवाह सकुषल सम्पन्न कराया गया। नवोदय विद्यालय खेल का मैदान, पटेहरा कलॉ मके में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) आयोजित किया गया, जिसमें विकास खण्ड- पटेहरा के 53 एवं विकास खण्ड राजगढ़ के 35, कुल 88 जोड़ों (अनु0जा0 के 72, अन्य पिछड़ा वर्ग के 15 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 01) का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक चुनार अनुराग सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख राजगढ़, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, डी0सी0 मनरेगा मो0 नफीस, खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर, जमालपुर, पहाड़ी, मझवॉ, सीखड़ एवं अधिषासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद अहरौरा, चुनार एवं नगर पंचायत कछवॉ, खण्ड विकास अधिकारी, पटेहरा एवं राजगढ़ उपस्थित होकर नव दम्पतियों को अपना आषीर्वाद प्रदान कर उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

### राजगढ़ ब्लॉक की संख्या टेम्पों पलटने से घटी

जहां राजगढ़ ब्लाक से 47 जोड़े प्रस्तावित थे। उसमें अल्पसंख्यक समुदाय व टेम्पो पलटने से राजगढ़ के गोल्हनपुर की शिवानी कुमारी 19 पुत्री राम श्रृंगार की रास्ते में टेम्पों पलटने से गोविंद कुमार पुत्र पांचू राम की शादी शिवानी से नही हो सकी। शेष जोड़े दूरी अधिक होने से समय पर नही पहुंच सके जिन्हें अगले कार्यक्रम में जोड़ने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरिश्चंद दूबे ने आश्वस्त किया।

### सामूहिक विवाह के अंतर्गत 88 जोड़ों ने रचाई शादी

मड़िहान। विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के क्रीड़ास्थल पर राजगढ़ और पटेहरा ब्लाक के शुक्रवार को 88 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज से विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के बाद सिंदूर दान कर सात फेरे लिए। इस मांगलिक कार्यक्रम के गवाह के रूप में क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा गणेश प्रतिमा पर पुष्प धूप के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि रमाशंकर सिंह पटेल के साथ मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने भी वर बधू को सोने चांदी के जेवरात के साथ प्रमाण पत्र वितरण किया। सभी पंडालों में नोडल के साथ अलग अलग विद्वान पंडित लगाए गए थे। बैंडबाजे के बीच सामूहिक विवाह अपने आप में शोभनीय लग रहा था। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह पटेल, राजगढ़ व पटेहरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल के साथ सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस, बीडीओ द्वय शरद कुमार सिंह व रमाकांत के साथ सहायक विकास अधिकारी श्रीकृष्ण उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार विंद, राजेश गौतम संचालन बृजमोहन जेई एम आई ने किया।

### जब पैर से घायल दूल्हे ने भी की शादी

राजगढ़ ब्लाक की उपाशिका गौरव पुत्री मोहन लाल निवासी चिट्विश्राम की शादी बिहार प्रान्त के ग्राम खटखरी के बीर बहादुर कुमार पुत्र राममूरत के नाम पहले से तय थी। इसी बीच दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पैर फैक्चर हो गया था। जिन्हें कुर्सी पर अलग बैठा कर शादी रचाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार अब तक डेढ़ लाख सामूहिक विवाह से शादियां कराई है। मार्च में इसी नवोदय के मैदान से 501 शादी कराने का पक्का वादा किया। उन्होंने कहा एक जोड़े की शादी में सरकार 50 हजार रुपये खर्च करती है जिसमें खाते में नगद 35 हजार और सामग्री के रूप में 15 हजार रुपये सरकार खर्च करती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरिश्चंद दूबे द्वारा कार्यक्रम सफलतम पूर्ण होने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# शराब की दुकान हटाने के लिए महिलाओं ने किया हंगामा

**आक्रोश**

**शराब के नशे में महिलाओं पर छीटाकसी करते हैं शराबी**

**जनसंदेश न्यूज**



शराब के दुकान के पास प्रदर्शन करतीं महिलायें

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनपुर घाटी में अहरौरा जमुई मार्ग पर स्थित देशी शराब की दुकान पर शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में गांव की महिलाओं ने पहुंच कर हंगामा किया। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त शराब की दुकान भगौती देई के नाम से एलाट है पर दुकान को गलत चौहद्दी पर सोनपुर में खोला गया है। जिससे दुकान के आसपास काफी भीड़ लगी रहती है एवं उत्पाती शराबी आए दिन आपस में गाली गलौज करते रहते हैं। जिससे राहगीरों सहित महिलाओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे आजिज होकर महिलाओं ने दुकान पर पहुंचकर सेल्समैन को भला-बुरा कहते हुए दुकान को बंद करा दिया। वही हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह ने महिलाओं को समझा-बुझाकर घर भेजा और ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों को यह आश्वासन दिया कि आबकारी विभाग से वातार्लाप कर मामले का निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाएगा।

प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन के बाद महिलाएं एवं ग्रामीण शांतिपूर्वक अपने घरों को लौट गए। इस दौरान कृतिया देवी, किस्मतिया देवी, भागमती देवी, रीता देवी, रीना देवी सहित ग्राम प्रधान मनोज कुमार सिंह पटेल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### 17 सीएचओ सहित डॉक्टरों की टीम बनारस रवाना

**मीरजापुर।** 12 दिसंबर को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर के लिए जिले की सीएचओ व डाक्टरों की टीम दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए बनारस शुक्रवार को रवाना हुई जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवानगी की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को हर केंद्रों पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए एवं जिले की जनता को सस्ती स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य यह दो दिवसीय प्रशिक्षण बनारस में आयोजित किया गया है जिसमें अगल-बगल के 5 जिलों के अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण कार्य देने के लिए केंद्रीय और प्रदेश स्तर के मंत्री प्रतिभाग करेंगे। उन्ही के मार्गदर्शन के अनुसार 12 दिसंबर को हर केंद्रों पर स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को हर केंद्रों पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए एवं जिले की जनता को सस्ती स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य यह दो दिवसीय प्रशिक्षण बनारस में आयोजित किया गया है जिसमें अगल-बगल के 5 जिलों के अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

# लेखपालों की समस्या का हो तत्काल निस्तारण



**लालगंज।** स्थानीय तहसील सभागार में लेखपाल संघ के अध्यक्ष मनमोहन लाल के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में लेखपाल संघ के संवर्ग के समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद बैठक की कॉपी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा को सौंपा गया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष मनमोहन लाल संघ की समस्याओं पर विचार करते हुए पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2022 का लैपटॉप व डाटा भुगतान कराया जाए। कृषि गणना का मानदेय भुगतान कराया जाय। क्राफ्ट कटिंग के मानदेय को भुगतान कराया जाए। साप्ताहिक बैठक शीतकाल में 2:00 बजे से शुरू किया जाए। लेखपाल साथी योगेंद्र प्रताप सिंह व अन्य साथी के जीपीएफ पासबुक मेंटेन कराया जाए। एसीपी लगाया जाए। डीए एरियर भुगतान कराया जाए। स्थानांतरित लेखपालों का जीपीएफ पासबुक दिया जाए। समस्याओं का निराकरण करने के लिए बैठक के बाद संघ के अध्यक्ष मनमोहन लाल के साथ लेखपाल गण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा को पत्रक सौंपा गया। इस अवसर पर मनमोहन लाल, कृष्ण चंद यादव, विनोद कुमार, संजय सिंह, मनोज मिश्रा, रामराज, मनोज कुमार सिंह, राजनाथ मोर्या, सच्चिदानंद आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों का पालन करने हेतु डीआईजी ने दिलाई शपथ

**मीरजापुर।** प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर0पी0 सिंह द्वारा कैंप कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारी गण को यातायात नियमों का पालन करते हुए आम नागरिकों को "सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखनें, यातायात नियमों का सदैव स्वयं और अपने परिजनों से पालन कराने, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेल्मेट पहनने, कार चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट पहनने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करनें, हमेशा एम्बुलेन्स और फायर बिग्रेड एवं अन्य आवश्यक, आकस्मिक सेवाओं से सम्बन्धित गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने, सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने" का शपथ दिलायी गयी।

# शहीद केशरी सिंह ने बलिदान देकर पूरे जिले को किया गौरवान्वित

**कार्यक्रम**

**वीर केशरी सिंह को केंद्रीय राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

**शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल का सांसद ने किया लोकार्पण**

**जनसंदेश न्यूज**



शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल का लोकार्पण करतीं राज्यमंत्री

**हलिया।** विकास खंड के बिलरा पटेहरा गांव स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने भारतीय सेना के पूर्व मास्टर वारंट अफसर महेंद्र पाल शर्मा, सूबेदार योगेन्द्र कुमार सिंह सूबेदार मेजर विजय चौरिया, हवलदार आदिल चौरसिया व क्षेत्रीय लोगों के साथ भारत पाक युद्ध 1971 में शहीद हुए वीर केशरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अनुप्रिया पटेल ने शहीद की पत्नी छोटी कुंवर का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल, सेना के पूर्व अधिकारियों संग शहीद की पुत्रवधू योग्यता सिंह के प्रयासों गांव में निर्मित शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि शहादत नसीब वालों को ही मिलती हैं। शहीद केशरी सिंह ने मात्र 21 वर्ष की आयु में देश के लिए बलिदान देकर बिलरा पटेहरा सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया था। वीर केशरी सिंह का मातृभूमि के लिए किया समर्पण आज के युवाओं को देश की रक्षा के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। कहा कि शहीद के नाम पर विद्यालय की स्थापना पुनीत कार्य है। यह विद्यालय क्षेत्र के लिए प्रेरणा का केन्द्र है। कहा कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे राष्ट्र के लिए शहीद होने वाले वीर सपूत का इतिहास जानेंगे जो उनके लिए प्रेरणा का स्रोत होगा और देश की रक्षा के लिए बच्चे शहीदों का इतिहास जानकर प्रेरित होंगे। इस दौरान शहीद की पत्नी छोटी कुंवर व पुत्र वधू योग्यता सिंह ने केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल व छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल तथा सैन्य अधिकारियों को स्मृतिचिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक राहुल प्रकाश कोल व संचालन कृष्णकांत तिवारी ने किया। इस दौरान बीडीओ कुलदीप कुमार, सांसद प्रतिनिधि विकास सोनकर, मनोज पाण्डेय, अमन सिंह, विजय सिंह, बृजेन्द्र पांडेय, राजेश पटेल, मनकामना मिश्र, अरूण सिंह भानु तिवारी, निर्मला सिंह, अरूण मिश्र, जेपी तिवारी, अमर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एकत्र होकर अपने समाज के उत्थान के लिए बढ़ेंगे आगे

**मीरजापुर।** खटीक समाज का एकजुटता बैठक क्षेत्र के पटेंगरा चौराहा के पास महेश भट्टाचार्य प्राथमिक विद्यालय में सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के एक जुट होकर समाज के नेतृत्व पर चर्चा हुई। खटीक समाज में लगातार मतभेद होने को लेकर समाज के ही वरिष्ठ लोगों की अध्यक्षता में एकजुटता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने समाज में हो रहे बिखराव के संबंध में अलग अलग विचार रखे और उसका निराकरण किया गया। रमाशंकर सोनकर ने कहा कि अगर हम लोग अलग अलग रहेंगे तो हमारा समाज हमेशा शोषित वंचित रहेगा, हम लोग एक होकर अपने समाज के उत्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा, रोजगार के साथ साथ अपने अधिकार के लिए सकारात्मक तरीके से मांग करेंगे, जिस पर समाज में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में सहमति जताई। बैठक के पश्चात पटेंगरा चौराहे से होते हुए स्टेट बैंक चौराहा, बावली चौराहा, बंगाली चौराहा से बरतर तिराहे तक अपने समाज के लोगों तक सकारात्मक संदेश के लिए एकजुट होकर लोगों से मिल कर कार्यक्रम समापन किया।

## संक्षेप

### विजली विभाग के अधिकारियों का चुनाव सम्पन्न



**मीरजापुर।** राजकीय विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन शाखा मीरजापुर कार्यकारिणी का सत्र 2022 से 2030 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम उपकेंद्र पथरिया पर संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी इंजीनियर ईस्वर शरण की मौजूदगी में संवैधानिक प्रक्रिया के उपरांत निम्न कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष इंजीनियर विनोद बिंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश भारती, उपाध्यक्ष शंभूनाथ, सचिव विनोद प्रजापति, संगठन सचिव जगजीवन राम, वित्त सचिव विनय वैश्य, प्रचार सचिव विनय गुप्ता, लेखा निरीक्षक मनोज कुमार का चयन हुआ। वही मंडल पदाधिकारियों में अंशुमान सिंह को मंडल अध्यक्ष ध्यानचंद वर्मा को मंडल सचिव के पद से सुशोभित किया गया। वही समस्त खंडों की कार्यकारिणी का गठन हुआ। चुनाव कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें जनपद के समस्त अवर अभियंता व प्रोन्नत अभियंता मौजूद रहे। इसकी जानकारी चुनाव अधिकारी ईश्वर शरण सिंह ने दिया है।

### नहरों की सफाई से टेल के किसानों की बंधी उम्मीदें



**जमालपुर।** किसानों को टेल तक पानी पहुंचाने की मंशा से सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य जोरों पर कराया जा रहा है। नहरों के सेक्शन की विधिवत साफ सफाई विशेष रूप से पुलियों के नीचे से सिल्ट निकाला जा रहा है जिससे क्षेत्रीय किसानों को उम्मीद जगी कि उन्हें अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति मिल सकेगी। अवर अभियंता अश्विनी कुमार यादव ने बताया कि नहरों की सिल्ट सफाई के साथ सम्बधित सड़कों का मरम्मत का कार्य किया जा रहा है वही सम्पर्क नहरों पर पेड़ पौधें लगे हुए थे उन्हें साफ कराया जा रहा है जिससे टेल तक लगातार पानी पहुंचता रहें। सिंचाई विभाग के राजस्व कर्मियों को लगातार क्षेत्र में घूमकर अतिक्रमण हटाने को कार्यवाही के साथ साथ नहरों भूमि की सुरक्षा एवम किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

### अदवा नदी में पुल के पास हथेडा में धड़ल्ले से बन रहे मकान

**हलिया।** स्थानीय थाना से सटा हुआ अदवा नदी के पुल के पास हथेडा में बिना रोक ठोक धडल्ले से लोगों के द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। पुल के दक्षिणी तरफ पुरव एंव पश्चिम नदी में पीलर बना कर आधे नदी में अतिक्रमण किया जा रहा जबकि वही से ब्लाक, थाना आने वाले उपजिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों का आवागमन है परन्तु किसी अधिकारी का ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है। इससे नदी का अस्तित्व पर खतरा बन रहा है। खतरे के साथ साथ उत्तरी छोर पर बने पुराने थाने, हनुमान मंदिर, स्मसान घाट व बाजार पर भी बरसात में अदवां बांध का गेट खुलने पर खतरा बना हुआ है।

### एसडीएम को पत्रक देकर किसानों ने मांगा पानी

**लालगंज।** घोरी नहर में पानी संचालित कराये जाने के लिए क्षेत्र के बघई गांव निवासी किसान राम कुबेर, धर्मेंद्र प्रसाद, अयोध्या, शिवनारायण, लल्लू, गाना, बाल्मीकि, राजेंद्र, फूलचंद आदि किसानों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा को पत्रक देते हुए मांग किया कि घोरी नहर में पानी दिया जाए। पत्रक में उल्लेख किया गया है कि घोरी नहर पर स्थित गांव बघई, नरयना, नदि गहना, पचोखर, खमरिया, सोनबरसा, आदि गांव में गेहूं की फसल पानी के अभाव में सूख रही है यदि घोरी नहर में पानी संचालित नहीं कराया गया तो गेहूं की फसल सूख जाएगी।

### अपहरण करने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक युवती द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध रास्ते में छेड़खानी करने व अपहरण करने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अदलहाट पर धारा 354(क),506 भा.द.वि. व 7/8 पाक्सो एक्ट बनाम चन्दन सिंह पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। शुक्रवार को उ0नि0 सुरेश भारती मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से नामजद आरोपी चंदन सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी ग्राम हासापुर थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### बीडीओ ने किया आवासों का निरीक्षण

**जिगना।** विकासखंड 96 ग्राम पंचायत कामापुर कला में मिले शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास की प्रगति जानने के लिए खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने शुक्रवार को कामापुर कला सेतु हार में बन रहे कुल 15 आवासों को का निरीक्षण किया। काम की प्रगति बहुत ही तेजी के साथ चल रहा है। कार्य की प्रगति देखकर खंड विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी सौम्या सिंह व ग्राम प्रधान पूजा विश्वकर्मा को कार्य के प्रति सचेत रहने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान एडीओ कोऑपरेटिव वेद प्रकाश, एडीओ आईएसबी विंध्यवासिनी पाठक, पंचायत सहायक उमेश विश्वकर्मा के साथ-साथ आवास के लाभार्थी तेज नाथ मीना, सविता, अंतिमा, रीता, प्रभावती आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए लगवाई गई दौड़

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। परेड के दौरान उपस्थित थानों के वाहनों तथा वाहनों में रखे दंगा नियंत्रण उपकरणों का किया गया। निरीक्षण तथा सम्बंधित उपकरणों की साफ-सफाई एवं एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए गये।

### पिकअप पलटने से आठ लोग घायल

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिक?प पलटने से आठ लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के गोल्हनपुर निवासी सभी लोग पटेहरा ब्लाक मुख्यालय पर सामुहिक विवाह के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान राजगढ़ थाना क्षेत्र के तलरे मौजा में पिक?प अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार दर्जनों लोग घायल हो गए। वहीं रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घायलों को गाड़ियों से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचाया जहां डाक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### ब्लॉक परिसर में कृषक गोष्ठी हुई सम्पन्न

**हलिया।** ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को कृषि निवेश मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की संख्या कम देखने को मिली उपस्थित लोगों ने कृषकों को बैज्ञानिक विधि से किसानी करने का सुझाव दिया। पराली सहित अन्य खर पतवार को खाद बनाने के लिए कैप्सूल व दवा का किसनों में वितरण किया गया। एडीएजी नरेंद्र कानापुरिया ने कहा के फसल के अवशेष को खाद के रूप में परिवर्तन करने के लिए भारत सरकार से कैप्सूल एवं दवा दी गई है जिसको डालने के एक माह बाद अच्छी खाद तैयार हो जाती है कृषक इसका उपयोग करें। पशु डॉक्टर कमलेश कुमार ने मवेशियों के रखरखाव तथा दुधारू पशुओं को समुचित आहार देने की जानकारी दी। प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने किसानों से पशु आश्रय स्थलों को किसानों से पुआल दान देने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन लालजी मौर्य ने किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार, सुनील कुमार यादव, राजेश मौर्य, विकास उर्फ छोटू सोनकर, गुलाब पटेल, सहित किसान मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े साइकिल पर चोरों ने किया हाथ साफ

**मीरजापुर।** कटरा थाना क्षेत्र के सबरी मोहल्ले स्थित एक घर से चोरों ने साइकिल पर हाथ साफ कर दिया। बताते चलें कि कटरा थाना क्षेत्र के सबरी मोहल्ले स्थित एक घर से दोपहर में दिनदहाड़े चोरों ने साइकिल पर हाथ साफ कर दिया। साइकिल चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। अब देखना है कटरा पुलिस द्वारा इस पर क्या कार्रवाई होती है। इस मोहल्ले से आए दिन साइकिल चोरी होती रहती हैं लेकिन इसके बाद भी कटरा पुलिस द्वारा ना ही अभी तक चोर पकड़ा गया और ना ही एक भी साइकिल बरामद हुई है। आखिर इसे कटरा पुलिस की नाकामी कहीं जाए या सरपरस्ती? एसपी के द्वारा चोरी व चोरों के विरुद्ध आए दिन अभियान चलाया जा रहा। इसके बाद भी कटरा पुलिस द्वारा ना ही चोर को पकड़ा जा रहा है और ना ही साइकिलो को बरामद किया जा रहा है आखिर क्यों?

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर सिरसी संपर्क मार्ग पर ककरद गांव के सामने दो बाइकों की आमने सामने से हुई टक्कर में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के पियुरी गांव निवासी 30 वर्षीय दीपक पुत्र कमला यादव शुक्रवार को घर से दूध लेकर दीपनगर बाजार में बेचने गये थे जहाँ से घर वापस लौटते समय ककरद गांव के सामने मोड़ पर सामने से आ रहे घोरी गाँव के पनियरा मौज निवासी 25 वर्षीय राजेंद्र पुत्र राजू अपने बड़ी माँ दशवन्ती देवी 40 पत्नी राजेश को बाइक से लेकर दीपनगर जा रहे थे। ककरद मोड़ पर दोनों बाइक सवार की आमने सामने टक्कर हो गयी। और तीनों लोग घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे संतनगर थाना प्रभारी कमल टावरी ने 108 एंबुलेंस की मदद से तीनो घायलों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र पटेहरा पहुंचाया जहाँ से तीनों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से 25 वर्षीय राजेंद्र की हालत गंभीर देख ट्रामासेंटर रेफर कर दिया गया।

# स्पोर्ट्स

## विश्वकप हॉकी की तैयारियों जारी

**भुवनेश्वर।** अगले साल यहां होने वाले एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं। इसी के तहत ही यहां के कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में नई एस्टोटर्फ बिछायी गयी हैं। हॉकी इंडिया ने कहा कि ये एस्टोटर्फ अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा प्रमाणित है। पुरुष विश्व कप के मुकाबले नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। अगले साल 13 से 29 जनवरी तक होने वाले इस कार्यक्रम में भारत सहित दुनिया भर की शीर्ष 16 टीमें भाग लेंगी। इस टूनार्मेंट के लिये 16 टीमों को चार पूल में बांटा गया है। भारत को पूल-डी में इंग्लैंड स्पेन और वेल्स के साथ रखा गया है।



# बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच को जीतकर क्लीन स्वीप से बचने उतरेगी टीम इंडिया

### सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा मैच, भारतीय टीम शुरूआती दोनो मैच हारने के कारण पहले ही सीरीज 2-0 से हार गयी

**चटगांव।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार से यहां मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचने और लय हासिल करने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम शुरूआती दोनो मैच हारने के कारण पहले ही सीरीज 2-0 से हार गयी है। अब इस मैच को जीतकर वह 3-0 की हार से बचने के साथ ही टेस्ट सीरीज से पहले अपना मनोबल भी बढ़ाना चाहेगी। भारतीय टीम के सामने सबसे बड़ी समस्या खिलाड़ियों की फिटनेस है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी चोटिल होने के कारण इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में लोकेश राहुल भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम को अगर ये मैच जीतना है तो उसके बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करनी होगी। पहले दोनो ही मैचों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी कमजोर साबित हुई। वहीं टीम के गेंदबाज बांग्लादेशी बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज पर अंकुश नहीं लगा पाये। मिराज ने दोनो ही मैचों में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। पहले मैच में मिराज ने अंतिम विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी बनायी जबकि दूसरे एकदिवसीय में शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।



इस दौरे की शुरूआत से ही अब तक खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण हालात इतने खराब हो गये कि स्पिनर कुलदीप यादव को बुलाना पड़ा है। कुलदीप ने 72 एकदिवसीय में 118 विकेट लिए हैं और वह इस टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। नियमित कप्तान रोहित के बायें हाथ के अंगूठे की हड्डी खिसक गई है और वह इलाज के लिए स्वदेश लौट गये हैं। रोहित के अलावा नये तेज गेंदबाजी कुलदीप सेन भी चोटिल हैं। कुलदीप इस सीरीज में फिट नहीं होने के कारण केवल एक मैच ही खेल पाये हैं। मैच इसके अलावा तेज गेंदबाज दीपक चाहर भी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की पसली में चोट लग गई है और वह पहला मैच नहीं खेल सके जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी फिटनेस कारणों से बाहर रहना पड़ा है। ऐसे में अब टीम की कप्तानी करते हुए राहुल पर टीम को बेहतर शुरूआत देने का दबाव रहेगा। वह युवा ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत कर सकते हैं। इकसे अलावा विराट कोहली और शिखर धवन को भी पारी की शुरूआत के लिए भेजा जा सकता है। उसे स्थिति में राहुल मध्यक्रम में आयेंगे। टीम में ऑलराउंडर राहुल त्रिपाठी को भी शामिल किया जा सकता है। वहीं टीम प्रबंधन अगर केवल बल्लेबाज पर ध्यान दे तो रजत पाटीदार को अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम की गेंदबाजी मोहम्मद सिराज शार्दुल ठाकुर उमरान मलिक वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल संभालेंगे।

अब तक के दोनो ही मैचों में भारतीय गेंदबाज उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पहले एकदिवसीय में मेजबान टीम की अंतिम जोड़ी को वे आउट नहीं कर पाये थे और मैच भारतीय टीम के हाथ से फिसल गया था। इसी प्रकार दूसरे मैच में बांग्लादेश ने 69 रन पर छह विकेट के बाद भी 271 रन बना लिए थे।

***दोनो टीमें इस प्रकार हैं :***

**भारत :** लोकेश राहुल (कप्तान) शिखर धवन विराट कोहली श्रेयस अय्यर ईशान किशन मोहम्मद सिराज रजत पाटीदार राहुल त्रिपाठी वाशिंगटन सुंदर शाहबाज अहमद अक्षर पटेल शार्दुल ठाकुर उमरान मलिक कुलदीप यादव।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान) अनामुल हक बिजय शाकिब अल हसन मुशफिकुर रहीम अफीफ हुसैन यासिर अली चौधरी मेहदी हसन मिराज मुस्ताफिजूर रहमान तस्कीन अहमद हसन महमूद इबादत हुसैन चौधरी नासुम अहमद महमूदुल्लाह नजमुल हुसैन शांतो काजी नुरूल हसन सोहन शरीफुल इस्लाम।

***एजेंसी***

## फलक आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल

**प्रयागराज।** प्रयागराज की उभरती हुई क्रिकेटर फलक नाज का चयन आईसीसी अंडर-19 महिला टी- 20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह अंडर-19 महिला टी- 20 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी के बीच होगा। वहीं इससे पहले भारतीय टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। यह मैच प्रिटोरिया में 27 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच खेले जाएंगे। फलक दाएं हाथ की मध्यम तेज गेंदबाज और मध्यक्रम की बल्लेबाज हैं।



फलक के कोच अजय सिंह ने कहा कि फलक ने हाल में ही न्यूजीलैंड के साथ मुंबई में हुए पांच टी-20 मैचों की सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। उसी के कारण उसका चयन हुआ है। फलक को स्पोर्ट्स टैलेंट एकेडमी में पिछले 6 साल से अजय सिंह ने ही प्रशिक्षण दिया है।

फलक के पिता नासिर अहमद एक स्कूल में चपरासी का काम करते हैं जबकि मां जीनत बानो गृहणी हैं। फलक की एक छोटी बहन और एक बड़ा भाई भी है। फलक के पिता ने आर्थिक तंगी के कारण बेटी के सपने को पूरा करने के लिए ओवरटाइम तक किया। फलक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और अपने माता-पिता को दिया है। उसका सपना आईसीसी अंडर 19 विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन करना और भारतीय टीम में जगह बनाना है।

## बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए कुलदीप यादव भारतीय टीम में शामिल

### रोहित शर्मा पर बीसीसीआई बाद में लेगा फैसला

**ढ़ाका।** टीम इंडिया के तीन खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये हैं। इस कारण अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल किया गया है। कप्तान रोहित शर्मा युवा तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और तेज गेंदबाज दीपक चाहर इस मैच से बाहर हैं। रोहित अंगूठे में चोट की जांच के लिए स्वदेश लौट गये हैं। ऐसे में तीसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम की कप्तानी लोकेश राहुल करेंगे। बीसीसीआई ने कहा है कि मेडिकल टीम ने रोहित का आंकलन किया है। आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा।



वहीं बयान में आगे कहा गया तेज गेंदबाज कुलदीप ने पहले एकदिवसीय के बाद पीठ में जकड़न की शिकायत की थी थी। इसके बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनका आंकलन किया और उन्हें दूसरे एकदिवसीय से पहले आराम की सलाह दी गई। कुलदीप के स्ट्रेस इंजरी हुई है। इस कारण उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया गया है। वहीं कुलदीप के साथी तेज गेंदबाज दीपक चाहर को भी दूसरे एकदिवसीय के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया और वह भी सीरीज से बाहर हैं। कुलदीप और दीपक दोनों अब अपनी चोटों के आगे के प्रबंधन के लिए एनसीए को रिपोर्ट करेंगे। अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने कुलदीप यादव को तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है.

***बांग्लादेश जीत चुका है सीरीज***

बांग्लादेश के खिलाफ तीसरा वनडे मुकाबला 10 दिसंबर (शनिवार) को चटगांव में खेला जाना है. चूंकि बांग्लादेश ने पहले दो मैचों में जीत हासिल कर पहले ही सीरीज पर कब्जा कर लिया था. ऐसे में केएल राहुल की अगुवाई में अब रतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर अपना सम्मान बचाना चाहेगी।

## अलग अंदाज में दिखी रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जीना

**दोहा।** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पार्टनर जॉजीर्ना रोड्रिग्ज भी आजकल कतर में पूर्तगाल टीम का हौंसला बढ़ा रही हैं। जॉजीर्ना का अंदाज पर अलग है। आम तौर पर भड़कीले अंदाज में रहने वाली जॉजीर्ना अब कतर के माहौल में रंगी नजर आ रही हैं। जॉजीर्ना आजकल इंस्टाग्राम पर पूरे कपड़ों में नजर आ रही हैं। वहीं उनके पति रोनाल्डो को पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सैंटोस ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में अवसर नहीं दिया। इसपर जॉजीर्ना पुर्तगाल के मैनेजर से निराश नजर आयीं। जॉजीर्ना ने इंस्टा पर पोस्ट डालते हुए तंज कसा बधाई हो पुर्तगाल। जब 11 खिलाडि?ों ने राष्ट्रगान गाया सभी की निगाहें आप पर थीं। कितने शर्म की बात है कि मैं विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खेल का आनंद प्रशंसक नहीं उठा पाये।



## 'वो बैटिंग ऐसे करता है जैसे मिशन पर हो', डीके ने कहा- पर टीम इंडिया के स्टार को अब मैच जिताने होंगे


**नई दिल्ली।** भारत बांग्लादेश के खिलाफ दो करीबी मैच हारा है। दूसरे मैच में रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में टीम की वापसी की भरसक कोशिश की जिससे ये मैच अंतिम ओवर के रोमांच में तब्दील हो गया। रोहित को निर्णायक मैच में अंगूठे की दुर्भाग्यपूर्ण चोट का सामना करना पड़ा पर उसके बावजूद अनुभवी भारतीय कप्तान धमाकेदार पारी खेली। हिटमैन की तारीफ करते हुए सीनियर कीपर दिनेश कार्तिक ने कहा कि रोहित को चोट के समय बल्लेबाजी करने के लिए एक कप्तान के रूप में काफी सम्मान मिला है। वर्ल्ड कप के बाद टीम से बाहर हो चुके कार्तिक ने अय्यर की शानदार पारी को भी दशार्या। इससे पहले कि रोहित ने नौवें स्थान पर बल्लेबाजी की और अय्यर ने 97 गेंदों पर 82 रनों की तूफानी पारी खेली। दूसरे वनडे में भारत पर बांग्लादेश की फेमस जीत के बाद क्रिकबज से बात करते हुए, भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक ने अय्यर को इस साल 50 ओवर के प्रारूप में भारत के सबसे लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर बेहतरीन पाया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने कुछ समय के लिए खेला है वह कमाल रहा है। उसने इस साल 700 से अधिक रन बनाए हैं और आप उनका आत्मविश्वास देख सकते हैं। वनडे क्रिकेट उसके लिए बेहतर फॉर्मेट है जहां वह कुछ गेंदें ले सकता है और फिर शॉट मारना शुरू कर सकता है। वो स्पिन का शानदार खिलाड़ी और विपक्षी गेंदबाज लगभग हर मैच में उसको शार्ट गेंद के खिलाफ टेस्ट कर रहे हैं लेकिन वो निखरता जा रहा है।



फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज के बारे में कार्तिक ने कहा कि अय्यर को लगातार खेल फिनिश करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हां, शॉर्ट गेंद पर उसे असफलता मिली थी, लेकिन हर बार जब वह बैटिंग के लिए उतरते हैं तो आप देख सकते हैं कि वह एक मिशन पर हैं और वह अंत में टीम के लिए वहां रहना चाहते हैं। वह इस पारी में बढ़िया थे जब वह बल्लेबाजी की तब तक वह हावी थे। हां, उनके चारों ओर विकेट गिरे लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और मुझे उसकी यह बात बहुत पसंद है। अगर आप एक खिलाड़ी के रूप में अपना नाम बनाना चाहते हैं, तो वो करें जो विराट कोहली ने वर्षों में किया है, 120-130 नॉट आउट करते जाएं। अय्यर 2022 में टीम इंडिया के लिए वनडे में शिखर धवन से आगे निकलने में कामयाब रहे। इस साल भारत के लिए 16 मैचों में 720 से अधिक रन बनाए। हालांकि कार्तिक का कहना है लंबा सफर अभी बाकी है क्योंकि 82 रन बनाना अच्छा है लेकिन खिलाड़ी आप तभी बनते हैं जब टीम को फिनिशिंग लाइन से पार ले जाएं। कार्तिक को खुद एक फिनिशर की भूमिका सौंपी गई थी लेकिन टी20 क्रिकेट में ये बहुत मुश्किल काम है और कार्तिक ने काफी मौकों पर इसको करते हुए कई अहम मौकों पर खुद को फेल पाया जिसमें टी20 वर्ल्ड कप जैसा टूनार्मेंट शामिल है। अब शायद ही कार्तिक की कभी वापसी संभव हो पाए।

## भारत-ए ने जीती अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज : बांग्लादेश-ए को दूसरे टेस्ट में पारी और 123 रन से हराया

**नई दिल्ली।** भारत-ए ने बांग्लादेश-ए को 2 अनऑफिशियल टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से हरा दिया। सीरीज का दूसरा मैच भारत ने पारी और 123 रन से जीता। पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के सिलहट में दूसरा टेस्ट खेला गया। टीम इंडिया-ए के लेफ्ट आर्म स्पिनर सौरभ कुमार ने दूसरी पारी में 74 रन पर 6 विकेट लिए। उन्होंने पहले टेस्ट में भी पांच विकेट लिए थे। सीरीज में 15 विकेट लेकर वह भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज में चोटिल स्पिनर रवींद्र जडेजा के रिप्लेसमेंट के रूप में दावेदारी पेश कर दी है। आखिरी दिन बांग्लादेश-ए ने 49/2 से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 6 रन जोड़ने के बाद ही तीसरा विकेट गंवा दिया। मोमिनुल हक को विकेटकीपर भरत ने स्टंपिंग कर पवेलियन की राह दिखाई। बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज ओपनर शादमान इस्लाम का साथ नहीं दे सका। शादमान ने नॉटआउट 93 रन बनाकर अपना बैट कैरी किया। दिन का दूसरा विकेट शहादत हुसैन के रूप में गिरा। शादमान के साथ 54 रन जोड़ने के बाद वह 29 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें सौरभ ने यश ढुल के हाथों कैच कराया। जाकिर अली 22 रन बनाकर 5वें विकेट के रूप में आउट हुए। सुमन खान ने 8 रन बनाए। वहीं, मोहम्मद मिथुन, हसन मुराद और मुसफिक खान बगैर खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इस तरह बांग्लादेश-ए दूसरी पारी में 187 रन ही बना सका। टीम ने पहली पारी में 252 रन बनाए थे। भारत-ए के लिए दूसरी पारी में सौरभ के अलावा उमेश यादव और नवदीप सैनी ने 2-2 विकेट लिए। उमेश ने 15.5 ओवर में 34 रन देकर 2 विकेट लिए।



## जामनगर उत्तर से जीती रिवाबा ने साझा की एमएलए गुजरात वाली फोटो, मंत्री बनने की भी अटकलें

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही टीम इंडिया के क्रिकेटर रवींद्र जाडेजा की पत्नी रिवाबा जाडेजा फिर सुर्खियों में हैं। जामनगर उत्तर की सीट से चुनाव जीतने के बाद रिवाबा जाडेजा ने सोशल मीडिया अब एक ऐसी तस्वीर साझा की है, जो खूब वायरल हो रही है। इस बड़ी संख्या में लोगों के कमेंट भी आ रहे हैं। जामनगर के दंगल में ननद और ससुर के विरोध के बाद भी जीती रिवाबा ने रवींद्र जाडेजा के एक फोटो शेयर की है। इसमें रवींद्र जाडेजा और रिवाबा एमएलए गुजरात की नेम प्लेट पकड़े हुए हैं। दोनों की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जा रही है। जामनगर से जब रिवाबा चुनाव में उतरी थीं तो टीम इंडिया के सर जाडेजा ने जमकर साथ दिया था। पत्नी को जिताने के लिए रवींद्र जाडेजा ने रोड शो भी किए थे। गुजरात चुनावों में चर्चा का केंद्र रही रिवाबा जाडेजा ने अपने चुनाव प्रचार में बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की थी। ऐसे में चर्चा यह है कि क्या रिवाबा को मंत्रीमंडल में भी जगह मिलेगी, क्योंकि वे युवा है और काफी समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। युवा होने का उन्हें लाभ मिल सकता है। ऐसे में खेल विभाग की जिम्मेदारी रिवाबा की मिलने की अटकलें जामनगर में लग रही हैं।




## भारोत्तोलक बिंदियारानी 25वें स्थान पर रहीं

**मुम्बई।** भारत की बिंदियारानी विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 25वें स्थान पर रही हैं। बिंदियारानी को विश्व चैम्पियनशिप में महिलाओं के 59 किलो वर्ग में 25 वां स्थान मिला। उन्होंने 200 किलो (86 और 114) वजन उठाया। बिंदियारानी ने ग्रुप डी में भाग लिया था। उन्होंने स्नैच में पहले प्रयास में 83 और दूसरे में 86 किलो वजन उठाया पर तीसरे प्रयास में 88 किलो वजन ही उठा पायीं। इसी तरह क्लीन एंड जर्क में 112 किलो का उनका पहला प्रयास विफल हुआ क्योंकि उनका लिफ्ट क्लीन नहीं था। उन्होंने दूसरे प्रयास में 114 किलो वजन उठाया। यह टूनार्मेंट 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये पहला क्वालीफाइंग टूनार्मेंट है। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के नये नियमों के तहत भारोत्तोलक को 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप खेलना होगा। इसके अलावा 2022 विश्व चैम्पियनशिप 2023 उपमहाद्वीपीय चैम्पियनशिप 2023 ग्रां प्री वन और टू और 2024 उपमहाद्वीपीय चैम्पियनशिप खेलनी होगी।



**कतर में चल रहे फीफा फुटबॉल 2022 का जोश हर जगह देखा जा सकता है। इस मेगा इवेंट में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले हैं और अब टूर्नामेंट नॉक आउट दौर में जा रहा है। हालांकि इन सबके बीच बाहरी दर्शकों को लेकर खबर अच्छी नहीं है। आयोजकों की उम्मीद के अनुसार बाहर से दर्शक नहीं आए। पहले दो सप्ताह में अनुमान से आधे बाहरी फैन्स ही इस देश में आए। आयोजकों के लिए इसे एक बड़ा झटका कहा जा सकता है।**

# पहली बार सामने आए श्रद्धा के पिता विकास वालकर: बोले- जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ वैसा किसी के साथ न हो, आफताब को फांसी मिले

## श्रद्धा के पिता विकास वालकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की, पुलिस की कार्यशैली पर उठाया सवाल, बोले–जांच होती तो बेटी जिंदा होती

**मुंबई।** श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर शुक्रवार को पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि अभी जांच सही चल रही है, लेकिन वसई, तुलिंज थानों की पुलिस पहले इस मामले को गंभीरता से लेती तो शायद मेरी बेटी की जान बच सकती थी।

विकास ने कहा- मैं नहीं चाहता जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ वैसा किसी और के साथ हो। मैं अपनी बेटी के लिए न्याय चाहता हूं, इसलिए उसके हत्यारे आफताब को फांसी मिले। मैंने अपनी बेटी से बात करने की कोशिश की, लेकिन पिछले दो सालों में उसने मुझे कोई जवाब नहीं दिया। मुझे कभी नहीं बताया गया कि मेरी बेटी के साथ क्या हो रहा है।



उन्होंने बताया कि आखिरी बार मेरी श्रद्धा से 2021 में बात हुई थी। उसने बताया वह बेंगलुरु में रहती है। मैंने 26 सितंबर को आफताब से बात की और बेटी के बारे में पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया।

दिल्ली पुलिस ने हमें भरोसा दिलाया है कि हमें न्याय मिलेगा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मुझे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। वसई पुलिस की वजह से मुझे कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अगर उन्होंने मेरी मदद की होती तो मेरी बेटी जिंदा होती।

मैं आफताब पूनावाला के लिए भी इसी तरह के सबक की उम्मीद करता हूं जैसे उसने मेरी बेटी की हत्या की। घटना में शामिल आफताब के परिजन, रिश्तेदारों और अन्य सभी के खिलाफ जांच की जाए।

मैं श्रद्धा और आफताब के रिश्ते के खिलाफ था। मैं श्रद्धा के साथ हुई घरेलू हिंसा से अनजान था। मुझे लगता है, आफताब के परिवार को पता था कि वह श्रद्धा के साथ क्या कर रहा था। डेटिंग ऐप्स की वजह से ही श्रद्धा आफताब के संपर्क में आई। आफताब ने ही श्रद्धा को घर छोड़ने के लिए बहकाया। 18 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को कुछ हद तक नियंत्रित किया जाना चाहिए। जो मेरे साथ हुआ वो किसी और के साथ ना हो।

***श्रद्धा के पिता की वकील बोलीं- डेटिंग ऐप्स पर नजर रखी जाए***

श्रद्धा के पिता की वकील सीमा कुशवाहा ने कहा कि लोगों को डेटिंग ऐप्स का इस्तेमाल करने का अधिकार है, लेकिन इन डेटिंग ऐप्स पर नजर रखी जानी चाहिए।

अपराधी और आतंकवादी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। मुझे लगता है चार्जशीट में आफताब के परिवार के सदस्यों के भी नाम होने चाहिए।

### परीक्षा में फेल होने के लिए यूट्यूब जिम्मेदार सुप्रीम कोर्ट ने लगाया युवक पर जुमार्ना

**नई दिल्ल\ी।** परीक्षा में असफल होने पर यूट्यूब को जिम्मेदार बताकर मुआवजे की मांग कर रहे युवक को सुप्रीम कोर्ट से न केवल फटकार लगी बल्कि जुमार्ना भी लगाया गया हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश पुलिस की परीक्षा में फेल हुए एक युवक पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। इस युवक ने आरोप लगाया था कि यूट्यूब पर अश्लील विज्ञापन आते हैं इसकारण उन विज्ञापनों देखकर उसका ध्यान भटक गया और इसकी वजह से वह पढ़ाई में ध्यान नहीं दे सका। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उस पर जुमार्ना लगाकर कहा कि इस तरह कि याचिका केवल अदालती समय को खराब करने के लिए दाखिल की जाती है। यूट्यूब देखना या नहीं देखना उसका व्यक्तिगत फैसला था। अगर उस परीक्षा से ध्यान नहीं भटकाना चाहता था तब नहीं देखना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने नाराजगी जाहिर कर कहा यह सबसे खराब याचिकाओं में से एक है।

### तय हुआ सिद्धार्थ-कियारा की शादी का वेन्यू: चंडीगढ़ में ले सकते हैं सात फेरे



**मुंबई।** पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी के चर्चे जोरों पर हैं। खबरें हैं कि जल्द दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हाल ही में आई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये दावा किया जा रहा है कि कपल ने अपना वेडिंग वेन्यू डिसाइड कर लिया है। दोनों पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में शादी करने वाले हैं। इतना ही नहीं मल्होत्रा और आडवाणी परिवारों ने शादी की तैयारियों पर काम शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि जल्द ही वेडिंग डेट की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार यह खुलासा हुआ है कि सिड-कियारा की शादी के लिए चंडीगढ़ के ओबेरॉय सुखविलास होटल को चुना गया है। चंडीगढ़ दिल्ली से काफी पास है, ऐसे में सिद्धार्थ मल्होत्रा के परिवार के लिए सुविधाजनक होगा। शादी के बाद मुंबई में कपल का ग्रैंड रिसेप्शन रखा जाएगा। दरअसल कुछ समय पहले मीडिया से बातचीत के दौरान कियारा-सिद्धार्थ के दोस्त से सवाल किया गया कि क्यों वो दोनों जनवरी में शादी करने वाले हैं। तो इस पर दोस्त ने कहा- मुझे नहीं लगता कि दोनों में से किसी ने भी अभी शादी के बारे में सोचा है, ये सब महज उड़ती हुई खबरें हैं। अभी कियारा के करियर का बेस्ट फेज चल रहा है, ऐसे में शादी उनके करियर पर ब्रेक लगा सकती है।

## खास खबर

### देश में खाद्यान्न संकट पैदा होने की आशंका नहीं: गोयल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में खाद्यान्न संकट पैदा होने की आशंका से शुक्रवार को इनकार किया। उन्होंने कहा कि देश में खाद्यान्न की कोई कमी नहीं है और सरकार नियमित रूप से स्थिति की निगरानी करती है। गोयल राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अभी खाद्यान्नों की कोई कमी नहीं है और चावल, गेहूं एवं दालों का पर्याप्त बफर स्टॉक है और खाद्यान्नों की कमी से निपटने के लिए सरकार जागरुक है। उन्होंने कहा कि विश्व खाद्यान्न संकट का सामना कर सकता है लेकिन सौभाग्य से यहां स्थिति भिन्न है और भारत में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। आने वाले समय में इसमें कोई कमी नहीं होगी।

### असम में एक हजार ब्रू आतंकवादी डालेंगे हथियार, मुख्य धारा में लौटेंगे

असम के हाइलाकांदी जिले में भारी संख्या में ब्रू आतंकवादी आत्म समर्पण करने जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, 12 दिसंबर को एक समारोह में 1000 से अधिक ब्रू आतंवादी हथियार डालकर मुख्य धारा में लौटेंगे। हाइलाकांदी के एडिशनल एसपी विद्युत दास ने बताया कि बताया कि नए यूनाइटेड डेमोक्रेटिक लिबरेशन ऑफ बराक वैली (यूडीएलबीवी) और ब्रू रिवोल्यूशनरी आर्मी ऑफ यूनियन (बीआरएयू) के सदस्य औपचारिक रूप से मिजोरम के साथ राज्य की सीमा से 28 किलोमीटर दूर काटलीचेरा में हथियार डालेंगे।

केंद्र, मिजोरम और त्रिपुरा की राज्य सरकार और मिजोरम ब्रू विस्थापित पीपुल्स फोरम (एमबीडीपीएफ) ने 2018 में ब्रू परिवारों के देश लौटने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही मुख्य धारा में लौटने के लिए संगठन से बातचीत शुरू की थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों आतंकवादी संगठन 90 के दशक में असम–मिजोरम के सीमावर्ती क्षेत्रो में, विशेष रूप से असम के हाइलाकांदी जिले में सक्रिय थे।

### हाईकोर्ट ने असम-मेघालय सीमा समझौते पर लगाई अंतरिम रोक, अगली सुनवाई फरवरी में

**सीमा चौकियों का निर्माण नहीं किया जाएगा**



**नई दिल्ली।** मेघालय हाईकोर्ट ने असम-मेघालय सीमा समझौते पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया है। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने मार्च में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें 12 विवादित स्थानों में से कम से कम छह में सीमा का सीमांकन किया गया था, जिसकी वजह से अक्सर दोनों राज्यों के बीच विवाद होता था।

समझौते को लेकर मेघालय के चार पारंपरिक प्रमुखों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसपर न्यायमूर्ति एच एस थांगखिव ने छह फरवरी, 2023 को सुनवाई की अगली तारीख तक अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। वहीं न्यायमूर्ति थंगख्यू ने कहा कि अगली तारीख तक कोई भौतिक सीमांकन या जमीन पर सीमा चौकियों का निर्माण नहीं किया जाएगा। पारंपरिक प्रमुखों ने अपनी याचिका में उच्च न्यायालय से दो पूर्वोत्तर राज्यों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को रद्द करने का आग्रह किया था, जिसमें दावा किया गया था कि यह संविधान की छठी अनुसूची के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, जो आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन के लिए विशेष प्रावधानों से संबंधित है। उन्होंने आरोप लगाया कि समझौता ज्ञापन पर संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त इलाकों के प्रमुखों और उनके दरबारों से परामर्श या सहमति लिए बिना हस्ताक्षर किए गए थे। याचिकाकताओं ने यह भी दावा किया कि समझौता सैद्धांतिक रूप से संविधान के अनुच्छेद 3 के प्रावधान के विपरीत था जिसके तहत संसद विशेष रूप से मौजूदा राज्यों के क्षेत्र या सीमाओं को बदलने के लिए सक्षम है।

### 14 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहेगा आफताब

**नई दिल्ली।** श्रद्धा आफताब मामले को सामने आए करीब महीना हो चुका है इस मामले में लगातार हो रहे नए खुलासों पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई है। मामले में शुक्रवार को आरोपित आफताब अमीन पूनावाला की साकेत कोर्ट में पेशी हुई है। साकेत कोर्ट ने आफताब की न्यायिक हिरासत को बढ़ाने का फैसला किया है। इस आदेश के मुताबिक आफताब अब आने वाले 14 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहेगा। यह पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम हुई। केस के जांचकर्ता के अनुसार श्रद्धा मर्डर केस में नया मोड़ आ सकता है। जांचकर्ता ने बताया कि आफताब काफी चालाक है वह केस को लेकर आने वाले समय में नया खुलासा कर सकता है। बता दें कि आफताब का नार्को और पालीग्राफ टेस्ट हो चुका है। आफताब ही इस केस का मुख्य आरोपित है। इस केस को लेकर पुलिस के हाथों कोई ठोस सबूत नहीं लगे हैं। इस कारण पुलिस की सारी कार्रवाई आफताब द्वारा दिए गए बयानों के ईर्द गिर्द ही घूम रही हैं। पुलिस ने आफताब के फ्लैट के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की भी कोशिश की है लेकिन 6 महीने पहले अंजाम दी गई वारदात को लेकर पुराने फुटेज किसी के पास सहेज कर नहीं रखे गए है।

# केंद्र का टारगेट 25 वर्षों में देश में 1 लाख किलोमीटर नई रेलवे लाइन बिछाना

## बजट में रेलवे को लेकर हो सकती हैं कई घोषणाएं

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के बजट 2023 में देश में रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान करने की संभावना है। आने वाले 25 वर्षों में देश में 1 लाख किलोमीटर नई रेलवे लाइन बिछाने का प्रस्ताव भी किया जा सकता है। नए ट्रैक ने रेलवे नेटवर्क का आधुनिकीकरण करने और ट्रेन की गति भी बढ़ाएंगे। बजट में 7000 किमी ब्रॉड गेज लाइन के विद्युतीकरण के लिए 10000 करोड़ रुपये का फंड मिलने की पूरी संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार मोदी सरकार का इरादा देश के हर कोने में रेल सेवाएं उपलब?ध कराना है। इसके लिए केंद्र का जोर देश में तेज गति से नए रेलवे लाइनों का निर्माण करने पर है। वित्त वर्ष 2024 में ही सरकार 4000 किलोमीटर नई लाइन बिछाना चाहती है। नए रेलवे ट्रैक के निर्माण के लिए फंड को दोगुना करके 50000 करोड़ रुपये किया जा सकता है।



नई लाइनों का निर्माण हाई-स्पीड और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाएगा। वंदे भारत जैसी नई पीढ़ी की ट्रेनें 180 किमी प्रति घंटे की गति से चल सकती हैं। पिछले महीने ही खबर आई थी कि सरकार 2023-24 के केंद्रीय बजट में 300-400 नई वंदे भारत ट्रेनों की भी घोषणा कर सकती है। इसके लिए मोदी सरकार आधुनिक ट्रैक का निर्माण करेगी। भारतीय रेलवे ट्रेनों की गति बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है। रेलवे का इरादा आने वाले समय में ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा करने की है। इस साल रेलवे की कार्गो ग्रोथ 8.5-10 फीसदी रहने का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारतीय रेलवे का राजस्व 11 प्रतिशत बढ़ा है।

रेलवे ने कहा कि उसने नवंबर 2022 में 13560 करोड़ रुपये का माल ढुलाई राजस?व प्राप?त किया है। पिछले साल इसी महीने में यह 12206 करोड़ रुपये था।

ट्रेन हादसे रोकने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ट्रेनों में एक खास तरह की डिवाइस लगाने जा रहा है। यह डिवाइस विमानों में लगे हुए ब्लैक बॉक्स की तरह ही काम करेगी। इससे हादसे के कारणों की जानकारी मिलेगी। पूर्वोत्तर रेलवे ट्रेनों में कैब ऑडियो वीडियो विजुअल रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाने जा रहा है जो लोकोमोटिव इंजन में लगाया जाएगा। नए लोकोमोटिव इंजन में यह डिवाइस पहले से ही लगी हुई है जबकि पुराने लोकोमोटिव इंजन में इस लगाने की अनुमति पूर्वोत्तर रेलवे को मिल चुकी है। पहले चरण में करीब 50 ट्रेनों में इसे लगाया जाएगा।

## श्री करतारपुर साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं से ली जाने वाली फीस हो खत्म

**राघव चड्ढा ने उठाया संसद में मुद्दा**



**नई दिल्ली।** आप सांसद राघव चड्ढा ने संसद में श्री करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए जाने वाले भक्तों से ली जाने वाली फीस और वीजा का मुद्दा संसद में उठाया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं से ली जाने वाली इस राशि को समाप्त किया जाना चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से उचित कदम उठाकर पाकिस्तान से बातचीत कर हल निकाला जाना चाहिए। अभी श्री करतारपुर साहिब के दर्शनों के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं से 20 डॉलर (करीब 1600 रुपये) की फीस ली जाती है। वीजा बनने में भी काफी समय लगता है जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। उन्होंने दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को वीजामुक्त दर्शन की अनुमति दिए जाने की मांग की है। चड्ढा ने कहा कि दर्शन के लिए पहली समस्या पासपोर्ट की है। पास पासपोर्ट नहीं है तो करतारपुर साहिब नहीं जाया जा सकता। भारत सरकार को इस अहम मुद्दे को पाकिस्तान सरकार के सामने उठाना चाहिए। हर तीर्थयात्री को दर्शन करने जाने के लिए 20 डॉलर यानी करीब 1600 रुपये का शुल्क देना पड़ता है। अगर परिवार के 5 सदस्य हर साल जाना चाहें तो उन्हें साल के 8 हजार रुपए खर्च करने होंगे। इस शुल्क वसूली को बंद कर दिया जाए ताकि श्रद्धालु आराम से श्री करतारपुर साहिब जा सकें। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया काफी जटिल है। इसे सरल किया जाए।

## धर्म छिपाकर नाबालिग हिंदू लड़की से शादी करने पहुंचा अधेड़, पुलिस को देख मौके से हुआ फरार

**झारखंड के बोकारो जिले में एक अधेड़ शख्स ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर एक किशोरी के परिजनों को झांसा दिया**

**रांची।** झारखंड के बोकारो जिले में एक अधेड़ शख्स ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर एक किशोरी के परिजनों को झांसा दिया और फिर उन्हें शादी के लिए राजी कर लिया। इसके बाद नाबालिग लड़की से शादी करने उसके घर पहुंच गया। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आरोपी शादी छोड़कर वहां से भाग निकला। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी अपना धर्म और पहचान छिपाकर हिंदू लड़की से शादी कर रहा था। मामले की जांच की जा रही है। नाबालिग लड़की के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

***खुद को हिंदू बताया था आरोपी***

मामला बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र का है। आरोपी मुस्लिम है, जबकि उनसे खुद को हिंदू बताया था। इसके बाद अधेड़ शख्स बारात लेकर लड़की के घर पहुंच गया। वरमाला का कार्यक्रम चल रहा था, तभी किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी की उम्र करीब 50 साल है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के मुताबिक, आरोपी पहले भी इसी तरह के एक मामले में जेल जा चुका है। वह इसी तरह झांसा देकर गरीब लड़कियों को अपने जाल में फंसाने का काम करता है। पुलिस ने आरोपी की कार को जब्त कर लिया है, जिसमें पुलिस की नकली वर्दी भी मिली है।

***इस तरह परिवार को जाल में फंसाया***

बताया गया है कि नाबालिग लड़की की मां कुछ महीने पहले ऋण लेने के लिए बैंक गई थी। इस दौरान आरोपी मिला और अपना नाम संजय बेसरा बताया। साथ ही ऋण पास कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद महिला का ऋण भी पास हो गया। मुस्लिम शख्स फोन कर महिला से बात करता है और बाद में उसने महिला के घर आना शुरू कर दिया। वह हमेशा पुलिस की फर्जी वर्दी में ही महिला के घर आता था। इस वजह से लड़की के परिवार ने उस पर भरोसा कर लिया और वे अधेड़ से बेटी की शादी करने को राजी हो गए। ***एजेंसी***

## मेयर चुनाव से पहले केजरीवाल का दांव कांग्रेस की दो महिला पार्षद आप में शामिल

**आम आदमी पार्टी के पार्षदों की संख्या 136 हो गई**



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के परिणाम आने के बाद भी रोमांच अभी भी बरकरार है। नगर निगम रिजल्ट के बाद कांग्रेस को एक और झटका लगा है। शुक्रवार को दो पार्षद आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। इस तरह आम आदमी पार्टी के पार्षदों की संख्या 136 हो गई है। आप में शामिल होने वाली पार्षदों के नाम सबिला बेगम और नाजिया खातून हैं। सबिला ब्रजपुरी और नाजिया मुस्तफाबाद से पार्षद हैं। बता दें कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव 4 दिसंबर को हुए और परिणाम 7 दिसंबर को आया था। दिल्ली नगर निगम चुनाव के परिणाम में आम आदमी पार्टी को 134, भाजपा को 104, कांग्रेस को 9 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं, तीन निर्दलीय उम्मीदवार भी जीते थे। शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल ने बड़ा दांव चलते हुए कांग्रेस की दो नई महिला पार्षदों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। इस तरह आप के पार्षदों की संख्या 136 और कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 7 रह गई। राज्य चुनाव आयोग से जीते हुए प्रत्याशियों की अधिसूचना जारी करके दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को भेजेगा। आयुक्त इसे निगम सचिव को भेजेंगे। निगम सचिव इस सूची के साथ एक पत्र उपराज्यपाल को लिखेंगे। जिसमें कहा जाएगा कि यह सदस्य जीतकर आए हैं। कृपया सदन की बैठक की तारीख और महापौर का चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त करें। निगम के पूर्व मुख्य विधि अधिकारी अनिल गुप्ता बताते हैं कि इसी समय उपराज्यपाल एक्ट के अनुसार देखेंगे कि क्या वह शपथ की तारीख घोषित कर सकते हैं

# उमर खालिद पर दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी शरजील के केस में नहीं डालेगी कोई असर- सुप्रीम कोर्ट ने किया आश्वस्त

## कोर्ट ने कहा था दिल्ली दंगों को लेकर रची गई सजिश का मुखिया शरजील इमाम था

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को आश्वस्त किया है कि इस मामले के दूसरे आरोपी उमर खालिद के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणी उसके केस पर असर नहीं डालेगी। शरजील ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी कि दिल्ली हाईकोर्ट ने उमर खालिद की बेल एप्लीकेशन की सुनवाई के समय जो टिप्पणी की थी उसके आधार पर अदालत उसके साथ पक्षपात न करे।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एएस ओका की बेंच उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें शरजील इमाम ने दिल्ली हाईकोर्ट ने 18 अक्टूबर के आदेश के खिलाफ स्पेशल लीव पटीशन दायर की थी। एडवोकेट सिद्धार्थ दवे ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने जो काफी सारी बातें कही थीं। बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट ने वो टिप्पणी करते समय खुद भी कहा था कि उसकी इस टिप्पणी का ट्रायल पर कोई असर नहीं होगा। दवे का कहना था कि हाईकोर्ट ने ये स्पष्टीकरण केवल उमर खालिद के केस में दिया था।



हाईकोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा था कि दिल्ली दंगों को लेकर रची गई सजिश का मुखिया शरजील इमाम था। वो उमर खालिद के साथ लगातार संपर्क में था। दोनों ने साथ मिलकर दंगों की साजिश रची थी। फरवरी 2020 में दोनों के बीच नार्थ ईस्ट दिल्ली में एक मीटिंग भी हुई थी। हाईकोर्ट की टिप्पणी के मुताबिक दिल्ली दंगों और सीएए प्रोटेस्ट के बीच एक कनेक्शन था। इमाम और खालिद दोनों इसकी साजिश का हिस्सा था। शरजील इमाम जनवरी 2020 से पुलिस की हिरासत में है। उसके खिलाफ कई सारे केस दर्ज किए गए हैं। नवंबर 2020 में उसके खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्ज शीट भी दाखिल की जा चुकी है।

ध्यान रहे कि शरजील इमाम और उमर खालिद के खिलाफ यूएपीए के तहत भी केस दर्ज किया गया है। दोनों जमानत के लिए लगातार अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन फिलहाल इस मामले में दोनों को ही जमानत नहीं मिल सकी है। दिल्ली पुलिस दोनों की जमानत का हर बार पुरजोर विरोध करती है। पुलिस का कहना है कि इन दोनों को जमानत मिलने से एक गलत संदेश जाएगा।

### दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण : सुप्रीम कोर्ट का नई याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के मामले में एक और याचिका दायर की गई है जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर वकील शशांक शेखर झा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्र दिल्ली हरियाणा पंजाब और यूपी सरकार को पार्टी बनाया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में इस मसले पर कई याचिकाएं पहले से लंबित पड़ी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई से इनकार कर टिप्पणी की कि मामले में पहले से ही याचिकाएं लंबित हैं इसके बाद अब नई याचिका की क्या जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने वकील शशांक से कहा कि नई याचिका की बजाए आप लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप अर्जी दाखिल करें। बता दें कि इससे पहले पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण रोकने के लिए पराली जलाने के संबंध में नए दिशानिर्देश जारी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था।




दिल्ली में ठंड लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार की सुबह दिल्ली में धुंध और कोहरे के साथ हुई। मौसम विश्लेषकों के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में एक और सप्ताह यथास्थिति बनी रहेगी। बता दें कि दिल्ली के प्रदूषण स्तर में भी गिरावट दर्ज हुई है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 389.01 अंक नीचे आकर 62181.67 अंक पर बंद हुआ



**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही उर्जा और आईटी शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा कच्चे तेल के दाम बढ़ने और निवेशकों की लगाकर पूंजी निकासी से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इससे दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 389.01 अंक करीब 0.62 फीसदी नीचे आकर 62181.67 अंक पर बंद हुआ।
वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.75 अंक तकरीबन 0.61 फीसदी टूटकर 18496.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक सबसे ज्यादा 6.72 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा टेक महिंद्रा इन्फोसिस विप्रो टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर नेस्ले इंडिया टाइटन सन फार्मा डॉ. रेड्डीज इंडसइंड बैंक और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये।
वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्की हांगकांग का हैंगसेंग चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। वहीं यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में हल्की बढ़त रही। अमेरिकी बाजार में भी गत दिवस बढ़त थी। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 फीसदी बढ़कर 76.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मुम्बई शेयर बाजार की शुक्रवार को अच्छी शुरूआत हुई। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार तेजी के साथ खुला पर कुछ समय बाद ही वह नीचे आने लगा। बाजार में ये गिरावट मुनाफावसूली हावी होने से आई है। वहीं आज दुनिया भर के बाजारों से कमजोर संकेत मिले पर निवेशकों के सकारात्मक रुख से बाजार को बल मिला। फेड रिजर्व के ब्याज दरें बढ़ाने से भी निवेशक सतर्क दिखे। सेंसेक्स सुबह 120 अंकों के उछाल के साथ ही 62691 पर खुला और कारोबार शुरू किया। वहीं निफ्टी 53 अंकों की बढ़त बनाकर 18662 पर खुला और कारोबार शुरू हुआ। निवेशकों ने शुरूआत में खूब उत्साह दिखाया और खरीदारी पर बल दिया पर कुछ ही देर बाद बाजार में मुनाफावसूली से इसमें गिरावट आने लगी। इससे सेंसेक्स-निफ्टी ने शुरूआती बढ़त खो दी। सुबह सेंसेक्स करीब 36 अंकों की तेजी के साथ 62607 पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 21 अंक नीचे आकर 18630 पर पहुंच गया।

### सोना फिसला चांदी में तेजी



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमतें गिरी हैं। वहीं चांदी में तेजी आई है। दिल्ली सरार्फा बाजार में सोना 30 रुपये घटकर 54305 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 54335 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था हालांकि चांदी के दाम 558 रुपये बढ़कर 67365 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंचे। रुपये के मजबूत होने से घरेलू बाजार में सोने की कीमत में कुछ गिरावट आई। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना लाभ के साथ ही 1791.9 डॉलर प्रति औंस पर था। चांदी भी बढ़त के साथ 23.07 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। डॉलर इंडेक्स में गिरावट आने के बीच सोने और चांदी की कीमतों में बढ़त रही। निवेशकों की नजरें अब अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक में ब्याज दर में वृद्धि को लेकर हैं।

## लगभग 150 करोड़ निष्क्रिय खातों को डिलीट करेगा ट्वीटर




**नई दिल्ली।** ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोब्लागिंग प्लेटफार्म पर वर्षों से निष्क्रिय पड़े 1.5 अरब खातों को डिलीट किया जाएगा। यह ऐसे खाते हैं, जिनसे वर्षों से न तो कोई ट्वीट किया गया और न ही इन पर लागइन किया गया। मस्क ने यह भी कहा कि ट्विटर एक ऐसी प्रक्रिया पर काम कर रहा है, जिसके तहत ट्वीट पर प्रतिबंध की सूचना यूजर्स को दी जाएगी और वे इस प्रतिबंध के खिलाफ अपील कर सकते हैं। इसके अलावा ट्विटर एक ऐसे साफ्टवेयर अपडेट पर भी काम कर रहा है, जिससे आपके वास्तविक खाते की जानकारी मिल जाएगी। अगर आपके खाते पर किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाया गया है तो उसका कारण और अपील की भी जानकारी दी जाएगी। ट्विटर पर अपने प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक भाषणों को दबाने का भी आरोप लग चुका है। हालांकि, ट्विटर इन आरोपों का खंडन कर चुका है। हाल ही में पता चला है कि ट्विटर अपने आईफोन यूजर्स के लिए ब्लू टिक वेरिफिकेशन की कीमतों को 7.99 डॉलर से 11 डॉलर तक बढ़ा सकती है। कंपनी का कहना है, कि जो यूजर्स आईफोन ऐप से भुगतान करेंगे, उनको 11 डॉलर की फीस देनी होगी। वहीं वेबसाइट का इस्तेमाल करके भुगतान करने वाले कस्टमर्स को केवल 7.99 डॉलर देने होंगे। यह कदम ऐपल के 30% कटौती के खिलाफ लिया गया है, जो आईफोन ऐप के माध्यम से यूजर्स द्वारा किए गए किसी भी भुगतान पर की जाती है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें गिरीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में आई गिरावट के बाद भारतीय बाजार पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। इससे शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कुछ शहर में पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ जबकि कई जगह इसकी कीमतें नीचे आई हैं। वहीं दिल्?ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार आज सुबह गौतमबुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल 42 पैसे सस्ता होकर 96.58 रुपये लीटर और डीजल 39 पैसे गिरकर 89.75 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। लखनऊ में पेट्रोल 13 पैसे चढ़कर 96.57 रुपये लीटर पहुंच गया जबकि डीजल 12 पैसे चढ़कर 89.76 रुपये लीटर हो गया है। हरियाणा के गुरुग्राम में भी आज पेट्रोल 8 पैसे महंगा होकर 96.85 रुपये लीटर पहुंच गया जबकि डीजल 8 पैसे चढ़कर 89.73 रुपये लीटर बिक रहा है।
अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में इसकी कीमतों में करीब 3 डॉलर की गिरावट दिख रही है और ब्रेंट क्रूड का भाव 76 डॉलर के आसपास पहुंच गया है।

## अडाणी-टाटा नहीं पिछले 5 सालों में रिलायंस ने बनाई 13.2 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति

### शेयर बाजार में अब भी मुकेश अंबानी का ही डंका बज रहा



**नई दिल्ली।** संपत्ति के मामले में मुकेश अंबानी को पछाड़कर गौतम अडाणी भले ही एशिया के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं लेकिन शेयर बाजार में अब भी मुकेश अंबानी का ही डंका बज रहा है। मोतीलाल ओसवाल एनुअल वेल्थ क्रिएशन स्टडी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश अंबानी की रिलायंस ने जो मुकाम हासिल कर लिया है उससे अडाणी ग्रुप और टाटा बहुत दूर हैं।
रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) सबसे बड़ी संपत्ति निमार्ता कंपनी बन गई है। पिछले 5 सालों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा संपत्ति जोड़ी है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2017-2022 के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज ने निवेशकों की संपत्ति 13.02 लाख करोड़ रुपए बढ़ाई है। रिलायंस के बाद टाटा की टीडीएस (टीसीएस) हैं जिसने 5 सालों में 954800 करोड़ रुपए की और इंफोसिस ने 5 सालों में 579500 करोड़ की संपत्ति बनाई है। इस लिस्ट में अडानी समूह तीसरे पायदान पर है। इस लिस्ट में टॉप 100 कंपनियों को शामिल किया गया है जिन्होंने निवेशकों की संपत्ति में 5 सालों में कुल 92.2 लाख करोड़ की बढ़ोतरी की है।
टाटा और अडाणी समूह के स्टॉक को पछाड़ते हुए मुकेश अंबानी की कंपनी एक बार फिर से सबसे बड़ी संपत्ति जोड़ने वाली कंपनी बन गई है। आपको बता दें कि यह लगातार चौथी बार है जब इस रिपोर्ट में रिलायंस नंबर वन पायदान पर बनी हुई है। इस लिस्ट में शामिल टीसीएस ने इस दौरान 9548 करोड़ इंफोसिस ने 5795 करोड़ एचडीएफसी ने 4108 करोड़ रुपए बजाज फिनस्त्रव ने 3614 करोड़ हासिल किए और टॉप वेल्थ क्रिएटर बने हैं।

### रुपया बढ़त के साथ 82.28 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपये में गिरावट आई है। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन विदेशी अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 82.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से निकासी से निवेशकों की धारणा पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे रुपये की बढ़त पर कुछ अंकुश लग गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.30 के स्तर पर खुला और कारोबार के अंत में यह 10 पैसे की तेजी के साथ 82.28 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 82.08 के उच्चस्तर और 82.33 के निचले स्तर तक पहुंचा। वहीं गत कारोबारी सत्र में रुपया 82.38 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि ब्याज दर में वृद्धि की गति के बारे में अतिरिक्त संकेतों के लिए निवेशकों को अगले सप्ताह केन्द्रीय बैंक की बैठकों के नतीजों के सामने आने का इंतजार है।

## रेपो दर में बढ़ोतरी से एक बार फिर महंगे हुए कर्ज बैंकों ने बढ़ाई ब्याज दरें



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की महंगाई से निपटने की जद्दोजहद जारी है। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष में पांचवीं बार रेपो रेट में बढ़ोतरी कर दी है। 7 दिसंबर 2022 को बैंक ने ताजा मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए रेपो रेट को 35 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर 6.25 फीसदी कर दिया है। इससे आम लोगों की जेब पर मार पड़ना तय है। आरबीआई की रेपो रेट में वृद्धि की घोषणा के बाद कई बैंकों ने अपने होम लोन में वृद्धि कर दी है। इसमें बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे बड़े सरकारी बैंक भी शामिल हैं। आइए देखते हैं अब तक किन-किन बैंकों ने होम लोन की ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है कि खुदरा लोन के लिए उसकी न्यूनतम ब्याज दर (बड़ौदा रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट) 8 दिसंबर से 8.85 फीसदी हो गई है। इसमें रेपो रेट का 6।25 फीसदी और 2.60 फीसदी का मार्क अप शामिल है। बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी वेबसाइट पर बताया है कि रेपो रेट में संशोधन को देखते हुए रेपो बेस्ड लैंडिंग रेट (आरबीएलआर) को बढ़ाकर 9.10 फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा 1 साल के एमसीएलआर को 8.15 फीसदी 6 महीने के एमसीएलऔर को 7.90 फीसदी किया गया है। ये बदलाव 7 दिसंबर से लागू हो गए हैं। इंडियन ओवरसीज बैंक ने कहा है कि मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स (एमसीएलआर) को 15-35 बेसिस पॉइंट तक बढ़ाया गया है। इसके अलावा रेपो लिंक्ड लेंडिंग रोटे (आरएलएलआर) को 9.10 फीसदी कर दिया गया है। दोनों बदलाव 10 दिसंबर से लागू हो जाएंगे।

### अमेजन फैशन पर वार्डरॉब रिफ्रेश सेल का 11वां संस्करण शुरू

**नई दिल्ली।** अमेजन फैशन ने अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट वार्डरॉब रिफ्रेश सेल के 11वें संस्करण को सबसे पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर विशेष डील्स के साथ शुरू करने की घोषणा की है। अब जैसे कि वर्ष 2022 समाप्त होने वाला है, तो ये समय है पुरानी यादों को ताजा करने और संडे ब्रंच, वेडिंग सीजन, हाउस पार्टी या न्यू ईयर ईव को अपने प्रियजन के साथ अपने सबसे फैशनेबल परिधान के साथ जश्न मनाने का। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी क्या योजना है, हम आपको अपैरल, शूज, हैंडबैग, वॉचेज, ज्वेलरी, किड्स वियर, ब्यूटी उत्पादों, लग्जरी ब्यूटी आदि सहित फैशन और ब्यूटी कैटेगरी के विस्तृत चयन उपलब्ध कराएंगे। ग्राहक शुक्रवार, 9 दिसंबर से शुरू होने वाले और 14 दिसंबर 2022 तक चलने वाले पांच दिवसीय शॉपिंग इवेंट के दौरान 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक की छूट हासिल कर सकते हैं।

## भारत में रियलमी 10 प्रो सीरीज का अनावरण हुआ



**नई दिल्ली।** 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड और सबसे भरोसेमंद टेक ब्रांड, रियलमी ने आज अपने लेटेस्ट यूथ फ्लैगशिप स्मार्टफोंस - रियलमी 10 प्रो$ 5जी और रियलमी 10 प्रो 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी 10 प्रो सीरीज 5जी को उत्कृष्टता के साथ बनाया गया है। इसमें अद्भुत डिस्प्ले, फ्लैगशिप कैमरा, शक्तिशाली 5जी प्रोसेसर है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान करता है। इसमें बॉक्स में रियलमी यूआई 4.0 मिलता है। अपनी नंबर सीरीज में नए उत्पाद के साथ रियलमी एक बार फिर यूजर्स को ज्यादा आधुनिक व संपूर्ण अनुभव प्रदान कर रहा है, और मिड से लेकर हाई एंड सेगमेंट में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहा है। माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी, और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिजनेस ग्रुप ने कहा, रियलमी नंबर सीरीज भारत और विश्व में हमारे यूजर्स द्वारा सबसे ज्यादा पसंद की गई सीरीज है। यूजर्स को ज्यादा आधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ हमने हमेशा नंबर सीरीज के हर उत्पाद में ज्यादा आधुनिक विशेषताएं प्रदान की हैं, जो अपने मूल्य वर्ग में सर्वश्रेष्ठ हैं। रियलमी 10 प्रो सीरीज 5जी के साथ हमारा उद्देश्य नंबर सीरीज में बाजार की सर्वोत्तम विशेषताएं पेश करना और यूजर्स को प्रीमियम फीचर्स प्रदान करना है। इन दोनों स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप लेवल का डिस्प्ले और शक्तिशाली 5जी प्रोसेसर है, जो भारत में 5जी को जनसमूह तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम विश्व में नंबर सीरीज के 50 मिलियन यूजर्स तक पहुँच चुके हैं, जिनमें से 30 मिलियन यूजर्स भारत से हैं।

## डीजल के बराबर हो जाएगी सीएनजी की कीमत? रेटिंग एजेंसी आइसीआरए ने जताई ये आशंका



**नई दिल्ली।** अधिकतर लोग पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों की वजह से सीएनजी गाड़ियों की ओर रुख कर रहे हैं। सीएनजी की कम कीमत और इनसे मिलने वाली बेहतर माइलेज से प्रति किमी ईंधन की खपत कम होती है और इसका फायदा कम खर्च के रूप में दिखता है। पर रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अनुमान लगाया है कि सीएनजी की बढ़ती कीमतों की वजह से इससे मिलने वाला लाभ ग्राहकों को नहीं मिल रहा और इसकी मांग कम हो रही है।
आइसीआरए के मुताबिक, गैस की बढ़ती कीमतों ने चालू वित्त वर्ष में कमर्शियल वाहनों में सीएनजी की पैठ को कम कर दिया है। बढ़ती कीमतों की वजह से सीएनजी का इस्तेमाल 16 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से घटाकर 9 से 10 प्रतिशत हो गया है।
इक्रा ने आगे कहा पिछले एक साल में वैश्विक ऊर्जा की कीमतों में तेजी आने के कारण सीएनजी की कीमत में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसने ईंधन और डीजल के बीच की खाई को कम कर दिया है और सीएनजी ईंधन की डिमांड को कम किया है। इसका सबसे ज्यादा असर एमसीवी ट्रक सेग्मेंट में दिखाई दे रहा है।
बढ़ती कीमतों का असर सिर्फ सीएनजी की बिक्री में गिरावट के रूप में ही नहीं देखा गया है, बल्कि इसका असर सीएनजी गाड़ियों पर भी पड़ रहा है।
इक्रा की रिपोर्ट के मुताबिक, मालवाहक सेगमेंट में मध्य श्रेणी के वाणिज्यिक वाहनों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई है। सीएनजी से चलने वाले वाहनों का प्रतिशत वित्त वर्ष 2022 में 38 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2023 के पहले आठ महीनों में 27 प्रतिशत रह गया है।
सीएनजी वाहनों की परिचालन लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले साल की तुलना में यह लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। दिल्ली और मुंबई जैसे कुछ शहरों में डीजल वेरिएंट की तुलना में सीएनजी की कीमत अब 5-20 प्रतिशत अधिक है। दूसरी तरफ, सीएनजी वाणिज्यिक वाहनों की मासिक बिक्री 11,000 से 12,000 यूनिट्स से गिरकर 6,000 से 7,000 यूनिट्स पर पहुंच गई है।

## कारों को कई कंपनियों ने उतारे नए-नए मॉडल्स ग्रैंड विटारा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर कार प्रस्तुत



**नई दिल्ली।** कंपनी मारुति सुजुकी और टोयोटा वीडब्ल्यू और स्कोडा ने बाजार में अपने अपने मॉडल्स उतारे हैं। देश में मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में लगातार नए मॉडल्स लॉन्च हो रहे हैं। मारुति सुजुकी और टोयोटा ने क्रमशः ग्रैंड विटारा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर के साथ मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में एंटर किया। दोनों एसयूवी टोयोटा की फेसेलिटी में डिवेलप की गई हैं। इसी तरह फॉक्सवैगन और स्कोडा ने अपनी-अपनी एसयूवी- टाइगुन और कुशाक को भारतीय बाजार में लॉन्च किया। ये एसयूवी सीधे हुंडई क्रेटा और किआ सेल्टोस को टक्कर देती हैं दोनों प्लेटफॉर्म और इंजन विकल्प शेयर करती हैं। होंडा ने आधिकारिक तौर पर 2023 में देश में एक नई एसयूवी लॉन्च करने की घोषणा की है। नया मॉडल कथित तौर पर सिटी प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा और इसकी लंबाई 4.3 मीटर के करीब होगी। कंपनी अमेज प्लेटफॉर्म का भी उपयोग कर सकती है। नई होंडा एसयूवी को निकट भविष्य में 7-सीटर डेरिवेटिव भी प्राप्त हो सकता है। एसयूवी को 1.5-लीटर पेट्रोल और 1.5-लीटर पेट्रोल के साथ एक स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड तकनीक के साथ पेश किए जाने की संभावना है। तीसरी पीढ़ी की डस्टर एसयूवी तैयार कर रहा है जिसे कथित तौर पर 2024 में लॉन्च किया जाएगा। नया मॉडल हमारे बाजार में भी बिक्री के लिए जाएगा और क्रेटा टाइगुन सेल्टोस ग्रैंड विटारा और अन्य को टक्कर देगा। यह नए सीएमएफ-बी प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा। नए मॉडल में एडब्ल्यूडी लेआउट दिया जाना जारी रहेगा। इसे हाइब्रिड तकनीक वाले पेट्रोल इंजन के साथ पेश किए जाने की उम्मीद है। उधर अमेरिकी एसयूवी निमार्ता जीप यूरोप और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एवेंजर कॉम्पैक्ट एसयूवी के उत्पादन संस्करण को पेश करने के लिए तैयार है। नए मॉडल को भी 2023-24 में भारतीय बाजार में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। यूरोपीय बाजारों में एवेंजर को शुद्ध ईवी के साथ-साथ आईसीई के रूप में पेश किया जाएगा। ***एजेंसी***

## संक्षेप

### जेबपे के सीईओ के रूप में राहुल पगिदिपति की वापसी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पुराने और सबसे भरोसेमंद क्रिप्टो एसेट एक्सचेंज जेबपे ने आज घोषणा की कि 1 दिसंबर, 2022 से राहुल पगिदिपति ने सीईओ के रूप में कंपनी में वापसी कर ली है। राहुल जेबपे के संचालन का नेतृत्व करेंगे और व्यापार की वर्तमान और नई लाइनों को विकसित करने के लिए वर्तमान लीडरशिप टीम के साथ काम करेंगे। राहुल पगिदिपति पहली बार जनवरी 2020 में जेबपे के सीईओ बने, जब उन्होंने तीन सह-संस्थापकों से मैजोरिटी ऑनरशिप हासिल कर ली थी। जून 2021 में जेबपे ने घोषणा की कि राहुल पगिदिपति और अविनाश शेखर को-सीईओ के रूप में जिम्मेदारियों को साझा करेंगे। अविनाश ने भारत में जेबपे की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ-साथ कंपनी के राजस्व को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि राहुल ने अंतरराष्ट्रीय विकास और रणनीति का दायित्व संभाला। दिसंबर में, अविनाश ने सीईओ के रूप में पदभार संभाला, जबकि राहुल ने अन-सीईओ के इन-हाउस टाइटल के साथ चेयरमैन के रूप में उन्हें सपोर्ट किया और उनका मार्गदर्शन करना जारी रखा। नया टाइटल अविनाश को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया था और कंपनी के डीएओ (विकेन्द्रीकृत स्वायत्त संगठन) की तरह बनने के दीर्घकालिक लक्ष्य को दशार्ता है। जेबपे की एक्टिव लीडरशिप में डॉ. देवैया पगिदिपति को भी शामिल किया गया है। वे बोर्ड के वर्तमान सदस्य और नादम (नेशनल एसोसिएशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ दलित्स, आदिवासी एंड मॉइनॉरिटीज) के संस्थापक होंगे। एक सफल उद्यमी और निवेशक डॉ. पगिदिपति सरकारों और गैर सरकारी संगठनों की सेवा पर केंद्रित जेबपे की एक नई इकाई का मार्गदर्शन करेंगे।

### कॉस्मो फाउंडेशन ने दिल्ली के विद्या बाल विहार स्कूल की मदद के लिए हाथ बढ़ाया

**नई दिल्ली।** कॉस्मो फाउंडेशन कॉस्मो फर्स्ट लिमिटेड का कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम, ने हाल ही में विद्या बाल विहार स्कूल, दिल्ली को आरओ वॉटर प्यूरिफायर और कूलर दान करने के साथ-साथ स्कूल में छात्रों और शिक्षकों के लिए विश्राम कक्षों का नवीनीकरण करके एक अनूठी पहल की है। परिसर। इस परियोजना से प्राइमरी स्कूल के 250 छात्रों को सीधा लाभ होगा, जिसका उद्घाटन नीरज जैन, ग्रुप सीएफओ, कॉस्मो फर्स्ट लिमिटेड द्वारा किया गया। यह पहल वंचित बच्चों के लिए हाथ धोने की सुविधा के साथ स्वच्छ शौचालयों तक पहुंच बनाने की कॉस्मो फाउंडेशन की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। अब तक, संगठन ने 27 ग्रामीण सरकारी स्कूलों में हाथ धोने की सुविधा के साथ 185 शौचालयों, मूत्रालयों का निर्माण किया है, जिससे 6953 छात्र और शिक्षक लाभान्वित हुए हैं। कॉस्मो फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी सुश्री यामिनी जयपुरिया ने कहा, आज हमारे समाज में स्वच्छ पेयजल और उचित स्वच्छता तक पहुंच दो प्रमुख मुद्दे हैं। कॉस्मो फाउंडेशन में हम समुदाय और समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग को वापस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन पहलों के माध्यम से, हम समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को भी दोहराना चाहते हैं, विशेष रूप से छात्रों के बीच क्योंकि वे हमारे स्वस्थ कल की नींव हैं।

### होम फर्निशिंग इंडस्ट्री की ग्लोबल कंपनी पॉटरी बार्न ने दीपिका को बनाया ब्रांड एंबेसेडर

**मुंबई।** होम फर्निशिंग इंडस्ट्री की एक ग्लोबल कंपनी है पॉटरी बार्न इसका प्रवेश भारत में हो गया है। भारत में ग्लोबल कंपनी ने रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस ब्रांड्स को साझीदार बनाया है। इसी पॉटरी बार्न ने भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। ऐसा पहली बार हुआ है जबकि कोई ग्लोबल कंपनी ने किसी भारतीय अभिनेत्री को अपना ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। दुनिया भर में पॉटरी बार्न को डिजिटल-फर्स्ट डिजाइन-आधारित और सस्टेनेबल होम रिटेलर के रूप में जाना जाता है। इस कंपनी का हेडक्वार्टर अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में है। पॉटरी बार्न विलियम्स-सोनोमा इंक. का एक पोर्टफोलियो ब्रांड है और इसी सितंबर में कंपनी ने रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप में पहला स्टोर दिल्ली में खोला था। कंपनी ने प्रतिष्ठित इंटरनेशनल सेलिब्रिटी दीपिका पादुकोण को ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर साइन किया है। ब्रांड एम्बेसडर होने के साथ दीपिका पॉटरी बार्न के साथ मिलकर एक कलेक्शन लाने की तैयारी में भी हैं।

### आयकर रिटर्न फाइलिंग बीच में छूटने पर अब आयकर विभाग भेजेगा मैसेज

**नई दिल्ली।** नियमित रूप से अपना आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले करदाताओं को अब रिटर्न फाइलिंग पूरी नहीं होने पर आयकर विभाग की ओर से इस संबंध में सूचना मिल रही है। सूचना में यह भी बताया जा रहा है कि आपका रिटर्न किस स्टेज तक भरा जा चुका है। उदाहरण के लिए यदि किसी करदाता ने साइट पर ऑनलाइन मोड में रिटर्न फाइल करना शुरू किया लेकिन किसी कारणवश प्रक्रिया को बीच में छोड़ दिया है तो उसे भेजी गई सूचना कुछ इस तरह होगी हमने ध्यान दिया कि आपका असेसमेंट ईयर 2022-23 के लिए आईटीआर अभी भी ड्राफ्ट फेज में है। कृपया आईटीआर पूरा करें जमा करें और इसे ई-सत्यापित करें। किसी व्यक्ति की आईटीआर फाइलिंग विभिन्न कारणों से बीच में रह सकती है। मसलन व्यक्ति अपना रिटर्न फाइल करना भूल सकता है या पर्याप्त जानकारी के अभाव में फाइलिंग प्रक्रिया को बीच में ही छोड़ सकता है। इसके अलावा ऐसा भी होता है कि एक बार ड्यू डेट समाप्त हो जाने के बाद लोग अपना आईटीआर दाखिल करने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए लापरवाह हो जाते हैं। 2.5 लाख रुपए से अधिक की वार्षिक आय वाले व्यक्ति के लिए आईटीआर दाखिल करना आवश्यक है। (वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट की सीमा 3 लाख रुपए और अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 लाख रुपए है) इसके अलावा यदि आपका कहीं टीडीएस कटा है तो भी आपको आयकर भरना होगा। भले ही इस सूरत में आपकी कुल आय निर्धारित छूट सीमा से कम ही क्यों न हो। कुछ छूटों के अलावा अधिकांश करदाताओं को अपना आईटीआर ऑनलाइन दाखिल करने की आवश्यकता होती है।

### धनलक्ष्मी बैंक ने सावधि जमा पर बढ़ाई अपनी ब्याज दरें

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने 2 करोड़ रुपये से कम की एफडी पर ब्याज दरों में बदलाव किया है। बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार नई दरें 8 दिसंबर से प्रभावी हो गई हैं। ब्याज दरों में इस बदलाव के बाद बैंक अब 7 दिनों से लेकर 10 वर्ष तक की अवधि के लिए 3.25 फीसदी से 6.10 फीसदी तक की ब्याज दर ऑफर कर रहा है। नई ब्याज दरों के हिसाब से धनलक्ष्मी बैंक ने 555 दिनों की अवधि में मैच्योर होने वाली एफडी पर सबसे ज्यादा 7.25 फीसदी की दर से ब्याज देने की पेशकश की है। वहीं बैंक सीनियर सिटीजन को धनम टैक्स एडवांटेज जमा के अलावा 1 वर्ष और उससे ज्यादा अवधि की सभी डॉमेस्टिक एफडी के लिए 0.50 फीसदी प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज दे रहा है। धनलक्ष्मी बैंक अब 7 दिनों से 45 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 3.25 फीसदी की दर से ब्याज का वादा कर रहा है। वहीं 46 दिनों से 90 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 3.75 फीसदी 91 दिनों से लेकर एक वर्ष से कम अवधि में मैच्योर होने वाली एफडी पर 4.50 फीसदी और 1 वर्ष या उससे ज्यादा और 2 वर्ष तक मैच्योर होने वाली एफडी पर 6.25 फीसदी की दर से ब्याज दे रहा है। नई दरों के मुताबिक धनलक्ष्मी बैंक में अब 555 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 7.25 फीसदी की दर से और 2 साल से अधिक से लेकर 3 साल तक की एफडी पर 6.00 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। बैंक अब 3 साल से ऊपर और 5 साल तक की जमा राशि पर 6.10 फीसदी की ब्याज दर ऑफर कर रहा है। जबकि बैंक 1111 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 6.25 फीसदी की दर से ब्याज देगा। वहीं पांच साल से ज्यादा और दस साल तक की जमा राशि पर धनलक्ष्मी बैंक 6.10 फीसदी की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में धनलक्ष्मी बैंक का कुल कारोबार 15.71 फीसदी बढ़कर 21857 करोड़ रुपये हो गया।

# बढ़ी ठंड, नहीं जले अलाव लोग ठिठुरने को मजबूर

## नगर पालिका से अलाव जलाने की मांग

जनसंदेश न्यूज



बढ़ी हुई ठंड के बीच अपनी व्यवस्था से अलाव जलाकर राहत पाते हुए लोग

**गोपीगंज।** बढ़ती हुई ठंड के साथ अलाव नही जलने से नागरिक चौक चौराहे, बस स्टैंड पर खुद की लकड़ी का इंतजाम कर अलाव की व्यवस्था कर सर्दियों से राहत पा रहे है। बढ़ती ठंड के बावजूद नगर पालिका सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था नहीं की है। बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन हॉस्पिटल पर आए हुए बाहर से यात्रियों को ठिठुरते हुए देखे जा सकते है, सड़क के किनारे बसे लोगों की बेबसी समाजसेवी संगठनों को भी नहीं दिख रही। नगर पालिका या जिला प्रशासन को रात का न्यूनतम तापमान गिरता हुआ नहीं दिख रहा है। बेघर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा यह समझा जा सकता है। पिछले एक सप्ताह से रात का तापमान न्यूनतम स्तर पर दर्ज किया जा सकता है ।नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। लोग स्वयं कहीं लकड़ी, टायर, फुआल, बांस बल्ली से अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए नागरिकों ने जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन से तत्काल प्रभाव से अलाव जलाने की व्यवस्था की मांग की है।

### तीन दिवसीय टीएलएम कार्यशाला का शुभारंभ

**सुरियावां।** बीआरसी सुरियावां में शुक्रवार को तीन दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का सुरियावां खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केशरवानी के सानिध्य मे तीन दिवसीय टीएलएम प्रशिक्षण शुभारंभ हुआ। इसमें पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवम् कंपोजिट विद्यालय के नोडल शिक्षक ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया, इस दौरान, खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 2022-23 के शैक्षणिक सत्र तक ब्लाक के सभी शिक्षकों को निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सभी शिक्षक प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को समझें और फिर उसका अपने स्कूल में क्रियान्वयन करें। प्रशिक्षण में टेक्निकल टीम में ब्लॉक लेखाकार अंकित मालवीय व कार्यालय सहायक दीपक साहू कमान संभाल रहे है व प्रशिक्षक के रूप में वेद प्रकाश, अवलेश, अशोक गुप्ता, मो. हनीफ, चंद्र प्रकाश, राज कुमार शर्मा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे अन्य प्रवीण मिश्रा, बच्चा लाल यादव प्रियंका सरोज, अर्चना सिंह, लीना सिंह, अनुज शुक्ला, हर्ष उपाध्याय रामसहाय, विवेक सिंह, कमला शंकर, विवेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रमुख सुनीता ने नपा अध्यक्ष पद को लेकर पेश की दावेदारी

जनसंदेश न्यूज



सपा की बैठक में चेयरमैन पद के लिए दावेदारी पेश करतीं पूर्व प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य रही सुनीता यादव

**भदोही।** नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी दलों में गहमा गहमी तेज हो गई है। हलाकि अभी चुनाव की तारीख सामने नहीं आई है लेकिन उम्मीदवारी को लेकर दावेदार जुट गए हैं। समाजवादी पार्टी ने भी इस चुनाव को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। वही दूसरी तरफ जिले के भदोही नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद पर सपा की बैठक में सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख बाल विद्या विकास यादव की पत्नी व पूर्व प्रमुख व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रही सुनीता यादव ने दावेदारी पेश कर इस चुनाव को अभी से चर्चा में ला दिया है।

गौरतलब हो कि समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर नगर प्रत्याशी के आवेदनकताओं की भीड़ लगी रही। नगर निकाय चुनाव तैयारी को लेकर चली चर्चा में जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी का परचम फिर से लहराएगा। हमारे जांबाज कार्यकताओं की मेहनत और लगन से महसूस हो रहा है कि नगर के चुनाव के बाद 2024 लोकसभा की भी हुंकार भर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी नगरों से चेयरमैन व सभासद के लिये दर्जनों समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हेतु आवेदन आये हैं। जिसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ व शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर नाम तय कर प्रत्याशी की घोषणा किया जायेगा। वही नगर पालिका भदोही से चेयरमैन प्रत्याशी के लिए पूर्व प्रमुख पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव की पत्नी सुनीता यादव सहित दर्जनों लोगों ने आवेदन किया है। इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामला सरोज, पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, शोभनाथ यादव, हृदय नारायण प्रजापति, संतोष यादव, लालचंद बिंद, केशनारायण यादव, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा पप्पू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व दिवस का डिप्टी सीएमओ ने किया निरीक्षण

**सुरियावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां व सीएचसी भानीपुर का डिप्टी सीएमओ डॉ. बी. एन. सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर निरीक्षण किया।निरीक्षण में एसीएमओ ने कुल 36 महिलाओं से पूछताछ की। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष चतुवेर्दी व स्टॉप उपस्थित रहे। डॉ. बी. एन. सिंह ने बताया कि सीएचसी भानीपुर में भी निरीक्षण किया जिसमें 34 महिलाएं रही। कहा गया कि प्रत्येक माह के 9 तारीख को यह दिवस आयोजित होता है।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 209 जोड़े

## सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा सामूहिक विवाह में उपस्थित होकर दिया गया आशीर्वचन

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** शासन के अति महत्वांकाक्षी योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री के द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शादी सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी विकासखण्डो 209 जोड़े विवाह के बंधन में बंधकर सात फेरे लिए।सभी कार्यक्रम स्थलों पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया। विकासखण्ड ज्ञानपुर में तीस, भदोही में चौबीस, डीघ में उनतालीस, अभोली में बीस, औराई में चौवालीस, सुरियावां में बावन इस प्रकार कुल दो सौ नौ जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 137 अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग 66, सामान्य 02 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के चार जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। सांसद डॉ.रमेश चन्द बिंद, विधायक दीनानाथ भास्कर, विधायक विपुल दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुखगण, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारियों ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर नव युगल को नई पारी पर वर वधू को आशीर्वाद एवं शुभकामना दिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि शुभ विवाह पाणिग्रहण संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है जिसमें पति पत्नी एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं । यह सामूहिक विवाह समाज की समरसता एवं समरूपता का प्रतिफल है।

# नगर में यूनिट के हिसाब से गल्ला बंटवाना ही लक्ष्यः शफीक राइन

**भदोही।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र कजियाना वार्ड के पूर्व सभासद शफीक राइन इस बार सभासद पद का चुनाव वार्ड संख्या 28 जमुंद से लड़ेंगे। शुक्रवार पूर्व सभासद ने भेट वार्ता के दौरान बताया कि अभी वर्तमान कार्यकाल कजियाना वार्ड से हमारी पत्नी सभासद पद पर निर्वाचित हुई थी। जिनका कार्यकाल के बीच ही बीमारी के चलते निधन हो गया था और उससे पहले 2012 से 17 में सभासद निर्वाचित हुआ था। पूर्व सभासद ने कहा कि हमारे कार्यकाल में विकास कार्य तो हुआ लेकिन मै गरीबो को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से नियमानुसार खाद्य दिलाने में असमर्थ साबित हुआ था। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 जब से लागू हुआ तब से नगर में यूनिट से गल्ला नही बट रहा है। इसके लिए आंदोलन किया। हमारे ऊपर गम्भीर आरोपो में मुकदमा भी दर्ज हुआ। तमाम शिकायतो के बावजूद धांधली बंद नही हुआ। लेकिन हमने यह ठाना है कि गरीब जनता को मिलने वाला उनका हक उनको पूरा मिले। और इसी लिए मै सभासद पद पर चुनाव लड ? का मन बनाया है। जनता का आशीर्वाद मिलने पर तीन मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक समस्या समाधान न हो जाये। जिसमें मुख्य रूप से गरीबो को खाद्यान्न वितरण नियमानुसार हो, पीएम आवास योजना के लाभार्थी शत प्रतिशत लाभान्वित हो तथा जो सभासद निर्वाचित हो वो दूसरो के नाम पर ठेकेदारी से दूर रहे।

### आरक्षण ने बिगाड़ा दिग्गजों का खेल, पत्नी, भौजाई, बहू व मां को लड़ाने की जुगत में लगे

**गोपीगंज।** निकाय चुनाव आरक्षण ने दिग्गजों का समीकरण बिगाड़ कर रख दिया है। कोई पत्नी तो कोई भौजाई को कोई मां को लड़ाने की जुगत में लग गए है। नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्ड की आरक्षण सूची जारी होने के बाद चुनाव का समीकरण बदल गया। आरक्षण सूची जारी होने के बाद दिग्गजों की गणित गड़बड़ा गई है वहीं उनका खेल भी खराब हो गया है। लंबे वक्त से चेयरमैन या सभासद बनने का सपना देख रहे दावेदार अब मायूस हो गए हैं। अब लोग अपनी पत्नी मां, भौजाई के माध्यम से चुनावी जुगाड में लग गए हैं। इस नई आरक्षण सूची में कई सीटें महिला सीट कर दी गई है इनमें भाजपा से लड़ने वाले प्रत्यासी ज्यादा चिंतित है। गोपीगंज नगर पालिका सामान्य महिला हो गया है। अब सभी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के उम्मीदवार अपने सभासदी के लिए सुरक्षित वार्ड की तलाश में जुगत बनाने की फिराक में लग गए है। नगर में ज्यादा प्रत्याशी भाजपा के टिकट की होड़ में क?, बल, छल से टिकट पाने की होड़ में वरिष्ठ नेताओं की चौखट पर हाजिरी देने लगे है।

# यातायात नियमों के पालन के लिए दिलाई शपथ

आयोजन

**वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ यातायात नियम पालन शपथ ग्रहण समारोह**

**परिवहन नियमों के पालन में ही सभी सुरक्षित बोले डीएम**

जनसंदेश न्यूज



वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डीएम गौरांग राठी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते प्रबंधक पुनीत मेहरा

**भदोही।** सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह के अन्तर्गत शुक्रवार को वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने सुरक्षित यातायात व नियमों के पालन हेतु उपस्थित छात्र, छात्राओं, युवाओं व नागरिकों को शपथ दिलाई। आयोजित समारोह में यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूक करने सहित सडक हादसों में घायलों का जीवन बचाने उत्कृष्ट योगदान करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। सड़क दुर्घटना रोकने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सड़कों की खामी, ब्लैक स्पाट, उपचार व बचाव के संसाधन, प्रकाश की व्यवस्था आदि बिन्दुओं को आच्छादित किया गया। डीएम ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा की बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। बाइक या अन्य वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें।एसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि अगर मोबाइल पर बात करनी है तो वाहन को एक साइड में खड़ा कर मोबाइल पर बात करें। सड़क पार करते समय दोनों तरफ अच्छी तरह देख कर चलें। सड़क नियमों का पालन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने व सहभागिता में वुडवर्ड प्रबन्धक पुनीत मेहरा, प्रिंसिपल शालिनी मेहरा, एआरटीओ अरूण कुमार, शारदा मिश्र, अधिशासी अधिकारी भदोही जीलाल, उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक भदोही, इम्तियाज अहमद संदेश योगी, असलम महबूब सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता व जनता जनार्दन उपस्थित रहें।

# व्यापार मंडल ने छापेमारी का किया विरोध

जनसंदेश न्यूज



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारीगण

**जौनपुर।** उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के आह्वान पर जीएसटी यानी वाणिज्य कर विभाग द्वारा छापे के नाम पर व्यापारियों के उत्पीड़न पर रोक लगाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नामित ज्ञापन नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर शैलेंद्र कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से नगर अध्यक्ष ने छापे के नाम पर व्यापारी उत्पीड़न पर शीघ्र रोक लगाने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने कहा कि सर्वे छापे के वजह से एक ईमानदार व्यापारी अपने को ठगा महसूस करता है। व्यापारी पहले ही मंदी और महंगाई से परेशान है। प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर ने कहा कि जीएसटी विभाग उत्पीड़न पर उतर आया है। यदि इस पर रोक ना लगाई गई तो व्यापारी अपने व्यापार को बंद कर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का सहयोग करते हुए जन आंदोलन में शामिल होगा। ज्ञापन देने वालों में मुन्ना लाल अग्रहरी, अरशद कुरैशी, मनोज कुमार साहू, राकेश जायसवाल, अमर जौहरी, शाहिद मंसूरी, सतीश अग्रहरि, लोकेश साहू, आदि व्यापारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गन्ना समितियों में कार्यरत कार्मिकों का बढ़ा डीए

**जौनपुर।** उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि आयुक्त, गन्ना एवं चीनी/निबन्धक, सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियाँ उ.प्र. द्वारा प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं प्राधिकरणों में कार्यरत कार्मिकों के आर्थिक हितों में अभिवृद्धि करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए गन्ना समितियों के साथ-साथ जिला गन्ना सेवा प्राधिकरणों में भी बढ़ा हुआ डीए स्वीकृत कर दिया गया है। डीए कर्मचारियों को मंहगाई को ध्यान में रखते हुए उनके खर्चों को सहन करने में मदद करने के लिए दिया जाता है। आर्थिक रूप से मजबूत सातवें वेतनमान की समितियों के साथ-साथ छठें एवं पंचम वेतनमान की गन्ना समितियों एवं जिला गन्ना सेवा प्राधिकरणों में भी बढ़े हुए डीए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# कागज की गड्डी पकड़ा 10 हजार ले उड़े ठग

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** नगर में स्टेट बैंक की शाखा से रुपए निकाल कर जा रहे एक वृद्ध से जालसाजी का मामला सामने आया है। जालसाज वृद्ध को कागज की गड्डी थमाकर 10 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पश्चाताप की आग में जलता पीड़ित पुलिस को सूचना दिए बगैर हाथ मलते घर चला गया। जानकारी के मुताबिक खुटहन क्षेत्र के शेखपुर अशरफपुर गांव निवासी जंगीलाल प्रजापति गुरुवार को एसबीआई की शाखा से पैसा निकालने आए थे। उन्होंने अपने खाते से 10 हजार रुपए निकलवाया। जेब में पैसा रखने के बाद वह साइकिल से घर की तरफ जा रहे थे। थोड़ी दूर बाद प्राथमिक विद्यालय के पास एक जालसाज उन्हें रुकवा कर दो हजार रुपए का फुटकर मांगने लगा। फुटकर न होने से इनकार करने पर जालसाज गिड़गिड़ाने लगा। कहा कि मेरे पास दो-दो हजार की गड्डी है। बस का किराया देना है। बस का कंडक्टर दो हजार का फुटकर न होने की बात कहकर बस से उतार दिया। फिर ऊपर नीचे दो-दो हजार की नोट लगी एक कागज की गड्डी वृद्ध को पकड़ाते हुए फुटकर मांगने लगा तभी एक जालसाज और आ गया। पहले वाले जालसाज की पैरवी करते हुए कागज की गड्डी वृद्ध को दे दिया। कागज की गड्डी देते समय जालसाज ने गड्डी के ऊपर नीचे लगाई गई दो हजार की नोट भी निकाल लिया। दूसरे जालसाज ने कहा कि इसके पीछे कुछ लोग पड़े हैं। इसे फुटकर दे दीजिए, हम लोग हैं बाद में देख लिया जाएगा। जालसाजों के झांसे में आकर वृद्ध ने बैंक से निकाली गई 100-100 रुपए की दस हजार की गड्डी जालसाज को थमा दिया। थोड़ी देर बाद एक और जालसाज बाइक से पहुंचा। जब तक वृद्ध कुछ समझ पाता तीनों जालसाज बाइक से बारा गांव के रास्ते से फरार हो गए।

### शीतलहरी के दृष्टिगत जनहित के लिए जारी किए गए दिशा निर्देश

जौनपुर। जनपद में शीतलहरी के दृष्टिगत जनहित के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि शीतलहरी में क्या करें और क्या न करें। रेडियो अथवा टीवी के माध्यम से लगातार मौसम की जानकारी लेते रहें। नाक, कान, गले को ढक कर रखें, शीतलहर से बचाव हेतु किट तैयार रखें, कई परत वाले अथवा गर्म कपड़े पहने। कमरें को गर्म रखने के लिए जलावन अथवा लकड़ी को न जलायें इससे कमरें में धुंआ फैलने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। कोयले की अंगीठी/जलावन/हीटर का आदि का प्रयोग करते समय सावधानी का विशेष ध्यान रखें एवं कमरे की खिड़कियां खोलकर रखें ताकि अंगीठी/जलावन से उत्पन्न जहरीले धुंए से नुकसान न हो। घर के अन्दर सुरक्षित रहें। जब तक आवश्यक न हो घर से बाहर न निकलें। स्नान हेतु गर्म पानी का प्रयोग करें। विशेष परिस्थियों के लिए ईधन बचाकर रखें। शरीर को गर्म रखने हेतु पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। शरीर के अंगों के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरों, कान एवं सफेद या पीले रंग के दाग पड़ने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें।

# केक काटकर मनाया गया प्रजापति ब्रह्मकुमारी शाखा का वार्षिकोत्सव



**खेतासराय।** गोरारी स्थित प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा का सातवां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को केक काटकर श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। राज योग द्वारा स्वर्णिम भारत की स्थापना के उद्देश्य के साथ वक्ताओं ने चिंतन मनन किया। इस मौके पर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार विश्वकर्मा ने आश्रम का झंडारोहण किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का कर्म ही महान होता है। उसे उसके कर्मों का फल अवश्य मिलता है। बदलापुर से पधारी आरती दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव बाबा हैं। हम लोग उनकी शक्तियां हैं। आत्मा अजर अमर और अविनाशी है। इससे पहले प्रभारी वीके दीदी ने अतिथियों को पुष्प और बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय, अजीत गुप्ता, डा. जगदीश, डा. लाल बहादुर यादव, अभय मौर्य, नारायण, रूचि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता समिति चुनाव कार्यक्रम की हुई घोषणा

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति के चुनाव तिथि की घोषणा हो गई है। 16 दिसम्बर को नामांकन व 30 दिसम्बर को मतदान होगा। एल्डर्स कमेटी/चुनाव समिति की बैठक में निर्णय लिया है। तहसील परिसर में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। सभी पदों के भावी प्रत्याशी नामांकन की तैयारियों में जुट गये हैं।

चुनाव

**16 दिसंबर को नामांकन व 30 दिसम्बर को मतदान, सभी पदों के प्रत्याशी नामांकन की तैयारियों में जुटे**

अधिवक्ता भवन में शुक्रवार को एल्डर्स कमेटी/चुनाव समिति के सदस्यों केदारनाथ यादव, दिनेश चंद्र सिन्हा, आरपी सिंह, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास्तव की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से अधिवक्ता समिति चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई जिसमें मतदाता सूची का प्रकाशन 12 दिसम्बर, आपत्ति 13-14 दिसम्बर, आपत्ति का निस्तारण व अन्तिम सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को होगा। नामांकन 16-17 दिसंबर, नामांकन वापसी 19-20 दिसंबर, मतदान 30 दिसंबर 11 बजे से तीन बजे तक व मतगणना 3 बजे से परिणाम आने तक होगा।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

### गुजरात जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**चंदवक।** क्षेत्र के खुज्झी बाजार में राजेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा के लगातार सातवीं बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने को लेकर जश्न मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. नरसिंह बहादुर सिंह ने कहा कि यह जीत विकास व भाजपा के प्रति जनविश्वास की जीत है। इस जीत ने भाजपा कार्यकर्ताओं के दायित्व बोध को बढ़ा दिया है। सभी कार्यकर्ताओं को जनाकांक्षाओं पर खरा उतरना होगा। कार्यक्रम आयोजक राजेंद्र सिंह ने प्रचंड जीत पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप प्रजापति ने किया। जश्न में भाजपाइयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, रामशरण सिंह, देवेंद्र सिंह दादा, निरंजन यादव, डॉ. सुरेश सिंह, श्रीकांत सिंह, अनिल सिंह भिलाई, परमा पाल, मंडल अध्यक्ष थानागद्दी अनिल पांडेय, सुनील सिंह, पिंटू सिंह दादा, हिमांशु सिंह, धर्मेंद्र सिंह नखडू प्रधान रेहारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सैकड़ों साथियों के साथ ग्रहण की सपा की सदस्यता



माल्यार्पण कर सपा की सदस्यता ग्रहण करवाते जिलाध्यक्ष

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बसपा के वरिष्ठ नेता राजदेव यादव व उनकी पत्नी अमरावती यादव ने समाजवादी पार्टी में आस्था रखते हुए जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के समक्ष सैकड़ों साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी सदस्यता ग्रहण के बाद राजदेव यादव ने कहाकि बसपा अब एक दुकान की तरह हो गयी है उसमें कार्यकर्ताओं का कोई सम्मान नहीं रह गया है। वह दुकान की तरह है जो ज्यादा पैसा लेकर जाएगा उसी को सामान मिलेगा। बसपा में सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं का शोषण है इसलिए शोषित वंचित वर्ग लड़ाई लड़ना ही मेरा प्राथमिकता थी जिससे बसपा भटक गई है। अगर इस समय शोषित वंचित की लड़ाई कोई लड़ रहा है तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। इस मौके पर श्याम बहादुर पाल, हिसामुद्दीन शाह, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, शकील अहमद, महेंद्र यादव, मंजूर हसन, रियाज आलम आदि लोग उपस्थित रहे।

# कला-विज्ञान का प्रकृति के साथ सामंजस्य सुखी जीवन का आधार है : बिशप यूजीन

कार्यक्रम

**हैपी लाइफ प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रसन्न जीवन पर आधारित परियोजना प्रस्तुत किया**

जनसंदेश न्यूज



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती सेंट जॉन्स स्कूल की छात्राएं

**जौनपुर।** सेंट जॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में हैपी लाइफ विषय पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने सुखमय जीवन पर आधारित विभिन्न परियोजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरूआत वाराणसी धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप यूजीन जोसेफ के कर कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात बच्चों ने मनमोहक प्रार्थना नृत्य किया। ईश वंदना के बाद प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर द्वारा रचित गीत प्रकृति हमारी माँ पर आधारित सुंदर नृत्य बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस गीत को स्वर स्वयं फादर ने दिया था। चंचल सिंह एवं अंशू सोनी के दिशा निर्देशन में बच्चों ने क्रियात्मक कविता का पाठ किया। लिली पॉल के निर्देशन में बच्चों ने देशभक्ति गीत पर आधारित नृत्य किया। जजों ने विभिन्न मॉडलों को ध्यान पूर्वक परखा और निर्णय दिया। मुख्य अतिथि के रूप में बिशप यूजीन जोसेफ ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि कला एवं विज्ञान जब प्रकृति के अनुकूल होता है तो सुख देता है। संगीत, साहित्य, कला का हमारे जीवन को सुखमय बनाती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने समस्त अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगी कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अभिभावकों के अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हिमाचल में प्रतिभा सिंह ने क्यों खेला वीरभद्र कार्ड

*हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत ने रिवाज कायम रखा है और उसे एक प्रकार से संजीवनी मिली है क्योंकि दिल्ली के एमसीडी चुनाव और गुजरात विधान सभा में मिली बड़ी पराजय से मायूसी छा गई थी। जीत की मार्जिन भी अच्छी है और अब समस्या कांग्रेस के सामने मुख्यमंत्री चुनने की आ गई है। विचार और मंथन का दौर शुरू हो चुका है और साथ ही दावेदार इशारों में अपनी दावेदारी पेश करने लगे हैं। मामला हाईकमान के पास पहुंच गया है। याद रखिए पार्टी अध्यक्ष खड़गे भले ही हैं, पर गांधी परिवार ही फैसला लेगा। लेकिन पार्टी में कई नेताओं की दावेदारी के चलते बड़ा सवाल ये बना हुआ है कि इस पहाड़ी राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा।*

## बिछी बिसात

**फिलहाल सुखविंदर सुक्खू और मुकेश अग्निहोत्री भी दौड़ में**

**प्रेक्षकों के सामने असहज स्थिति का अंदेशा**

**फैसला हाईकमान के हिसाब से ही होना तय**





शुक्रवार को पर्यवेक्षकों और राज्य के चुनाव इंचार्ज के सामने प्रतिभा सिंह को सीएम बनाने के लिए उनके समर्थकों ने प्रदर्शन किया और दूसरी ओर सुक्खू ने कहा कि जिसने चुनाव जीतने में भूमिका निभाई और लड़े, उन्हीं में से सीएम बनाया जाए। खबरों के मुताबिक पार्टी की कोशिश ये होगी कि सभी विधायकों से बात करके एक सिंगल लाइन प्रस्ताव पार्टी आलाकमान को भेजा जाए, जिसके बाद आलाकमान नए मुख्यमंत्री के नाम पर अपनी अंतिम मुहर लगा सके। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हिमाचल कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला सहित कांग्रेस के सभी 40 जीते हुए विधायक मौजूद रहेंगे। ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस किसी भी गुटबाजी से बचने के लिए मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम बनाने का प्रस्ताव भी रख सकती है। चुनाव नतीजे आने से पहले कुछ ऐसे नाम थे जिन्हें मुख्यमंत्री पद की दौड़ में गिना जा रहा था। इनमें चम्बा से आशा कुमारी, मंडी से कौल सिंह ठाकुर और नैना देवी से राम लाल ठाकुर शामिल थे। लेकिन चुनाव में मिली हार के बाद ये सभी लोग मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर हो गए हैं। कांग्रेस आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती मुख्यमंत्री बनने की चाह रखने वाले बड़े नेताओं और बाकी विधायकों को साथ लेकर चलना है ताकि उसकी सरकार आंतरिक गुटबाजी की भेंट न चढ़ जाए।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के कद्दावर नेता और 6 बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के निधन के बाद राज्य कांग्रेस में एक खालीपन महसूस किया गया। वीरभद्र सिंह एक मंझे हुए राजनेता थे जो ऊपरी और निचले हिमाचल प्रदेश की राजनीति को संतुलित रखकर चलते थे। लेकिन हिमाचल कांग्रेस के आज के नेतृत्व की बात करें तो उसमें कोई भी ऐसा नेता नहीं दिखता जिसकी पूरे राज्य पर पकड़ हो। प्रतिभा सिंह फि लहाल हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं और साथ ही मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। वे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की धर्मपत्नी हैं। उन्होंने वीरभद्र सिंह की विरासत का आह्वान करते हुए कांग्रेस पार्टी का चुनावी कैंपेन चलाया और पार्टी का नेतृत्व किया। चुनाव के बाद उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह की विरासत और उनके परिवार की अनदेखी नहीं की जा सकती। वीरभद्र सिंह के राजपरिवार का पूरे हिमाचल में अच्छा खासा रुतबा रहा है और कांग्रेस पार्टी ने वीरभद्र सिंह की साख के आधार पर पार्टी को जीत का मुंह दिखाया है। कहा जा रहा है कि कम से कम 20 विधायक उनके अपने हैं।गौरतलब है कि प्रतिभा सिंह जिस शिमला ज़िले से आती हैं, वहां कांग्रेस ने 8 में से 7 सीटें जीती हैं। साथ ही माना जा रहा है कि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के ज्यादातर नजदीकी नेताओं का समर्थन हासिल है। इन सब वजहों से प्रतिभा सिंह की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को मजबूत माना जा रहा है। कांग्रेस की बड़ी चिंता ये है कि कई और दावेदारों के होते हुए, क्या प्रतिभा सिंह की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पार्टी के अन्य गुटों को स्वीकार्य होगी।

हिमाचल की राजनीतिक बिसात पर सुखविंदर सिंह सुक्खू को नजरंदाज करना भी थोड़ा मुश्किल है। चौथी बार विधायक बने 58 वर्षीय सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल कांग्रेस का ऐसा चेहरा हैं, जिन्होंने युवा उम्र से ही कांग्रेस के अलग-अलग पदों पर काम किया है। सुक्खू कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई के अध्यक्ष रहे और बाद में छोटा शिमला से पार्षद भी रहे। साल 2002 में उन्होंने अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। इस बार का चुनाव जीतकर वे चौथी बार विधानसभा पहुँचे हैं। सुक्खू साल 2013 से 2019 तक हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें हिमाचल में कांग्रेस का एक ऐसा बड़ा जमीनी नेता माना जाता है जिसकी हिमाचल के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकताओं के बीच अच्छी पकड़ है। सुक्खू के बारे में माना जाता है कि वे हमेशा से ही वीरभद्र सिंह के खिलाफ अपनी राजनीति करते रहे। और यही वजह है कि वीरभद्र सिंह के वफादार लोग जो अब प्रतिभा सिंह के साथ हैं, वे उनके साथ उतनी सहजता से खड़े नहीं हो पाते हैं। सुक्खू जब पार्टी अध्यक्ष थे तो उस समय के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से लगातार सीधी टक्कर लेते रहे। माना जाता है कि सुक्खू के गुट में वो सभी लोग थे जो किसी न किसी वजह से वीरभद्र सिंह से नाराज थे। मौजूदा जीते हुए 40 विधायकों में से करीब 10 से 12 विधायक सुक्खू गुट के हैं।पत्रकारिता के पेशे से राजनीति में आए मुकेश अग्निहोत्री कांग्रेस की दूसरी पीढ़ी के कद्दावर नेताओं में माने जाते हैं। वे हमेशा वीरभद्र सिंह के सबसे करीबी नेताओं में से एक रहे हैं।

पिछली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे 60 वर्षीय मुकेश अग्निहोत्री लगातार पाँचवीं बार विधायक बने है। वे लोअर हिमाचल के ऊना ज़िले से आते हैं। पांच बार विधायक बनने के बाद मुकेश अग्निहोत्री को अब कांग्रेस की दूसरी पीढ़ी के बड़े नेताओं में गिना जरूर जाता है लेकिन ये भी माना जाता है कि हिमाचल के जमीनी कार्यकताओं पर उनकी पकड़ अभी उतनी मजबूत नहीं है जितनी सुखविंदर सिंह सुक्खू की। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने की रेस में राज्य के काँगड़ा ज़िले के धर्मशाला से चौथी बार जीत कर आये विधायक सुधीर शर्मा का नाम भी लिया जा रहा है।

50 वर्षीय सुधीर शर्मा कांग्रेस के जाने माने नेता रहे स्वर्गीय पंडित संत राम शर्मा के पुत्र हैं। वे कांग्रेस का एक नामी ब्राह्मण चेहरा भी है और उस काँगड़ा ज़िले से आते हैं, जहाँ राज्य में सबसे ज्यादा 15 विधानसभा सीटें है। काँगड़ा ज़िले से आज तक कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री नहीं बना है। चुनावों के दौरान ये चर्चा का विषय था कि क्या कांग्रेस काँगड़ा को अपनी पार्टी से पहला मुख्यमंत्री देगी। युवाओं में लोकप्रिय सुधीर शर्मा हिमाचल में अपनी साफ छवि और विकास कार्यों के लिए उनके विजन के लिए जाने जाते हैं। तीन चेहरे प्रबल दावेदारों में जरूर आगे हैं, लेकिन लगातार पाँच बार चुनाव जीत चुके मुकेश अग्निहोत्री को उनके बेहतर काम का फायदा मिल सकता है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर अग्निहोत्री जयराम ठाकुर सरकार को सदन के अंदर और बाहर कड़ी चुनौती देते रहे और ये बात उनके पक्ष में जा सकती है। साथ ही उनके पास साल 2012-17 तक मंत्री रहने का तजुर्बा भी है. डॉ शशि भूषण का मानना है कि अगर तीनों मुख्य दावेदारों में से किसी पर भी सहमति नहीं बनी तो सुधीर शर्मा की दावेदारी भी मजबूत हो सकती है। वैसे कांग्रेस हिमाचल में किसी भी सूरत में वीरभद्र की विरासत को छोड़ना नहीं चाहेगी और ऐसे में वो प्रतिभा सिंह के पुत्र और दूसरी बार विधायक बने विक्रमादित्य सिंह को कैबिनेट में अच्छा प्रोफाइल देकर भी मना सकती हैं।

कांग्रेस की जीत के बाद शिमला में आयोजित प्रतिभा सिंह की प्रेस कांफ्रेंस में इसकी एक झलक तब मिली जब मुख्यमंत्री के सवाल पर उन्होने सीधे तौर पर कोई दावा तो नहीं किया लेकिन बार-बार पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की विरासत का ज़िक्र करती दिखीं। लेकिन वे उस हमीरपुर ज़िले से आते हैं, जहाँ से दो बार प्रेम कुमार धूमल हिमाचल के मुख्यमंत्री रहे हैं और उनके बेटे अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री. ऐसे में वहाँ से कांग्रेस के 5 में से 4 विधायक और एक कांग्रेस के बागी का जीत कर आना सुक्खू की ताकत को दिखता है। मुकेश अग्निहोत्री और सुधीर शर्मा दोनों ही शुरू से वीरभद्र सिंह के वफादार माने जाते रहे हैं. लेकिन वीरभद्र सिंह के गुजर जाने के बाद जहाँ सुधीर शर्मा वीरभद्र सिंह के परिवार के साथ ही खड़े रहे, वहीं मुकेश अग्निहोत्री के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राज्य की सियासत और कांग्रेस में उनका कद बढ़ गया।

बहरहाल ये स्पष्ट है कि 68 सीटों वाली हिमाचल प्रदेश विधान सभा में 40 सीटें जीत कर आने के बावजूद कांग्रेस के सामने सबसे पहली चुनौती अगला मुख्यमंत्री तय करने की ही है. ये देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी किस तरह इन अलग-अलग दावेदारों और उनके समर्थकों के गुटों के बीच सामंजस्य बना पाती है। वैसे हिमाचल में राजपूत ही सीएम बनता रहा है, केवल सांता कुमार को छोड़कर। इसका कारण यह है कि आबादी में 37 फीसदी इनकी तादाद है।

# गुजरात और हिमाचल : महिला कैंडिडेट्स का कितना दम दिखा?

## जीतीं गईं सीटों पर महिलाओं की संख्या कम दिखी

## कई महिला उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा



गुजरात में जहां बीजेपी का सातवीं बार कमल का फूल खिला वहीं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के पंजे ने जीत दर्ज कर बीजेपी को पीछे धकेल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में तीस से ज्यादा रैलियां की और गृह मंत्री अमित शाह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी धुंआधार रैलियां की. वहीं कांग्रेस की तरफ से पार्टी के नेता राहुल गांधी ने बमुश्किल दो रैलियां कीं। इन चुनावों में आम आदमी पार्टी ने दूसरी बार कदम रखा था और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी खूब प्रचार प्रसार किया. इतना ही नहीं उन्होंने लिखित में दावा भी किया था कि पार्टी वहां सरकार बनाएंगी। दिल्ली में हुए नगर निगम के चुनाव में तो आप जीत गई लेकिन गुजरात में वो पांच सीट ही जीत पाई। इन चुनाव में अलग- अलग पार्टियों ने कुल 40 महिला उम्मीदवारो को मैदान में उतारा था. जहां बीजेपी की 17 में से 14 महिलाओं ने जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकुर ने जीत हासिल की। नरोदा सीट से डॉक्टर पायल कुकरानी ने चुनाव जीत लिया। वे पेशे से डॉक्टर है और उन्हें मौजूदा विधायक की टिकट काट कर प्रत्याशी बनाया गया था और ये उनका पहला चुनाव था। पायल के पिता मनोज कुकरानी नारोदा पाटिया 2002 के दंगों में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं हालांकि इन चुनाव के दौरान वे स्वास्थ्य कारणों की वजह से जमानत पर बाहर थे। ये इलाका बीजेपी का गढ़ माना जाता है और ऐसे में उनका जीतना तय था साथ ही वे पढ़ी लिखी भी हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि लोग उन्हें जानते थे लेकिन जानकार बताते हैं कि लोगों और पार्टी के भीतर पायल के प्रति संवेदनाएं थी इसलिए उन्हें टिकट दिया गया और पार्टी का ये दांव चल भी गया। जामनगर नॉर्थ सीट से ऑल राउंडर क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा ने चुनाव लड़ा था। रिवाबा अक्सर जामनगर के राजनैतिक कार्यक्रमों में देखी जाती रही है और वो सौराष्ट्र करणी क्षत्रिय सेना की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। रिवाबा जडेजा के खिलाफ कांग्रेस पार्टी से उनके ससुर अनिरुद्ध सिंह जडेजा ने चुनाव लड़ा था।

उन्होंने कहा कि वो स्वयं को प्रत्याशी के तौर पर नहीं देख रही थीं लेकिन जिन लोगों ने उन्हें स्वीकार किया और पार्टी के कार्यकताओं ने उनके लिए मेहनत की वो उन सब का शुक्रिया करती हैं। ये उनकी नहीं सब की जीत है और वो उन्हें की क्रेडिट देती हैं। साथ ही उनका कहना था, जो विकास का मॉडल है उसी पर आगे बढ़ना है और मेरे साथ जो जीत कर आए है उन सब का यही मंत्र रहेगा।

जानकारों का कहना है कि रिवाबा के पति एक जाने-माने क्रिकेटर हैं इसलिए उन्हें बीजेपी की तरफ से टिकट दिया गया। ऐसा नहीं है कि उनकी काबलियत नहीं है लेकिन उनके पति अगर क्रिकेटर नहीं होते तो क्या उन्हें टिकट मिलता? जब हम उस इलाके में वोटरों का मन टटोलते थे तो समझ में आता था कि लोगों के बीच में वो एक सेलिब्रेटी हैं और लोग उन्हें जानते हैं और इसका लाभ भी उन्हें मिला। बीजेपी की कंचनाबेन वीनूभाई ने ठक्करबपा नगर से चुनाव जीता है। वे कार्यकताओं के साथ लंबे समय से जुड़ी रही हैं हालांकि पाटीदार आंदोलन के साथ वे जुड़ी हुई नहीं दिखाई दी लेकिन हर दल ने पाटीदार समुदाय को अहमियत दी है और ये फैक्टर उनके लिए भी काम कर गया।

असरवा सीट से बीजेपी की दर्शना वाघेला ने चुनाव जीता है। ये एक आरक्षित सीट है, वे अहमदाबाद म्यूनसिपल कॉर्पोरेशन की चुनाव भी जीत चुकी हैं। इस बार आंकडे बताते हैं कि महिलाओं ने पिछली बार से ज्यादा वोट दिया है। बीजेपी को लेकर महिलाओं में झुकाव रहा है ऐसे में महिलाओं को वोट देना काम किया है। वाव से कांग्रेस की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकुर ने चुनाव जीत लिया है। वे पार्टी की तेजतर्रार नेताओं में गिनी जाती हैं और पिछली बार यानी साल 2017 में इसी सीट से चुनाव जीती थीं। वाव विधानसभा क्षेत्र पर ठाकुर और चौधरी का वर्चस्व माना जाता है। बताया जाता है कि चौधरी समाज जहां बीजेपी का समर्थन करता है वहीं कांग्रेस की ठाकुर वोटबैंक पर मजबूत पकड़ है।

हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां कुल 68 सीटों पर 24 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। हालांकि बीजेपी का गुजरात के मुकाबले राज्य में प्रदर्शन फीका रहा. यहां भी बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने रैलियां की लेकिन कांग्रेस की बात की जाए तो पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने तो राज्य का दौरा किया लेकिन राहुल गांधी नदारद रहे। यहां साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में चार महिलाओं को जीत मिली थी और पांचवी महिला विधायक साल 2019 में हुए उपचुनाव में जीत कर आई थीं। इस चुनाव में बीजेपी ने छह, कांग्रेस ने तीन और आप ने छह महिलाओं को मैदान में उतारा था। यहां की पच्छाद सीट से बीजेपी की नेता रीना कश्यप ने चुनाव जीता है. उन्होंने साल 2019 में उपचुनाव पहली बार लड़ा था। वैसे महिला उम्मीदवारों के खिलाफ एंटी इन्कैमबंसी फैक्टर ने काम किया। वहीं इन महिलाओं में कुछ ऐसे चेहरे थे जो नए थे ऐसे में वोटरों के लिए उन पर भरोसा न दिखाना भी वोट न देने का कारण बना। हिमाचल में बीजेपी ने महिला वोटरों को रिझाने के लिए 'नारी को नमन' नाम की स्कीम भी निकाली और कांग्रेस और आप ने भी कई वादे किए। प्रदेश में महिलाएं काफी बढ़चढ़ कर मतदान में हिस्सा लेती हैं लेकिन जब महिलाओ उम्मीदवारों को टिकट देने की बारी आती है तो सियासी पार्टियां पीछे हट जाती हैं।

# पोस्टर नहीं लगाऊंगा, चाय नहीं पिलाऊंगा, पांच लाख से जीतूंगा

गुजरात और हिमाचल के चुनाव परिणामों के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने कहा कि हम अगले चुनावों में न तो पोस्टर लगाएंगे, न ही चाय पानी का खर्च देंगे फिर भी जनता हमें वोट देगी। एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मैं भी राजनेता हूं, लोकसभा चुनाव लड़ता हूं। अभी 3.5 लाख वोट से आया हूं अगली बार 5 लाख से आऊंगा। उन्होंने कहा कि ये मेरा अहंकार नहीं है, काम के बदले ऐसा करूंगा। भाजपा नेता ने आगे कहा, जनता मालिक है, मैं ट्रस्टी हूं। देश के लिए काम होना चाहिए। मैं कोई साधु-सन्यासी नहीं हूं। पहले अपना घर देखता हूं, अपना परिवार देखता हूं और फिर समाज के लिए और देश के लिए काम करता हूं। नितिन गडकरी ने आगे कहा, मैंने लोगों को बोल दिया है पोस्टर नहीं लगाऊंगा, बैनर नहीं लगाऊंगा, चाय नहीं पिलाऊंगा, नाश्ता नहीं कराऊंगा, तुमको वोट देना है तो दो। मैं कोई आमिष दिखाकर वोट नहीं लेना चाहता। मैंने काम किया है, उसके ऊपर मुझे वोट मिलेंगे। हिंदू-मुसलमान सब वोट देंगे। भाजपा नेता ने कहा, मैं अभी मुसलमानों के एक कार्यक्रम में गया था वहां मैंने कहा कि मैं आरएसएस वाला हूं, बाद में पछतावा नहीं करना है। उन्होंने आगे कहा कि सब मेरे साथ हैं क्योंकि मैंने काम में कोई भेदभाव नहीं किया है।

**बोले गडकरी**

**एक कार्यक्रम में कहा, मैंने जाति-धर्म से परे हटकर विकास का काम किया है और उसी के बल पर लोग मुझे चुनेंगे**



वहीं, गुजरात में बीजेपी की प्रचंड जीत का कारण बताते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि हम जब सत्ता में होते हैं तो विकास की राजनीति करते हैं। अच्छे रोड, पानी, बिजली, ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन, कृषि, मेडिकल हेल्थ, एजुकेशन हर जगह पर हमने रिकॉर्ड बनाए हैं। गुजरात की जनता को विकास देखने को मिला, इसी के कारण गुजरात की जनता हमें वहां लगातार 27 साल से सत्ता में ला रही है। यही कारण है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गुजरात की जनता ने हमें समर्थन दिया। दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि हिमाचल की हार में हमारे और कांग्रेस के वोटों का अंतर बहुत कम रहा। मैं ये ही कहूंगा कि नसीब ने हमारा साथ नहीं दिया। 1-2 प्रतिशत ज्यादा वोट मिलता तो हमारी सत्ता आ जाती।

# कॉलेजियम पर सरकार और सुप्रीम कोर्ट की क्या है रस्साकशी

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ समय से टकराव गहराता दिख रहा है, खास तौर पर केंद्रीय कानून मंत्री के उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कॉलेजियम सिस्टम को लेकर गंभीर सवाल उठाए । कॉलेजियम सिस्टम वह प्रक्रिया है जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति और तबादले किए जाते हैं। कॉलेजियम शब्द सुनने में तकनीकी लग सकता है, लेकिन इसे समझना इसलिए जरूरी है क्योंकि इसी से तय होगा है कि आपके यानी आम नागरिक के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने वाली संस्था न्यायपालिका को कौन और कैसे चलाएगा। ताजा बहस तब शुरू हुई जब 25 नवंबर को केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जजों की नियुक्ति करने की पूरी प्रक्रिया को ही 'संविधान से परे' या एलियन बता दिया। केंद्रीय कानून मंत्री ने याद दिलाने की कोशिश की कि सुप्रीम कोर्ट ने अपनी समझ और कोर्ट के ही आदेशों को आधार बनाते हुए कॉलेजियम बनाया है। उन्होंने पूछा, आप ही बताइए कि कॉलेजियम सिस्टम का संविधान में कहाँ ज़िक्र है? केंद्रीय कानून मंत्री की यह बात दुरुस्त है कि संविधान में कॉलेजियम का कहीं ज़िक्र नहीं है। ऐसे में यह समझने की जरूरत है कॉलेजियम व्यवस्था क्या है, वह कैसे काम करती है, उसको लेकर सरकार की आपत्तियां क्या हैं, सरकार उसके बदले कैसी व्यवस्था चाहती है, और सरकार की पसंद वाली व्यवस्था की क्या खामियां हो सकती हैं? बीते लंबे वक़्त से यह बहस समय-समय पर उठती रहती है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जज चुने जाने की प्रक्रिया में भयंकर भाई-भतीजावाद है जिसे न्यायपालिका में अंकल कल्चर कहते है, यानी ऐसे लोगों को जज चुने जाने की संभावना ज्यादा होती है जिनकी जान-पहचान के लोग पहले से ही न्यायपालिका में ऊँचे पदों पर हैं।



**हाल में केंद्रीय कानून मंत्री रिजिजू ने कॉलेजियम सिस्टम पर उठाए थे सवाल**

कॉलेजियम भारत के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जजों का एक समूह है, ये पांच लोग मिलकर तय करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में कौन जज होगा। ये नियुक्तियाँ हाई कोर्ट से की जाती हैं और सीधे तौर पर भी किसी अनुभवी वकील को भी हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया जा सकता है। हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति भी कॉलेजियम की सलाह से होती है जिसमें सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और राज्य के राज्यपाल शामिल होते हैं। कॉलेजियम बहुत पुराना सिस्टम नहीं है और इसके अस्तित्व में आने के लिए सुप्रीम कोर्ट के तीन फैसले ज़िम्मेदार हैं जिन्हें 'जजेस केस' के नाम से जाना जाता है। पहला केस 1981 का है जिसे एसपी गुप्ता केस नाम से भी जाना जाता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति के लिए चीफ जस्टिस के पास एकाधिकार नहीं होना चाहिए और इस बात की ओर इशारा किया गया कि इसमें सरकार की भी भूमिका होनी चाहिए। 1993 में दूसरे केस में नौ जजों की एक बेंच ने कहा कि जजों की नियुक्तियों में चीफ जस्टिस की राय को बाकी लोगों की राय के ऊपर तरजीह दी जाए। और फिर 1998 में तीसरे केस में सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम का आकार बड़ा करते हुए इसे पाँच जजों का एक समूह बना दिया। सरकार और न्यायपालिका के बीच तनातनी की शुरूआत साल 2014 से होती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब देश में एनडीएन सरकार बनी तो केंद्र सरकार साल 2014 में ही संविधान में 99वाँ संशोधन करके नेशनल ज्यूडिशियल अप्वाइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) अधिनियम लेकर आई। इसमें सरकार ने कहा कि चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट- हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की जगह अब एनजेएसी के प्रावधानों के तहत काम हो। इस कमीशन में छह लोगों को सदस्य बनाने का प्रावधान किया गया है।